दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल
बिलासपुर, गुरुवार, 26 मार्च 2026 शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-11 अंक- 334 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

लाल आतंक पर भारी पड़ी किताबें, खामोश पड़े 123 स्कूलों में फिर गूंजी बच्चों की किलकारियां

पवन शाहा/सुकमा

कभी नक्सल भय और हिंसा की छाया में सिमटा सुकमा जिला अब शिक्षा के उजाले से नई पहचान गढ़ रहा है। जिन इलाकों में कभी सन्नाटा और दहशत पसरी रहती थी, वहां अब स्कूलों में बच्चों की चहल-पहल और कक्षाओं की रौनक लौट आई है। शासन के ताजा आंकड़े इस बदलाव की सशक्त कहानी बयां कर रहे हैं। नियद नेल्लानार ने नक्सल अंचल में ज्ञान की नई रोशनी फैलाई है। वर्ष 2006 में नक्सल प्रभाव ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पहले

अब

■ नियद नेल्लानार' से नक्सल अंचल में ज्ञान की नई रोशनी, गांव-गांव

पोटाकेबिनों में एआई शिक्षा की क्रांति

नक्सल प्रभावित वनांचल क्षेत्रों के पोटाकेबिन विद्यालयों में अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित शिक्षा शुरू हो गई है। जिला प्रशासन की इस अभिनव पहल का उद्देश्य बच्चों को डिजिटल युग के अनुरूप 'फ्यूचर रेडी' बनाना है।

सुदूर वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। हमारा उद्देश्य केवल उन्हें शिक्षित करना नहीं, बल्कि उन्हें डिजिटल युग के अनुरूप 'फ्यूचर रेडी' बनाना है। एआई आधारित शिक्षा के माध्यम से बच्चों में नई तकनीकी समझ विकसित होगी, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भाग ले सकेंगे। यह पहल उनके उज्ज्वल भविष्य और बेहतर रोजगार के अवसरों के द्वार खोलेगी।

- अमित कुमार, कलेक्टर, सुकमा

नव प्रदेश विशेष

आस्था, प्रकृति और रोमांच का संगम बनेगा भोरमदेव अप्रैल से जंगल सफारी, करियाआमा से होगी शुरुआत

जितेन्द्र नामदेव/ कवर्धा

कबीरधाम जिले का भोरमदेव अभ्यारण्य अब प्रकृति प्रेमियों और साहसिक पर्यटन के शौकीनों के लिए एक नए अनुभव का केंद्र बनने जा रहा है। जंगल सफारी शुरू होने के बाद भोरमदेव आने वाले श्रद्धालु मंदिर दर्शन के साथ वन्यजीवन का रोमांच भी महसूस कर सकेंगे। यह पहल भोरमदेव को छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों में स्थापित करने ■ शेष पृष्ठ 8 पर



■ भोरमदेव अभ्यारण्य में खुलने जा रहा रोमांच का नया द्वार

वन्यजीवों से भरा क्षेत्र, हर पल नया अनुभव

भोरमदेव अभ्यारण्य जैव विविधता से समृद्ध क्षेत्र है, जहां बाघ, तेंदुआ, गौर, चीतल, सांभर, भालू और जंगली सुअर जैसे वन्यजीव पाए जाते हैं। सफारी के दौरान इन प्राणियों को उनके प्राकृतिक परिवेश में देखना पर्यटकों के लिए खास आकर्षण होगा। साथ ही पक्षियों और तितलियों की विविधता इस अनुभव को और खास बनाएगी।

जंगल से जुड़ाव ही वन संरक्षण की असली ताकत

भोरमदेव अभ्यारण्य हमारी अमूल्य प्राकृतिक धरोहर है। जंगल सफारी का उद्देश्य केवल पर्यटन को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि लोगों को प्रकृति और वन्यजीवों के करीब लाना है। नियंत्रित प्रवेश, सुरक्षा व्यवस्था और स्थानीय सहभागिता के जरिए इस पहल को संतुलित और दीर्घकालिक बनाया जा रहा है, ताकि पर्यटन के साथ संरक्षण भी मजबूत हो।

- निखिल अग्रवाल, डीएफओ, कबीरधाम

आज बेबाक

खुद को तुर्रम खां समझने वाले टपोरी डोनाल्ड ट्रंप की सारी हेकड़ी निकल गई। उसके एकतरफा सीजफायर के एलान के बावजूद ईरान दे दनादन इजराइल और खाड़ी देशों पर बम बरसा रहा है। नतीजतन ईरान को बातचीत की टेबल पर लाने के लिए ट्रंप भारत शरणं गच्छामि हुआ है। उसने भारतीय पीएम मोदी से मध्यस्थता करने की गुहार लगाई है। ये है भारत की ताकत। इधर हमारे देश का फेलवर विपक्ष भारत की विदेश नीति को फेल बता रहा है। गाली वाली बाई गाल बजा रही है कि - भारत को पाकिस्तान की विदेश नीति से सीख लेनी चाहिए। हा..हा.. हा..।

बलरामपुर जिले के ज्वेलरी शॉप में 10 लाख की चोरी

बलरामपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर क्षेत्र में एक ज्वेलरी दुकान में 10 लाख की चोरी हो गई है। मुख्य बाजार स्थित सराफा दुकान से अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात पार कर दिए। चोर देर रात दुकान के पीछे या साइड की दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसे। इसके बाद उन्होंने दुकान में रखे कीमती सोने-चांदी के आभूषणों को समेटा और मौके से फरार हो गए। चोरी के तरीके से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि चोरों ने वारदात को अंजाम देने से पहले दुकान की रेकी की थी। चोरी का खुलासा तब हुआ, जब सुबह दुकान संचालक दुकान खोलने पहुंचे।

ट्रंप के समझौते के दावे पर ईरान ने कहा- अमेरिका के पास ताकत होती तो जीत चुका होता

अमेरिका ने ईरान को युद्ध विराम करने भेजी 15 सूत्रीय योजना

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से ईरान को 15 सूत्रीय प्रस्ताव दिया है जो 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे महत्वपूर्ण राजनयिक पहल हो सकती है। हालांकि ईरान ने किसी भी प्रकार की बातचीत होने से स्पष्ट इनकार किया है।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह प्रस्ताव पाकिस्तान में मध्यस्थों के माध्यम से भेजा गया था। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने भी इस मामले से परिचित सूत्रों के हवाले से इस योजना की पुष्टि की है। लगभग चार सप्ताह पहले ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के अंतर्गत अमेरिका और इज़रायल द्वारा ईरान पर किए गए संयुक्त हमलों के बाद बढ़ते संघर्ष के बीच यह राजनयिक प्रयास किया जा रहा है। इसके जवाब में, ईरान ने इज़रायली शहरों पर लगातार मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है और होर्मुज़ जलडमरूमध्य से पश्चिमी देशों से जुड़े जहाजों के आवागमन को प्रभावी रूप से प्रतिबंधित किया है।

इस बीच, ईरान और लेबनान पर इज़रायल के हमले जारी हैं और तेल अवीव के चैनल 12 ने प्रस्ताव के प्रमुख बिंदुओं की रिपोर्ट दी, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पश्चिम एशिया संकट पर सर्वदलीय बैठक

नई दिल्ली/ए.। पश्चिम एशिया में जारी तनावपूर्ण हालात को लेकर केंद्र सरकार ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक की। बैठक में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति से जुड़े सभी प्रमुख मंत्री शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी शामिल हुए। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी बैठक में मौजूद हैं। सरकार इस बैठक के जरिए सभी दलों को मौजूदा स्थिति से अवगत करा रही है। बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिस्री प्रतिभागियों के सामने

विस्तृत प्रस्तुति देने वाले हैं, जिसमें पश्चिम एशिया के हालात, भारत के हित और सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर जानकारी दी जाएगी। विपक्ष की ओर से कांग्रेस के तारिक अनवर और मुकुल वासनिक, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव और बीजद के सस्मित पात्रा शामिल हुए हैं। जबकि जेडीयू से ललन सिंह और संजय झा बैठक में पहुंचे हैं। सूत्रों के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस ने बैठक से दूरी बनाई है और राहुल गांधी भी इसमें शामिल नहीं हुए हैं। बैठक में मौजूदा हालात और भारत की रणनीति पर चर्चा हो रही है। बैठक में भारत की रणनीति, नागरिकों की सुरक्षा और आगे की कूटनीतिक पहल पर चर्चा की जा रही है।

होर्मुज संकट की आड़ में हिंद महासागर में बढ़ा चीनी जहाजों का जमावड़ा

नई दिल्ली/ए.। पूरी दुनिया का ध्यान इस समय होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी तनाव और तेल आपूर्ति पर टिका है, लेकिन इसी बीच चीन ने बेहद चतुराई से भारतीय समुद्री सीमा के पास अपनी सक्रियता को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। रक्षा विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि चीन का एक और अत्याधुनिक 'अनुसंधान' जहाज 'शी यान 6' हिंद महासागर क्षेत्र में प्रवेश कर चुका है। यह इस क्षेत्र में सक्रिय चीन का तीसरा बड़ा जहाज है, जो भारत की समुद्री सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती पेश कर रहा है।

भारत में ईंधन का कोई संकट नहीं : सरकार

नई दिल्ली (वार्ता)। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों के बीच केन्द्र और राज्य संचालित तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि भारत में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। पिछले 48 घंटों के दौरान पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बाधित होने की अफवाहें तेजी से फैलीं, जिससे देश के कुछ हिस्सों में लोगों में चिंताएं बढ़ी और कुछ पेट्रोल पंपों पर भीड़ देखी गई। हालांकि अधिकारियों ने इन आशंकाओं को पूरी तरह निराधार बताया और कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद भारत की ईंधन सुरक्षा मजबूत बनी हुई है।

अमेरिका से बातचीत में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस हो मुख्य वार्ताकार : ईरान

तेहरान (वार्ता)। ईरान ने अमेरिका से कहा है कि वह विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दामाद जैरेड कुशनर के बजाय उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ बातचीत करना पसंद करता है। सीएनएन प्रसारक की रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आयी है। सीएनएन के अनुसार ईरान ने अमेरिकी-इजरायली सैन्य अभियान शुरू होने से पहले हुई पिछली बातचीतों की विफलता को लेकर श्री विटकॉफ और श्री कुशनर पर अविश्वास जताया। रिपोर्ट्स के मुताबिक उपराष्ट्रपति वेंस को ईरान एक ऐसे राजनेता के रूप में देखता है।

खल्लारी हादसा : पीसीसी जांच दल ने पाया केबल के अंदर नायलॉन रस्सी

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में स्थित प्रसिद्ध खल्लारी माता मंदिर में हुए रोपवे हादसे की जांच के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) द्वारा गठित 6 सदस्यीय दल ने बुधवार को घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच दल ने हादसे की मुख्य वजह रोपवे संचालन में गंभीर खामियां बताई हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर गठित इस जांच दल का नेतृत्व खल्लारी विधायक एवं कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने किया। टीम में सरायपाली विधायक चातुरी नंद, पूर्व प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला और प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष केशव चंद्राकर शामिल थे।

CGPSC सिलेक्टेड कैंडिडेट्स को देनी होगी जॉइनिंग : सुको

■ छत्तीसगढ़ सरकार की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज, हाईकोर्ट के नियुक्ति आदेश को सही ठहराया

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) भर्ती 2021 में चयनित उम्मीदवारों को अब राज्य सरकार को जॉइनिंग देनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य शासन की विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दी है।

सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति देने के हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराया है। दरअसल, सीजीपीएससी -2021 में गड़बड़ी सामने आने के बाद राज्य शासन ने सीबीआई जांच की घोषणा की थी। सीबीआई इस केस की जांच कर रही है। जबकि, एग्जाम में सिलेक्टेड उम्मीदवारों को राज्य शासन ने जांच का हवाला देकर नियुक्ति आदेश नहीं दिया है। इससे परेशान होकर डिप्टी कलेक्टर और डीएसपी के पद पर चयनित उम्मीदवारों ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बस्तर में लाल आतंक की टूटी कमर

■ नक्सली लीडर पापा राव ने 17 साथियों के साथ किया आत्मसमर्पण

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में बुधवार 25 मार्च सबसे बड़ा दिन साबित हुआ। बस्तर में बचे आखरी बड़े कैडर का नक्सली पापा राव ने जगदलपुर में अपने साथियों के साथ सरेंडर कर दिया। इनमें 8 महिला नक्सली समेत 10 पुरुष नक्सलियों ने सरेंडर किया। नक्सलियों ने एके-47 सहित 12 हथियार, कारतूस और कैश के साथ सरेंडर किया। पुलिस महानिदेशक अरुण गौतम ने संविधान की प्रतियां देकर उनका स्वागत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का बड़ा दावा

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने इस घटना को ऐतिहासिक और निर्णायक बताते हुए कहा कि अब तकनीकी रूप से माओवाद का पूरा नेतृत्व समाप्त हो चुका है। बस्तर में अब केवल 40-45 नक्सली ही बचे हैं, जो जल्द ही मुख्यधारा में आ जाएंगे। हमारा लक्ष्य 31 मार्च 2026 तक पूरे प्रदेश से नक्सलवाद का पूर्ण खात्मा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की दृढ़ इच्छाशक्ति और संकल्प के अनुरूप 31 मार्च तक नक्सलवाद के पूर्ण उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित है। इसी क्रम में कुख्यात नक्सली कमांडर पापा राव का समय रहते अपने साथियों के साथ आत्मसमर्पण करना एक सार्थक कदम है।

- विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

गरमा-गरम

सौगात: 4.95 लाख से अधिक भूमिहीन कृषकों के खातों में 495 करोड़ रुपये ट्रांसफर

भूमिहीन कृषि श्रमिकों की नवरात्रि हुई समृद्धः साय

■ सुशासन सरकार की सतत पहल से किसान, मजदूर और महिलाओं को मिल रहा मजबूत आर्थिक संबल

रायपुर/नवप्रदेश। किसानों की खुशियों भरी होली के बाद अब भूमिहीन कृषि श्रमिकों के लिए भी यह नवरात्रि समृद्धि और आत्मविश्वास का संदेश लेकर आई है। छत्तीसगढ़ में सुशासन सरकार की योजनाएं अब सीधे जनजीवन में परिवर्तन का आधार बनती दिख रही हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार जिले में दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत

आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बलौदा बाजार में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के 4 लाख 95 हजार 965 भूमिहीन कृषि मजदूरों के खातों में 495 करोड़ 96 लाख 50 हजार रुपये की राशि अंतरित की। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि श्रम और सम्मान को सशक्त करने की दिशा में एक निर्णायक कदम ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पीएम मोदी की गारंटी को पूरा किया जा रहा : सीएम

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को सरकार द्वारा तेजी और पारदर्शिता के साथ पूरा किया जा रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि धान खरीदी में अंतर की राशि मिलने से किसानों ने इस वर्ष उत्साह और संतोष के साथ होली मनाई, वहीं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं को मिली राशि ने उनके आत्मनिर्भरता के संकल्प को और मजबूत किया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से गृह प्रवेश कराते हुए मकानों की चाबियां भी सौंपीं।

जग्गी हत्याकांड : केस री-ओपन, 1 अप्रैल को होगी फाइनल हियरिंग

■ सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर केस री- ओपन

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामअवतार जग्गी हत्याकांड मामले में नया मोड़ आ गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर केस री- ओपन हो गया है। 1 अप्रैल को इस मामले में फाइनल हियरिंग होगी। जिसमें अमित जोगी, स्टेट, सतीश जग्गी और सीबीआई को अपना पक्ष रखने की छूट दी गई है। आपको बता दें कि, 4 जून 2003 में एनसीपी नेता राम अवतार जग्गी की गोली मार हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में अमित जोगी का नाम सामने आया था। इस मामले में 31 आरोपी बनाए गए थे। जिसमें से बुलठू पाठक और सुरेंद्र सिंह सरकारी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

यह थे रामावतार जग्गी

कारोबारी बैकग्राउंड वाले रामावतार जग्गी देश के बड़े नेताओं में शुमार पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल के बेहद करीबी थे। जब शुक्ल कांग्रेस छोड़कर एनसीपी में शामिल हुए तो जग्गी भी उनके साथ-साथ गए। विद्याचरण ने जग्गी को छत्तीसगढ़ में एनसीपी का कोषाध्यक्ष बना दिया था।

सिद्धपीठ भानेश्वरी मंदिर की अनोखी आस्था: भभूति से दूर होते हैं कष्ट, नवरात्रि में उमड़ता है श्रद्धालुओं का सैलाब

■ **सिंघोला स्थित मंदिर में नौ दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना, माता तालाब और समाधि स्थल बन रहे आकर्षण का केंद्र**

राजनांदगांव / नव प्रदेश। शहर से लगे ग्राम सिंघोला स्थित सिद्धपीठ माता भानेश्वरी मंदिर आज श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचते हैं माता भानेश्वरी गांव सिंघोला की ही बेटी थी । स्थानीय मान्यता के अनुसार, माता भानेश्वरी की कृपा से भक्तों के दुख, कष्ट और रोग दूर हो जाते हैं। खासकर नवरात्र के पावन अवसर पर मंदिर में आस्था का अद्भुत सैलाब उमड़ पड़ता है।

मंदिर की सबसे अनोखी मान्यता माता भानेश्वरी की समाधि से जुड़ी हुई है। बताया जाता है कि माता ने अपनी मृत्यु की भविष्यवाणी एक वर्ष पहले ही कर दी थी और अपने भक्तों को संकेत दे दिया था कि वे निर्धारित समय पर समाधि लेंगी। उनके निर्देश पर मंदिर परिसर में ही समाधि स्थल तैयार किया गया और 3 नवंबर 1975 को उन्होंने समाधि ले ली ग्रामीणों के बताए अनुसार । इसके बाद यहां भव्य मंदिर का निर्माण हुआ, जो आज एक सिद्धपीठ के रूप में प्रसिद्ध है।

मंदिर के पुजारी दिलीप ठाकुर के अनुसार, नवरात्र के दौरान यहां नौ दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना, ज्योति कलश स्थापना और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है। इस दौरान हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन कर अपने जीवन की समस्याओं से मुक्ति की कामना करते हैं।

माता भानेश्वरी मंदिर की भभूति को लेकर भी गहरी आस्था है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि इस भभूति में अद्भुत चमत्कारी शक्ति है, जिससे मानसिक और शारीरिक कष्ट दूर हो जाते हैं। कई भक्त अपने अनुभव साझा करते हुए बताते हैं कि उन्हें यहां आकर राहत और सकारात्मक ऊर्जा मिली है। मंदिर परिसर के पास स्थित ÷माता तालाब÷ भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि माता भानेश्वरी इस तालाब में स्नान करती थीं। तालाब के बीच हाल ही में मां दुर्गा का सुंदर मंदिर भी बनाया गया है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बन गया है और पूरे परिसर को आध्यात्मिक वातावरण प्रदान करता है।नवरात्र के दौरान यहां भव्य मेले का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें आसपास के गांवों और शहरों से हजारों लोग शामिल होते हैं। भक्ति संगीत, भजन-कीर्तन और पूजा-पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है।

> माताजी जब लगभग 11वर्ष की थी तो वह गोबर का कांड बिनने गई हुई थी तभी उस दौरान भानेश्वरी माता के सामने अचानक एक बूढ़ी माई प्रकट हुई उस बूढ़ी मे ने भानेश्वरी माता जी को बटरा का दाना दिया और उसको खाने के लिये कहा खाने के बाद जब माता भानेश्वरी गांव वापस आई तो उनके पूरे शरीर में मोती के जैसे दाने उभर गए थे एवम उनमें अद्भुत शक्ति प्राप्त हो गई थी
>
> – **ईश्वर लाल निषाद**, मंदिर कमेटी सदस्य

न्यूज गैलरी

कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में फाइनेंशियल अवेयरनेस विषय पर अतिथि व्याख्यान

भाटापारा / नवप्रदेश। कमलाकांत शुक्ल इंस्टीट्यूट में वाणिज्य संकाय के विधार्थियों हेतु फाइनेंशियल अवेयरनेस विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। अतिथि व्याख्यान हेतू कृष्ण गुप्ता, रीजनल मैनेजर सीडीएसएल तथा रवि आर्य, सेबी एवं एनसीएफई सिक्योरिटी मार्केट ट्रेनर विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्नातक के विद्यार्थियों को वित्तीय विषय में बेहतर समझ एवं उससे सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या - डॉ. वंदना चौहान एवं मुख्य अतिथि द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्री रवि आर्य एवं कृष्ण गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए फाइनेंशियल प्लैनिंग, कैपिटल मार्केट एवं फाइनेंशियल डिसीजन मेकिंग से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों एवं बिंदुओं पर चर्चा की । जिससे वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी में काफी उत्साहित दिखा । महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला एवं प्राचार्य डॉ वंदना चौहान के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में समय समय पर ऐसे व्याख्यान आयोजित होते रहते है।

इस अवसर पर वाणिज्य संकाय के सभी छात्र-छात्राए,सहायक प्राध्यापक डॉ मयंक कुमार सिंह, सरोजनी वर्मा एवं अन्य सभी सहायक प्राध्यापक एवं स्टॉफ भी उपस्थित रहे ।

लोहिया जयंती पर महासमुंद में श्रद्धांजलि समाजवादी विचारों पर चलने का संकल्प

महासमुंद / नवप्रदेश। समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती के अवसर पर महासमुंद स्थित लोहिया चौक में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, लोहियावादी कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति से आयोजन गरिमामय रहा। इस अवसर पर वक्ताओं ने लोहिया जी के समाजवादी विचारों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समानता, आर्थिक न्याय और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का उनका संदेश आज भी अत्यंत प्रासंगिक है और समाज को नई दिशा देने में मार्गदर्शक सिद्ध हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू को लोहिया चौक के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

'मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों से किया सीधा संवाद'

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत आयोजित राशि वितरण कार्यक्रम में पंडित चक्रपाणि शुक्ल हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान से प्रदेशभर के हितग्राहियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों से योजना के लाभ और उनके जीवन में आए बदलावों की जानकारी ली।संवाद के दौरान जशपुर जिला के हितग्राही कन्हैया ने बताया कि मुख्यमंत्री के बटन दबाते ही राशि उनके खाते में पहुंच गई। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष प्राप्त राशि का उपयोग बकरी पालन में किया था और इस वर्ष की राशि का उपयोग प्रधानमंत्री आवास में करेंगे। उन्होंने योजना से मिल रहे लाभ के लिए आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कन्हैया को शुभकामनाएं दीं।इसी तरह जांजगीर-चांपा जिला के राजेंद्र कुमार ने बताया कि प्राप्त राशि से उन्होंने किराना दुकान को आगे बढ़ाने की योजना बनाई है, जिससे परिवार में खुशी का माहौल है।बालोद जिला के यादव राम निषाद ने मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान कहा कि वे उनसे बात कर भावुक हो गए हैं। उन्होंने बताया कि उनकी छोटी किराना दुकान है, जिसे वे इस सहायता से और विकसित करना चाहते हैं।वहीं गरियाबंद जिला के नरेश निर्मलकर ने बताया कि पिछले वर्ष उन्होंने योजना की राशि से घर निर्माण और बच्चों की पढ़ाई में सहयोग लिया था। इस वर्ष भी राशि का सदुपयोग करने का संकल्प व्यक्त करते हुए उन्होंने योजना के प्रति संतोष जताया।

अंचल के गांवों में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा चैत्र नवरात्र का पर्व

धरसीवां / कूंरा । अंचल के गांवों में बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया जा रहा है चैत्र नवरात्र का पर्व । नगरपंचायत कूंरा के हटरी चौंक मां जय कंकाली मंदिर में भक्तों द्वारा 140 मनोकामना ज्योति कलस प्रज्जवलित कराए गए है तो वहीं नगर के चंडी मंदिर में 36 , महामाया मंदिर में 39 , शीतला मंदिर में 28 साथ ही कूंरा नगर में 7 घरों में भी मनोकामना ज्योति कलस जलाने के साथ साथ जवांरा बोए गए है । सोमवार को पंचमी पूजा कर समस्त स्थानों पर माता जी का विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना किया गया । देवी देवालयों सहित घरों में रोजाना माता सेवा की भजन कीर्तन से क्षेत्र का माहौल पूर्ण रूप से भक्ति भाव में लीन है । माता जी का दर्शन व आशीर्वाद पाने श्रद्धालुओं का भीड़ रोजाना मंदिरों में सुबह शाम जुट रहे है और पूजा में शामिल हो रहे है । वही अंचल के ग्रामपंचायत धरसीवां , चरौदा , बरतनारा , मुर्रा , पंडरभट्ठा , भैंसमुड़ा , तिवरैया , कपसदा , टाडा , मोहदी , गोढ़ी , नगरगांव सहित आदि गांवो में भी नवरात्र पर्व को बड़े ही धूम धाम के साथ मनाए जा रहे है ।

मुख्यमंत्री ने 4 लाख 95 हजार 965 भूमिहीन परिवारों को दी 495 करोड़ से अधिक की सौगात

प्रदेश की जनता को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने सरकार प्रतिबद्ध: साय

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय बुधवार को प्रदेश के 4 लाख 95 हज़ार 965 भूमिहीन हितग्राहियों को 495 करोड़ 96 लाख रुपए की सौगात दी। उन्होंने बलौदाबाजार स्थित पंडित चक्रपाणी शुक्ल हायर सेकेण्डरी स्कूल ग्राउंड में आयोजित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत राशि अंतरण समारोह में डीबीटी से सीधे हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय का का पारम्परिक खुम्हरी पहना कर स्वागत किया गया।दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत हितग्राहियों के खाते में सीधे 10 हज़ार रुपये की धनराशि प्रत्येक हितग्राही के मान से अंतरित की गई इसके लिए राज्य सरकार की ओर से 495 करोड़ 96 लाख 50 हजार रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। इस सूची में 22 हजार 28 बैगा और गुनिया परिवार भी शामिल है। बलौदाबाजार - भाटापारा जिला अंतर्गत कुल 23568 हितग्राहियों के खाते में 23 करोड़ 56 लाख रूपए से अधिक की राशि अंतरित हुईं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार की ऐतिहासिक और धार्मिक धरा को नमन करते हुए कहा कि हमारी सरकार प्रदेश की जनता को शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने प्रतिबद्ध है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना इसी क्रम में फलिभुत हुआ है। इस योजना के तहत ऐसे कृषि भूमिहीन मजदूरों को सालाना 10 हजार रुपए मिल रहा है जो अन्य किसानों के यहां मजदूरी कर रहे हैं। हमने पिछले साल भी इस योजना के तहत राशि अंतरित किया था और उस राशि का बहुत अच्छा सदुपयोग हितग्राहियो ने किया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत अधिकांश वायदे को पूरा किया है। इसमें प्रमुख रूप से 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति, महतारी वंदन योजना,प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए में खरीदी आदि शामिल है। हमने इस वर्ष धान की अंतर की राशि होली से पहले एकमुश्त अंतरित किया है ताकि किसान खुशी के साथ होली मना सकें।हमारी सरकार ने दो साल में 10 हजार 500 करोड़ के सिंचाई परियोजनाओं को स्वीकृत किया है ताकि अधिक से अधिक किसानों के खेत तक पानी पहुंच सके।सुरभि गोधाम योजना के तहत हर जिले में 10 -10 गोधाम का निर्माण किया जा रहा है।

जिसमें मवेशियों के लिये चारा पानी, आश्रय,चरवाहा, चिकित्सक की व्यवस्था रहेगी। इससे सड़क पर पशुओं का विचरण रुकेगी और दुर्घटना में कमी आएगी।

सरकार किसानों के हितों और उनकी आय में वृद्धि के लिए प्रतिबद्ध: रंजना

धमतरी / नवप्रदेश। ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती में चना एवं सरसों की समर्थन मूल्य पर खरीदी का शुभारंभ आज विधिवत रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी की पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुईं। उनके आगमन पर समिति पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके पश्चात चना और सरसों खरीदी का शुभारंभ किया गया, इस दौरान क्षेत्र के ग्राम छाती, उडेना, झिरिया, डाही, सरसोंपुरी, गोपालपुरी, कंडेल, बोड़रा, सारंगपुरी सहित आसपास के गांवों के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्रीमती रंजना साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए समर्थन मूल्य पर खरीदी अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है, इससे किसानों को आर्थिक मजबूती मिलती है और वे आत्मनिर्भर बनते हैं । सरकार किसानों के हितों के संरक्षण और उनकी आय में वृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने किसानों को फसल परिवर्तन (क्रॉप रोटेशन) अपनाने के लिए भी प्रेरित करते हुए कहा कि चना, सरसों जैसी दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती से न केवल मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है, बल्कि उत्पादन लागत भी कम होती है और किसानों को बेहतर लाभ मिलता है, तो वहीं फसल विविधीकरण से जोखिम कम होता है ।

श्रीमद्भागवत कथा सुनने उमड़ रही भीड़

भाटापारा / नवप्रदेश। ब्लाक के ग्राम अमलीडीह निवासी भगवती प्रसाद वर्मा के यहां श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। व्यासपीठ से पं. श्री रोहिणी कुमार पाठक अपनी सुमधुर वाणी से भगवान श्री कृष्ण और रुखमणी जी की दिव्य लीला का वर्णन कर रहे हैं।

पं. श्री पाठक ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण और रुखमणी जी का विवाह प्रेम, भक्ति, और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि रुखमणी जी ने अपने प्रेम और विश्वास से भगवान श्री कृष्ण को अपने जीवन में आकर्षित किया, और भगवान श्री कृष्ण ने उनके प्रेम को स्वीकार कर उन्हें अपनी जीवनसंगिनी बनाया।

आज की कथा श्री कृष्णा - रुखमणी विवाह प्रसंग रहा, जिसका उल्लेख पं. श्री रोहिणी कुमार पाठक जी ने बहुत ही सुंदर किया। उन्होंने बताया कि कैसे भगवान श्री कृष्ण ने रुखमणी जी को उनके प्रेम और भक्ति के कारण अपनाया, और कैसे उन्होंने अपने जीवन को एक दूसरे के लिए समर्पित किया।

पं. श्री पाठक ने आगे बताया कि रुखमणी ने भगवान श्री कृष्ण के लिए अपने जीवन को समर्पित कर दिया था, और भगवान श्री कृष्ण ने भी उन्हें अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया। उन्होंने बताया कि कैसे भगवान श्री कृष्ण ने रुखमणी को उनके पिता के घर से प्रस्थान कराकर अपने साथ ले गए, और कैसे उन्होंने उनका विवाह किया।

नाली के प्रदूषित पानी से अमतिया तालाब में लाखों मछलियां मरीं, मुआवजे की मांग

नगरी / नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी के अंतर्गत स्थित अमतिया तालाब में नालियों से आ रहे प्रदूषित पानी के कारण बड़ी संख्या में मछलियों की मौत का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना से तालाब में मछली पालन कर रहे लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिसमें प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत द्वारा अमतिया तालाब को मछली पालन के लिए लीज पर दिया गया था। लीजधारी का आरोप है कि नगर की नालियों का गंदा और दूषित पानी सीधे तालाब में मिल रहा है, जिससे पानी की गुणवत्ता खराब हो गई और हजारों मछलियां मर गईं।

लीजधारी ने बताया कि इस अप्रत्याशित घटना से उसे भारी आर्थिक क्षति हुई है। उन्होंने शासन-प्रशासन से उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है, साथ ही भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए नालियों के पानी की समुचित निकासी और उपचार की व्यवस्था करने की अपील की है।

स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन से मांग की है कि तालाब में गंदे पानी के प्रवेश को रोकने के लिए ठोस एवं प्रभावी उपाय किए जाएं, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मछली पालन करने वाले लोगों को भविष्य में इस प्रकार की क्षति का सामना न करना पड़े। इस मामले में वार्ड पार्षद अलका साव ने भी गंभीर चिंता व्यक्त की है।

छाती में शेड निर्माण कार्य का विधायक ने किया भूमिपूजन

धमतरी/ नवप्रदेश। विधायक ओंकार साहू आज ग्राम छाती में शेड निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए विधायक श्री साहू ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ग्राम छाती में बनने वाला यह सार्वजनिक शेड स्थानीय लोगों के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा, जिससे ग्रामीणों को विभिन्न आयोजनों में सुविधा प्राप्त होगी।इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष खिलेन्द ध्रुव ने अपने वक्तव्य में कहा कि विधायक श्री ओंकार साहू के नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं।

सिहावा में वीबीजी रामजी से तालाब निर्माण कार्य शुरू

नगरी / नवप्रदेश। ग्राम पंचायत सिहावा में ग्रामीण विकास को गति देने के उद्देश्य से ङ्कक्त क्रूत योजना के अंतर्गत निजी तालाब निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस कार्य से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने से उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा।

इस महत्वपूर्ण कार्य में ग्राम पंचायत की सक्रिय भूमिका देखने को मिल रही है। सरपंच श्रीमती उषा देवी नाग के नेतृत्व में पंचायत द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। वहीं उप सरपंच सुनील सिंह सर, सचिव संतोष ध्रुव एवं प्रभारी रोजगार सहायक गुलाब निषाद के मार्गदर्शन में निर्माण कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है।

ग्राम पंचायत के समस्त पंचों का भी इस कार्य में सराहनीय सहयोग मिल रहा है, जिससे योजना का क्रियान्वयन तेजी से किया जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि इस तालाब निर्माण से वर्षा जल का संचयन होगा, जिससे भविष्य में जल संकट से निपटने में मदद मिलेगी ।ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए पंचायत की सराहना की है। उनका मानना है कि इस तरह के कार्य गांव के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और इससे रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

ग्राम पंचायत सिहावा का यह प्रयास क्षेत्र में विकास की एक नई दिशा तय कर रहा है।

राजनीति: जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस की बैठक

कांग्रेस का बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर

महासमुंद/ नवप्रदेश। संगठनात्मक ढांचे को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने संगठन विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए।

उन्होंने ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों सहित सभी जिम्मेदार कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में तेजी से कमेटियों के गठन की प्रक्रिया पूर्ण करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की कुंजी है।

बैठक में विशेष रूप से उपस्थित जिला प्रभारी हितेंद्र ठाकुर (पूर्व जिलाध्यक्ष, बलौदाबाजार) ने जानकारी दी कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में 'संगठन सृजन अभियान' संचालित किया जा रहा है। इसके तहत प्रदेशभर में कमेटियों के गठन की नियमित समीक्षा की जा रही है। उन्होंने निर्देशित किया कि बूथ, पंचायत एवं वार्ड स्तर पर सर्वसम्मति से पारदर्शी और ईमानदार तरीके से कमेटियों का गठन सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि हाल ही में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने महासमुंद जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर कमेटी गठन की प्रगति की समीक्षा की थी, जिससे इस अभियान की गंभीरता स्पष्ट होती है।पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कमेटी गठन को पूरी गंभीरता से लिया जाना चाहिए, क्योंकि यही संगठनात्मक संरचना आगामी चुनावों में जीत का आधार बनेगी। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, ब्लॉक अध्यक्ष खेमराज सिन्हा, देवनाथ साहू, श्रीमती अन्नू चंद्राकर, करण दीवान, दाऊलाल चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, अमर चंद्राकर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सोनम बंसोड़, दिव्येश चंद्राकर, जसबीर ढिल्लो, पार्षद मुस्ताक खान विक्की, ढेलू निषाद, अमन चंद्राकर, राजू साहू, बसंत चंद्राकर, तुलसी साहू, हर्षित चंद्राकर, इमरान कुरैशी, छन्नू साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महिला उद्यमियों को दिया गया मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस का प्रशिक्षण

बलौदाबाजार / नवप्रदेश। केंद्र सरकार की रैम्प योजना के अन्तर्गत सीएसआईडीसी छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज द्वारा मंगलवार को जनपद पंचायत सभाकक्ष कसडोल में मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने, उन्हें बाजार से जोड़ने, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बाजार विस्तार के अवसर प्रदान करने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान महिला उद्यमियों हेतु उपलब्ध मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस योजनाएं, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय मेलों व प्रदर्शनी में उत्पाद ब्राडिंग, पैकेजिंग एवं लेबलिंग सुधार, गुणवत्ता प्रमाणन, ई-कॉमर्स एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से बिक्री विस्तार, सरकारी सहायता करने की प्रक्रिया बताई गई।

केंद्रीय राज्यमंत्री साहू की उपस्थिति में हर बूथ सशक्त करने का लिया संकल्प

***केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने ली अहम बैठक**
***असम के बउखुगरी से जीत का खाका तय**

बिलासपुर/नवप्रदेश। बउखुगरी स्थित शक्ति आश्रम में भारतीय जनता पार्टी-बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट-असम गण परिषद के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण चुनावी बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू की उपस्थिति में आगामी चुनाव को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में बीटीसी के कार्यकारी सदस्य कमलेश्वर राय, प्रत्याशी प्रसन्न राय, जिला महामंत्री अविखन दास, मंडल अध्यक्ष सनमोहन राय, जिला उपाध्यक्ष लासिम बोरो, शिव शंकर उलाका (प्रभारी), अतीश शंभी (विस्तारक), दोवांजली देवी (मंत्री), विनीती बाला बसुमतारी (अध्यक्ष), संजय तिवारी (सदस्य) एवं अतुल कोर (प्रतिनिधि) सहित बड़ी संख्या में गठबंधन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।केंद्रीय मंत्री साहू ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव केवल राजनीतिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को जीतने का माध्यम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर तक सक्रिय होकर घर-घर संपर्क स्थापित करे और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाए।बैठक में बूथ प्रबंधन, मतदाता संपर्क अभियान, संगठन विस्तार एवं गठबंधन की एकजुटता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में बउखुगरी क्षेत्र में प्रचंड विजय सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। यह बैठक कोकराझार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सुदृढ़ होती चुनावी तैयारियों और मजबूत संगठनात्मक क्षमता का प्रतीक बनकर उभरी, जिसने आगामी चुनाव के लिए जीत की स्पष्ट दिशा निर्धारित कर दी है।इसके उपरांत डोटमा मण्डल के दागोरीया क्षेत्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण कार्यकर्ता सम्मेलन एवं रणनीतिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन

साहू की उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार किया।बैठक में जिला अध्यक्ष गोसाई बानुमतारी, मण्डल अध्यक्ष नंदलाल नरझरी, क्षेत्रीय प्रतिनिधि कल्याण गोगोई, विस्तारक विनय तिवारी, मण्डल प्रभारी साहको जाटप बर्बरी, उप सभापति जयदीप राय, एलएसी प्रबंधन अध्यक्ष कार्तिक बुम्ह सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही रिपुनजम नरझरी, प्रहलाद नरझरी, संजय तिवारी एवं दीपांजली सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही।

साहू ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

इसी क्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कोकराझार प्रवास के दौरान जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।यह कार्यक्रम जिले में चल रही संगठनात्मक एवं चुनावी बैठकों की श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा, जिसमें एनडीए की रणनीति को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया।अपने संबोधन में साहू ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित होती है। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यकर्ताओं की निरंतर मेहनत, अनुशासन और जनता के प्रति सेवा भाव ही पार्टी की सफलता का आधार है। बैठक में जिले के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने आगामी चुनावों में संगठन को और अधिक सशक्त बनाते हुए एनडीए की विजय सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

न्यूज गैलरी

धारदार हथियार से डराने वाले आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में आम लोगों को धारदार हथियार दिखाकर डराने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार 24 मार्च 2026 को पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि राजेश पासी उर्फ गोलू (27) शनचरी रपटा पुल स्थित दुर्गा मैदान के पास सार्वजनिक मार्ग पर चाकू लहराकर राहगीरों को डरा-धमका रहा है। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पटेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक गगन कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपी को पकड़कर उसके पास से धारदार चाकू बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 व 27 के तहत अपराध दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

अवैध शराब बेचते आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

बिलासपुर/नवप्रदेश। अवैध शराब बिक्री के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 24 मार्च 2026 को चौकी मल्हार पुलिस को मुखबिर एवं बीट के नागरिकों से सूचना मिली कि ग्राम ठाकुरदेवा में एक किराना दुकान पर अवैध रूप से देसी शराब बेची जा रही है। सूचना के आधार पर उप निरीक्षक अवधेश सिंह की टीम ने मौके पर दबिश दी। रेड के दौरान आरोपी विनोद मिरी उर्फ मजनू (42) को दुकान में शराब बेचते हुए पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 55 नग देसी प्लेन शराब एवं बिक्री की 150 रुपये नगद राशि बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया।

खनिज का अवैध परिवहन करने वाले 14 वाहन जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए 14 वाहनों को जब्त किया है। कलेक्टर के निर्देश एवं खनिज विभाग के मार्गदर्शन में 23 से 25 मार्च 2026 के बीच जिले के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जांच अभियान चलाया गया।

खनिज अमले द्वारा काठकोनी, देवरीखुर्द, खम्हरिया, सकरी, निरतु, सेंदरी, मंगला, तुरकाडीह, लोखंडी, लोफण्डी, दर्रीघाट, लावर, जयरामनगर कोटा, करही कच्छार और पहन्दा क्षेत्रों में जांच की गई। इस दौरान खम्हरिया क्षेत्र में अवैध उत्खनन करते हुए 1 जेसीबी और 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गई। सकरी क्षेत्र से 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली, जयरामनगर क्षेत्र से गिट्टी का अवैध परिवहन करते 3 हाइवा और 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गई।

इसी तरह सेंदरी क्षेत्र से 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली, करही कच्छार, पहन्दा और लोफण्डी क्षेत्रों से 1-1 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गई। कुल मिलाकर 1 जेसीबी, 3 हाइवा और 10 ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित 14 वाहनों पर कार्रवाई की गई। जब्त सभी वाहनों को पुलिस थाना कोनी, कोटा, पुलिस सहायता केंद्र केंदा और जांच चौकी लावर की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

नेशनल ट्राइबल गेम्स से अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं की तैयारी को मिलेगा बलः साव

बिलासपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज राजा रघुराज सिंह स्टेडियम, बिलासपुर में स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय रात्रिकालीन ड्यूस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल हुए।

उन्होंने खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल का जीवन अनुशासन और समाजसेवा का प्रेरक उदाहरण है। उनका कार्य के प्रति समर्पण और संगठन क्षमता सभी के लिए सीखने योग्य है। उन्होंने बताया कि पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक अमर अग्रवाल के प्रयासों से यह प्रतियोगिता आयोजित हो रही है, जिसमें 8 टीमों ने भाग लिया है। इससे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है और बिलासपुर की पहचान भी बढ़ रही है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेलों का माहौल तेजी से विकसित हो रहा है। राज्य में खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स का ऐतिहासिक आयोजन हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

यह आयोजन भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और खेल मैदानों की कमी नहीं है, और आने वाले समय में छत्तीसगढ़ खेलों का बड़ा केंद्र बनेगा।साव ने बताया कि बिलासपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

चैत्र नवरात्रिः शहर के प्रमुख स्थलों चिल्हाटी मोड़, मंगला चौक, सहित विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल तैनात

नवरात्रि में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में नवरात्रि महापर्व के सप्तमी-अष्टमी की रात्रि को विभिन्न क्षेत्रों से मां महामाया दर्शन हेतु रतनपुर आने वाले समस्त श्रद्धालुओं की सुगम एवं सुरक्षित आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए चारों दिशाओं से आने आने वाले भारी वाहनों को 25 मार्च शाम 4 बजे से श्रद्धालुओं के आवागमन वाले मार्ग में प्रवेश प्रतिबंध की गई है।

अतः भारी एवं मध्यम वाहनों के संचालकों/ट्रांसपोर्टरों से विशेष अपील है कि मां महामाया दर्शन हेतु जाने वाले श्रद्धालुओं के सरल, सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित आवागमन हेतु उक्त मार्ग में किसी भी स्थिति में भारी वाहनों एवं मध्यम को प्रवेश न होने दें।विदित हो कि शहर की ओर से जाने वाले भारी वाहनों के लिए चिल्हाटी मोड़, अशोक नगर चौक, गुरुनानक चौक, गुम्बर पेट्रोल पंप, मंगला चौक, महाराणा चौक के पास, रायपुर मार्ग से जाने वाहनो को सेंदरी अरपा पुल के पास, कोरबा की ओर से आने वाले वाहनों को ग्राम कर्रा के पास एवं गौरेला पेंड्रा से आने वाले वाहनों को रोकने हेतु सिल्ली मोड़, कोटा मार्ग से आने वाले वाहनों को रोकने हेतु लखनी मोड़ के पास से प्रतिबंधित एवं नो एंट्री लगाई गई है इस हेतु यातायात एवं पुलिस बल पर्याप्त संख्या में लगाई गई। इस दौरान किसी भी स्थिति में यातायात नियमों का उल्लंघन ना हो इसका विशेष ध्यान रखें।

बिलासपुर में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 76वीं बैठक संपन्न

बिलासपुर/नवप्रदेश। क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर की 76वीं बैठक तरूण प्रकाश, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर की अध्यक्षता में 25 मार्च को महाप्रबंधक सभाकक्ष में संपन्न हुई । इस अवसर पर रेलवे बोर्ड की व्यक्तिगत नगद पुरस्कार योजना तथा क्षेत्रीय हिंदी प्रतियोगिता-2025 के पुरस्कार विजेताओं को महाप्रबंधक, तरूण प्रकाश के करकमलों से पुरस्कृत किया गया ।

तदुपरांत क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर के उपाध्यक्ष शिवशंकर लकड़ा ने बैठक की कार्यसूची प्रस्तुत की, जिस पर सदस्यों द्वारा विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक, तरूण प्रकाश ने कहा कि हिंदी भाषा में सरकारी कामकाज करना उतना जटिल नहीं है, जितना कि उसे समझा जाता है । बैठक में सभी मदों पर विस्तापूर्वक चर्चा की गई तथा हिंदी में कामकाज संतोषजनक पाया गया। उन्होंने निर्देश दिये कि राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार हेतु सभी मदों में गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जाए । यह कार्यालय 'क' क्षेत्र में आता है और अधिकांश कार्मिक हिंदी भाषी हैं, इसलिए समस्त कामकाज हिंदी भाषा में ही किये जाएं । समिति के उपाध्यक्ष श्री शिवशंकर लकड़ा, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य सामग्री प्रबंधक - । ने कहा कि इस बैठक में गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार इस रेलवे में दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही में हुई राजभाषा प्रगति की समीक्षा की गई । संसदीय राजभाषा समिति द्वारा महाप्रबंधक कार्यालय, रायपुर मंडल तथा रायपुर कारखाना में किये गये निरीक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं ।

वित्त मंत्रालय
MINISTRY OF FINANCE

जीएसटी
करदाता ध्यान दें!

जिन करदाताओं का सकल वार्षिक टर्नओवर# एक विनिर्दिष्ट सीमा* तक है वे वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जीएसटी कंपोजिशन योजना का विकल्प 31 मार्च, 2026 तक चुन सकते हैं।

पात्र करदाता, जो कंपोजिशन योजना का लाभ उठाने के इच्छुक हैं, वे जीएसटी पोर्टल (www.gst.gov.in) पर निम्न प्रक्रिया द्वारा कंपोजिशन योजना का विकल्प चुन सकते हैं:

LOGIN
करदाता इंटरफेस पर लॉगिन करें
'SERVICES > REGISTRATION > APPLICATION TO OPT FOR COMPOSITION LEVY पर जाएं
फॉर्म GST CMP-02 भर कर जमा करें

पहले से कंपोजिशन योजना का लाभ उठा रहे पात्र करदाताओं को फॉर्म GST CMP-02 दाखिल करना आवश्यक नहीं है

आसान और सुविधाजनक अनुपालन
आकर्षक कर दरें
न्यूनतम अनुपालन आवश्यकताएं
स्वतः नवीकरण और योजना को छोड़ना भी सरल
माल एवं सेवाओं की आपूर्तिकर्ताओं के लिए उपलब्ध
कम बही खातों की आवश्यकता

* आपूर्तिकर्ताओं के प्रकार		# वित्त वर्ष 2025-26 में सकल वार्षिक टर्नओवर
माल के आपूर्तिकर्ता	08 विनिर्दिष्ट राज्यों में पंजीकृत करदाता	रु.75 लाख तक
	अन्य राज्यों में पंजीकृत करदाता	रु.150 लाख तक
सेवाओं के आपूर्तिकर्ता		रु.50 लाख तक

अधिक जानकारी के लिए कृपया जीएसटी अधिनियम की धारा 10, सीजीएसटी नियम 3 से 7 और अधिसूचना सं. 14/2019 केन्द्रीय कर दिनांक 07.03.2019, को देखें।

जीएसटी कंपोजिशन योजनाः छोटे करदाताओं के लिए बड़े लाभ

@cbicindia @cbic_india @cbicindia @CBICINDIA @CBIC india

CBC 15502/13/0051/2526

सुविचार

आपके प्रति लोगों का कैसा नजरिया है इसकी ज्यादा चिंता न करें क्योंकि ज्यादातर ऐसे लोग आपका मूल्यांकन करते हैं जिनका खुद का कोई मूल्य नहीं होता।

अब आया ऊंट पहाड़ के नीचे

खुद को दुनिया का चौधरी समझने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान ने सारी दादागिरी निकाल कर रख दी। डोनाल्ड ट्रंप की सनक का खामियाजा इजराइल सहित अन्य खाड़ी देशों को भी भुगतना पड़ रहा है जिन पर ईरान के लगातार हमले जारी हैं। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ बातचीत होने का दावा करते हुए पांच दिनों के संघर्ष विराम की घोषणा की है इसके बावजद ईरान हमले जारी रखे हुए है। अब डोनाल्ड ट्रंप इस जंग से बाहर निकलने का रास्ता तलाश रहे हैं लेकिन उन्हें कोई राह नहीं सुझ रही है। अंततः उन्हें भारत की सरण में आना पड़ा है। डोनाल्ड ट्रंप को इस बात का ऐहसास हो चुका है कि ईरान को यदि कोई समझा सकता है तो वह देश सिर्फ भारत ही है। यह बात वे पहले से जानते थे लेकिन भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बात करने का उनका मुंह नहीं रह गया था। इस जंग के शुरू होने से पहले उन्होंने भारत की पीठ पर छूरा भोकने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी। कभी उन्होंने भारत की इकोनॉमी को डेड बताया था तो कभी भारत पर पचास प्रतिशत टैरिफ लगाकर व्यापार समझौते के लिए अनुचित दबाव बनाया था। यही नहीं बल्कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत द्वारा किये गये आपरेशन सिंदूर को स्थगित कराने का भी उन्होंने झूठा श्रेय लूटा था यही वजह है कि वे भारत से ईरान युद्ध के मामले में बात करने की हिम्मत नहीं कर रहे थे लेकिन आखिरकार ऊंट को पहाड़ के नीचे आना ही पड़ा। डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय पीएम नरेन्द्र मोदी को फोन करके उनसे मिडिल ईस्ट के ताजा हालातों के बारे में चर्चा की और होर्मूज को खोलने के लिए भारत से मदद की गुहार लगाई है। गौरतलब है कि होर्मूज पर ईरान ने अपना एकाधिकार कायम कर लिया है और वहां समुद्र के नीचे बारूदी सुरंग बिछा रखी है। बगैर ईरान की मर्जी के वहं परिंदा भी पर नहीं मार सकता। डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को दी गई धमकी भी जब बेकार गई तो ट्रंप को घुटने टेकने पड़े और अब उसने भारत से फरियाद की है कि वह ईरान को बातचीत की टेबल पर बात करने के लिए मनाये और होर्मूज को खुलवा कर अमेरिका को इस जंग से बाहर निकाले। डोनाल्ड ट्रंप और नरेन्द्र मोदी के बीच और क्या बात हुई है इसका तो खुलासा नहीं हो पाया है लेकिन यह तो यह है कि डोनाल्ड ट्रंप ने गिडगिड़ाते हुए भारत से इस मामले में हस्तक्षेप की गुजारिश की है। बहरहाल पीएम मोदी को डोनाल्ड ट्रंप के झांसे नहीं आना चाहिए और अपनी निष्पक्षता बरकरार रखनी चाहिए। वैसे भी इस जंग से भारत का कोई लेना देना नहीं है। ईरान भारत का सहयोग कर ही रहा है। भारत के तेल और गैस टैंकर होर्मूज से लगातार आ रहे हैं। यह आफत डोनाल्ड ट्रंप ने खुद बुलाई है। इससे उन्हें खुद ही निपटने देना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

अनुसुचित जनजाति के लोग जो धर्म पविर्तन के बावजूद आरक्षण का लाभ लेने से बाज नहीं आते थे उनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। आंध्रप्रदेश हाईकोर्ट में एक अनुसुचित जाति के व्यक्ति ने ईसाई धर्म अपनाने के बावजूद अनुसुचित जाति जनजाति अधिनियम के तहत अपने लिए आरक्षण की मांग करते हुए एक याचिका दाखिल की थी जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। इस मामले को उसने सुप्रीम कोर्ट में चुतौनी दी तो सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए यह आदेश पारित किया है कि हिन्दु, सिख और बौद्ध धर्म छोड़कर यदि कोई अनुसुचित जाति का व्यक्ति अन्य धर्म अपनाता है तो वह आरक्षण और अन्य वैधानिक लाभ का पात्र नहीं हो सकता। क्योंकि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार धर्म परिवर्तन के साथ उसका अनुसुचित जाति का दर्जा खत्म हो जाता है। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला ऐतिहासिक है। लंबे समय से इसे लेकर बहस चल रही थी लेकिन सरकार भी वोट बैंक की राजनीति के चलते इस मामले में स्थिति को स्पष्ट नहीं कर रही थी जिसकी वजह से धर्म परिवर्तन करने वाले लोग आरक्षण का लाभ लते रहे हैं और अभी ले रहे हैं। अब वे सुप्रीम कोर्ट के नीर क्षीर निर्णय के बाद इसके पात्र नहीं रहेंगे।

सद्गुरू बोधामृतम्


सदगुरू ऋतेश्वर

◆ गुरु की दीक्षा, गुरु का मंत्र, गुरु का ज्ञान हर क्षण भीतर हो तो कोई भी परेशानी किसी भी रास्ते में मिल जाए तो उसे उसी समय पीछे के पांव से हटाकर मुरली वाला सामने खड़ा हो जाएगा क्योंकि हर जगह, हर समय बस अपने गुरु का ही स्मरण है।

◆ जो चैन को बरकरार रखते हुए दूसरे को बेचैन कर सकता है उसको कम बुद्ध मत समझना, वह भी बुद्ध है। समझ आ गया तो मौज में रहिए !!

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 922 : ईरानी सूफी संत और कवि मंसूर अल-हल्लाज का निधन। 1552: गुरु अमर दास जी सिखों के तीसरे गुरु बने। 1668: इंग्लैंड ने बंबई पर अधिकार कर लिया। 1907 : कवयित्री महादेवी वर्मा का जन्म। 1953 : डॉ जोनास साल्क ने पोलियो से बचाव के लिए नए टीके की खोज की घोषणा की। 1971: शेख मुजीबुर्रहमान ने बांग्लादेश को स्वतंत्र देश घोषित किया। 1972 : तत्कालीन राष्ट्रपति वी वी गिरी ने पहले अन्तरराष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन का उद्घाटन किया। 1973 : गूगल के सह-संस्थापक और कम्प्यूटर वैज्ञानिक लैरी पेज का जन्म। 1973: लंदन स्टॉक एक्सचेंज में महिलाओं की भर्ती की शुरुआत। 1975 : जैविक हथियार संधि अस्तित्व में आई 1979 : अमेरिका में मिस्र-इजराइल समझौते पर हस्ताक्षर हुये।2008: 'पर्पल डे' (मिर्गी जागरूकता दिवस) की शुरुआत कनाडा की कैसिडी मेगन द्वारा की गई। 2020 : कोरोना वायरस से दुनियाभर में मरने वालों की संख्या 21 हजार से अधिक हुई। यूरोप में महामारी के मामले 2,50,000 के पार।

ऐतिहासिक निर्णयः धर्मांतरण और एससी दर्जा

23–24 मार्च 2026 को जस्टिस पी.के. मिश्रा व जस्टिस एन.वी. अंजारिया की दो–सदस्यीय पीठ ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया किः जो व्यक्ति हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी भी अन्य धर्म (ईसाई, इस्लाम आदि) को मानता है, वह अनुसूचित जाति (स्ट) का दर्जा दावा नहीं कर सकता। धर्म परिवर्तन करते ही स्ट दर्जा स्वतः समाप्त हो जाता है।

कैलाश चन्द्र

सुप्रीम कोर्ट द्वारा 23-24 मार्च 2026 को सुनाया गया निर्णय भारतीय न्यायशास्त्र, सामाजिक न्याय और संवैधानिक व्यवस्था के लिए एक निर्णायक मोड़ के रूप में उभरता है। यह फैसला न केवल धर्मांतरण और अनुसूचित जाति दर्जे के संवैधानिक संबंध को स्पष्ट करता है, बल्कि आरक्षण व्यवस्था की आत्मा, उसके सामाजिक-ऐतिहासिक स्वरूप, तथा न्यायिक निरंतरता को भी सुदृढ़ करता है। इस निर्णय के केंद्र में अनुसूचित जाति दर्जे की मूल दार्शनिक अवधारणा निहित है–जो किसी व्यक्ति की आर्थिक कठिनाई, राजनीतिक वंचना या धार्मिक पहचान पर आधारित नहीं, बल्कि हिंदू सामाजिक संरचना में सदियों से चली आ रही जातीय उत्पीड़न, अस्पृश्यता और सामाजिक बहिष्कार की ऐतिहासिक वास्तविकता पर आधारित है। जस्टिस पी.के. मिश्रा और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की दो-सदस्यीय पीठ ने अपने निर्णय में यह स्पष्ट किया कि अनुसूचित जाति की परिभाषा मूलतः हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म के संदर्भ में ही लागू होती है, क्योंकि अस्पृश्यता तथा जातीय दमन का पूरा इतिहास इन्हीं धार्मिक-सांस्कृतिक ढाँचों के भीतर विकसित हुआ है। 1950 के राष्ट्रपति आदेश ने स्पष्ट रूप से अनुसूचित जातियों की पहचान हिंदू धर्म तक सीमित रखी थी, जिसे 1956 में सिखों और 1990 में बौद्धों तक विस्तारित किया गया। अदालत ने अपने निर्णय में यह रेखांकित किया कि इस ऐतिहासिक संशोधन का आधार भी यही था कि तीनों ही वर्गों की सामाजिक उत्पत्ति और जातिगत उत्पीड़न की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि समान थी। इसके विपरीत, ईसाई और इस्लाम धर्मों में जातिगत अस्पृश्यता या सामाजिक बहिष्कार की कोई मान्य और संरचित परंपरा नहीं पाई जाती। अतः कोई भी व्यक्ति यदि धर्म परिवर्तन करके ईसाई या इस्लाम धर्म अपनाता है, तो वह उस ऐतिहासिक अन्याय की संरचना से बाहर हो जाता है, जिसके निवारण हेतु आरक्षण व्यवस्था बनाई गई थी।

यही तर्क इस महत्वपूर्ण निर्णय की रीढ़ बनता है। सुप्रीम कोर्ट ने अवैध लाभ प्राप्ति, फर्जी प्रमाणपत्र और आरक्षण के दुरुपयोग जैसी उन अनेक समस्याओं को भी ध्यान में रखा, जिनकी शिकायतें वर्षों से राज्यों और न्यायालयों तक पहुँचती रही हैं। कई राज्यों में यह पाया गया कि धार्मिक परिवर्तन के बाद भी कुछ लोग अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र का उपयोग जारी रखते हैं, जबकि वे अब उस सामाजिक उत्पीड़न का हिस्सा नहीं रहते, जिस पर आरक्षण आधारित है। अदालत ने इसे संविधान के साथ छल करने की श्रेणी में रखा और कहा कि ऐसे मामलों में राज्य और न्यायालय दोनों की भूमिका अत्यंत कठोर होनी चाहिए।

इस निर्णय का सबसे प्रमुख आधार आंध्र प्रदेश के चिंतादा मामले को माना जा सकता है, जिसमें माला जाति से संबंधित एक व्यक्ति ईसाई धर्म अपनाकर पादरी बन गया था, किंतु वह अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र का उपयोग करते हुए शिक्षा व रोजगार में आरक्षण लाभ ले रहा था। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने इसे असंवैधानिक घोषित करते हुए कहा कि ईसाई धर्म का सक्रिय पालन अनुसूचित जाति दर्जे का स्वतः अवसान है। सुप्रीम कोर्ट ने इसी निर्णय को पूर्णतः बरकरार रखते हुए अब इसे राष्ट्रीय स्तर पर एक सिद्धांत के रूप में मान्यता दे दी। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि यह निर्णय किसी व्यक्ति की धार्मिक स्वतंत्रता में बाधा नहीं है; वह किसी भी धर्म को अपनाने के लिए स्वतंत्र है, परंतु आरक्षण उस सामाजिक संरचना से जुड़ा है जिसे वह धर्मांतरण के पश्चात स्वेच्छा से त्याग देता है।

इस ऐतिहासिक फैसले का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि अदालत ने अनुसूचित जाति दर्जे को सामाजिक अत्याचार, बहिष्कार और ऐतिहासिक अन्याय के संदर्भ में परिभाषित किया–कभी भी इसे आर्थिक, राजनीतिक या सांस्कृतिक सुविधा के साधन के रूप में नहीं देखा। निर्णय में यह भी कहा गया कि आरक्षण का उद्देश्य अवसर-समता नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्वास और न्याय की पुनर्स्थापना है। इसलिए यदि कोई व्यक्ति उन परिस्थितियों से बाहर निकल चुका है, तो उसे विशेषाधिकार देना संविधान की नैतिकता के विपरीत है।

इस निर्णय के सामाजिक प्रभाव भी अत्यंत व्यापक रहे। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जैसे क्षेत्रों में दलित समाज ने इसे ÷न्याय की जीत÷ बताते हुए जुलूस निकाले और कहा कि अब धार्मिक रूपांतरण के बहाने फर्जी स्ट दर्जे का दुरुपयोग नहीं होगा। यह प्रतिक्रिया दिखाती है कि स्वयं दलित समुदाय भी चाहता है कि आरक्षण की मूल भावना सुरक्षित रहे और इसका लाभ केवल उन लोगों तक पहुँचे जो वास्तव में ऐतिहासिक अत्याचारों के उत्तराधिकार से जूझ रहे हैं।

समान मुद्दों पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिसंबर 2025 में कहा था कि धर्म परिवर्तन के बाद SC/ST आरक्षण का कोई भी दावा वैध नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के मार्च 2026 के निर्णय ने इस रुख को राष्ट्रीय स्तर की वैधानिक स्वीकृति प्रदान कर दी। इससे न्यायिक दृष्टिकोण में एकरूपता आई और संविधान (SC) आदेश 1950 की भावना को पुनः पुष्ट किया गया।

जनजातीय को सम्मिलित किए बिना अधूरा है सुको का निर्णय

डॉ. प्रवीण गुगनानी

भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने अनुसूचित जाति के संदर्भ में अत्यंत ही महत्वपूर्ण निर्णय दिया है। इस निर्णय से धर्मांतरण के अवैध व असामाजिक कृत्यों से देश को अंशतः मुक्ति मिलेगी। यद्यपि यह निर्णय अभी अधूरा है, जनजातीय समाज को भी इस निर्णय में सम्मिलित करने से ही देश आरक्षण के दुरुपयोग को रोक पायेगा, तथापि, इस निर्णय से भारत में आरक्षण कानून की आत्मा की अंशतः रक्षा तो होगी ही। यद्यपि यह निर्णय समय की माँग के अनुसार जनजातीय वर्ग को अपने प्रभाव में नहीं ले रहा है तथापि इस प्रकार के निर्णय की प्रतीक्षा देश का अनुसूचित जनजातीय समाज बड़ी आतुरता से कर रहा है।

शीर्ष न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि अनुसूचित जाति (SC) के अंतर्गत मिलने वाले आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं को मिलेगा जो मूल रूप से उस सामाजिक-धार्मिक श्रेणी में बने रहते हैं। यदि कोई व्यक्ति धर्म परिवर्तन कर लेता है, तो वह स्वतः उस आरक्षण के अधिकार से वंचित हो सकता है, क्योंकि यह आरक्षण ऐतिहासिक सामाजिक वर्गीकरण के आधार पर दिया गया है।

यह निर्णय केवल एक कानूनी व्याख्या नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता को, सामाजिक संरचना को व हिंदुत्व के विरुद्ध चल रहे कुचक्र को रोकने वाला महत्वपूर्ण कदम है। स्वामी विवेकानंद ने धर्मांतरण की आग की आँच को भाँपकर ही कहा था - "एक धर्मांतरण एक देशद्रोही को जन्म देता है।"

भारत में विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारतीय जाति व्यवस्था को षड़यंत्रपूर्वक छिन्न-भिन्न किया गया था। विदेशी आक्रमणकारी चाहे वे मुस्लिम हों या अंग्रेज़ अपने लाभ के लिए भाले-भाले हिंदू समाज में जातियों के आधार पर मतभेद के बीज बोते रहे हैं और सत्ता की फसल काटते रहे हैं। विदेशी आक्रणताओं के षड्यंत्रों के परिणाम स्वरूप ही पराधीन भारत में कई जातियों को हिंदू समाज में घोर उपेक्षा, अनदेखी, अनादरण व अपवंचन का करना पड़ा था।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया है कि जब कोई व्यक्ति धर्म बदलता है, तो वह उस मूल सामाजिक ढांचे से बाहर आ जाता है, जिसके कारण उसे आरक्षण दिया गया था। यह सही भी है। विदेशी धर्मों को मानने वाले कई लोग धर्म बदलकर भी आरक्षण का लाभ उठा रहे थे जो कि आरक्षण कानून की मूल आत्मा के ही विरुद्ध है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह मंतव्य प्रकट किया है कि ईसाईत व इस्लाम में जाति व्यवस्था का उल्लेख ही नहीं है अतः जातिगत भेद-विभेद भी इन धर्मों में नहीं होते हैं। यह निर्णय ईसाई एवं इस्लामिक की मान्य मजहबी किताबों के आशय / दुराशय को ही आगे बढ़ाता है। बौद्ध, जैन, सिक्ख समुदाय को आरक्षण का लाभ पूर्ववत् मिलता रहेगा क्योंकि इनमें जाति व्यवस्था लागू है।

भारतीय समाज समाज में मंथन चलता रहा है कि धर्मांतरण केवल आस्था का विषय है या इसके पीछे सामाजिक, आर्थिक और संस्थागत कारण भी काम करते हैं। अधिकांश धर्म परिवर्तन के मामलों में यह देखा गया है कि गरीब और वंचित वर्गों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार या अन्य सुविधाओं के माध्यम से प्रभावित कर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जाता है। मतांतरण के पीछे केवल और केवल दुराशय ही होते हैं। यह और कुछ नहीं अपितु भारत में जनसांख्यिकीय संतुलन को बिगाड़ कर अपनी संख्या बढ़ाने समाज, सत्ता, व्यवस्था को मजहबी कानून से चलाने का एक षड्यंत्र है। लोकतंत्र में संख्या बल ही सत्ता को निर्धारित, नियंत्रित व नियमित करता है। धर्मांतरण कुचक्र का लक्ष्य अपनी संख्या बढ़ाने और टेक्टिकल वोटिंग के माध्यम से निर्णय प्रक्रिया में हावी होने का रहता है।

इस विषय में यह भी ध्यान देना चाहिए कि दो कथित धर्म की मूल व्याख्याओं में ही अपनी संख्या को येन केन प्रकारेण बढ़ाने का मूल लक्ष्य सम्मिलित है। यह एक प्रामाणिक तथ्य है जिसे हम इनकी मजहबी किताबों में सरलता दे देख सकते हैं। यहीं से मतांतरण एक राष्ट्र विरोधी कार्य बन जाता है। भारत में ईसाईयत एवं इस्लाम की विस्तारवादी दुष्प्रवृत्ति मतांतरण का प्रमुख कारण है। ईसाईयत एवं इस्लाम दुष्प्रवृत्ति ने भारत के जातीय वर्गीकरण में असंतोष, भेद, विभेद, मतभेद, दूरियों के बीज बोए और सत्ता हथियाकर भारतीय धन-संपदा, संसाधनों को भरपूर लूटा है। सर्विदित है कि भारत में निर्धन वर्ग को व अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के बंधुओं को लक्ष्य बनाकर ईसाई व मुस्लिम संस्थानों द्वारा धर्मांतरण कराया जा रहा है। यह धर्मांतरण लव जिहाद, लैंड जिहाद आदि जैसे आपराधिक तरीकों से कराया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, नौकरी, कुछ सुविधाएँ, आदि देने के नाम पर बलात् मतांतरण के लाखों मामले देश के वायुमंडल में विष घोलते रहे हैं। डरा-धमकाकर, बहला-फुसलाकर भारतीय ग्रामीणों भी मतांतरण कराए जाने के लाखों मामले प्रतिवर्ष समाज में आते रहे हैं। इस प्रकार के मामले सामने आने पर देश में अनेक बार सामाजिक शांति, सौहाद्र, सद्भाव बिगड़ता है व कानून व्यवस्था भंग होती है। मतांतरण के कारण देश में झगड़े, दंगे, बवाल होते हैं। अब सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से आरक्षण का लाभ समाप्त होने के भय से मतांतरण की गति कम होगी। यह निर्णय सुनिश्चित करता है कि आरक्षण का लाभ उसी उद्देश्य के लिए उपयोग हो, जिसके लिए उसे बनाया गया था। स्वाभाविक ही है कि धर्म परिवर्तन के साथ व्यक्ति का सामाजिक नेटवर्क, संस्थागत समर्थन और जीवनशैली बदल सकती है। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि क्या वह पहले जैसी सामाजिक वंचना का सामना कर रहा है या नहीं?

इस निर्णय का स्वागत समूचा देश कर रहा है किंतु इसमें अभी कुछ और सुधार होना शेष है। स्ट के साथ-साथ यह नियम स्ज्ञ पर भी लागू होना चाहिए था। देश का जनजातीय समाज भी इन विदेशी व आयातित धर्मों के दुश्चक्र का बड़ा शिकार रहा है। देश का इतिहास साक्षी है कि वनवासी समाज को बड़ी मात्रा में शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक लालच, लव जिहाद, लैंड जिहाद, डरा-धमकाकर मतांतरण के कुएँ में धकेला जाता रहा है।

सर्वोच्च न्यायालय को इस वन्दनीय निर्णय के आलोक में जनजातीय आरक्षण, मतांतरण आदि का अध्ययन करके स्वयं ही संज्ञान लेना चाहिए।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

चारों तरफ यही अफ्वाह है। मुझे बस तुम्हारी परवाह है।। जबसे पंख लगे महंगाई को, लगती सदा कम तनख्वाह है।। हर कदम से हैं शिकायतें, मेरा नसीब ही गुमराह है।। जहाँ दफ्न हैं मेरी ख्वाहिशें- वही जगह पाक दरगाह है।। कैसे कहूँ मिला नहीं कुछ. पास तुझसा ये मिस्बाह है।। ना रहे विवाद दरमियान कोई, चलो करते बिस्मिल्लाह हैं।। जहाँ मिलते दिल भेदभाव छोड़, गिरीश वो जन्नत है ईदगाह है।।

– गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश

दुनिया को कमाता हुआ पुरुष ही भाता है, थका हुआ चेहरा अक्सर अनदेखा रह जाता है। दिन भर संघर्षों में खुद को जो गलाता है, रात को भी चैन से वो कहाँ सो पाता है। जिसके कंधों पर पूरा घर-परिवार टिका होता है, उसके मन का बोझ भला कौन समझता है? कमाई से ही मूल्यांकन यहाँ पुरुषों का होता है, थकान का दर्द जैसे सदैव मौन ही सोता है।।

– अनुराधा सिंह

शाम तक सुबह की नज़रों से उतर जाते हैं। इतने समझौतों पे जीते हैं कि मर जाते हैं।। घर की गिरती हुई दीवारें ही मुझ से अच्छी। कमल रास्ता चलते हुए लोग ठहर जाते हैं।। हम तो बे-नाम इरादों के मुसाफ़िर हैं दोस्त। कुछ पता हो तो बताएँ कि किधर जाते हैं।। आपका दिन शुभ और मंगलमय हो।

– कमलकांत डोंगरे

चलो आज फिर से यादों के झरोखे खोलते हैं बंद पुराने किस्सों का संदूक फिर से खोलते हैं दफ्न थी किसी कोने में जो मासूम नादानियाँ, चलो आज फिर से उन्हें महसूस करते हैं आज की इस भागदौड़ भरी जिंदगी में,हम कहीं ना कहीं अपना बचपन पीछे छोड़ आए हैं अगर आप भी अपने उस मासूम दौर को मिस करते हैं, तो एक जरूर छोड़ जाना। – रेनु सिंघल

दिल्ली मे पूर्व पाकिस्तान हाई कमिश्नर रह चुके और भारत मे कांग्रेस के प्रिय अब्दुल बासित ने धमकी दी है कि दिल्ली और मुंबई पर हमला कर देंगे यदि अमेरिका पाकिस्तान पर हमला करता है । बासित के दिल्ली आफिस मे इफ्तार करने वालो मे से किसी ने इसकी आलोचना नही की । – **एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता**

कभी झुककर रिश्ते को संभाला तो कभी रूककर साथ चलने का इंतजार किया पर हर बात की एक तय सीमा होती है ना तो अब रीढ़ को सीधा कर दिया है रास्ते पर ठहरने का अब सवाल ही पैदा नहीं होता है।

– सरिता सैल

अगर किसी को गम है तो वो भी गुजर जायेगा, जब खुशियां चली गयी तो गम की क्या औकात! खुशियां मोबाइल के नेट की तरह होती हैं, जैसे अच्छी वीडिओ देखते देखते नेट कब खत्म हो गया पता ही नही चलता, वैसे ही खुशियां कब कापुर हो जाएं कोई भरोसा नहीं।

– पंडित विजय लक्ष्मी

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष राशिः मेष राशि वालों आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। आज सफलता मिलने से थकान दूर हो जाएगी।

वृषभ राशिः वृष राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आत्मविश्वास और मनोबल के सहारे आप नई उपलब्धि प्राप्त करेंगे। आज घर में रिश्तेदारों के आगमन से खुशनुमा माहौल बना रहेगा।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज अत्यधिक जिम्मेदारियां रहेंगी परंतु आप उचित व्यवस्था बनाकर हल भी निकाल लेंगे।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। अनुभवी लोगों से मेल मिलाप तथा नई जानकारियां हासिल होंगी।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज कई तरह की गतिविधियों में आपका रुझान रहेगा। आज किसी भी कार्य को करने से पहले उसके सकारात्मक व नकारात्मक पहलुओं पर अवश्य विचार कर लें।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कार्यप्रणाली बेहतर होगी और किसी काम में उचित सफलता मिलने से उत्साह और अधिक बढ़ेगा।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज नए कार्यों को करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आज कुछ समय आत्म मनन और चिंतन में लगाएं। ज्यादा मेहनत की वजह से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज सकारात्मक गतिविधियों में खुद को व्यस्त रखेंगे। आज अपने गुस्से को कंट्रोल में रखें तथा फिजूलखर्च पर भी नियंत्रण रखें।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज कुछ नई उपलब्धियां आपका इंतजार कर रही हैं। इस बेहतरीन समय का उचित सदुपयोग करें।

मकर राशिः मकर राशि वालों आज आपकी कई योजनाएं समय से पूरी हो जायेंगी। आज बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद व कृपा प्राप्त होगी और उनके मार्गदर्शन में आप खास निर्णय लेने में आसानी महसूस करेंगे।

कुंभ राशिः कुंभ राशि वालों आज बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते हैं। आज का दिन परिवार के साथ हर्षोल्लास में बीतेगा। आज आप अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन पर जरूर अमल करें, निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी।

मीन राशिःमीन राशि वालों आज आपके अधूरे कार्य पूरे हो जायेंगे। आज आप बच्चों से मित्रवत व्यवहार रखें तथा उनकी समस्याओं को सुनें और सुलझाएं।

QUIZ TIME

1) दुनिया की सबसे लंबी एक्सप्रेसवे सुरंग, तियानशेन शेंगिल सुरंग, किस देश में स्थित है?

2) इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस किस प्रकार की बीमारी है?

3) हर साल विश्व आयोडीन अल्पता दिवस किस दिन मनाया जाता है?

4) साहित्य में नोबेल पुरस्कार 2024 किसे दिया गया है?

5) 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार 2025 के विजेता कौन थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) चीन (2) फेफड़ों की बीमारी (3) 21 अक्टूबर (4) हान कांग (5) गुलजार और जगद्गुरु रामभद्राचार्य

पहेली

शब्द सामर्थ्य -353

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 352 का हल

वाघा की मिट्टी में गूंजी छत्तीसगढ़ की दहाड़, महिला प्रहरियों के जज्बे ने जीता पत्रकारों का दिल

अनवर कुरैशी

अमृतसर/वाघा बॉर्डर/रायपुर/नवप्रदेश। जब ढलते सूरज की नारंगी किरणों ने भारत-पाकिस्तान की सरहद को छुआ, तो अमृतसर का वाघा बॉर्डर केवल एक सीमा रेखा नहीं, बल्कि जोश और जज्बे का एक जीवंत महाकाव्य बन गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय रायपुर द्वारा आयोजित अंतर-राज्यीय प्रेस दौरे के अंतिम चरण में छत्तीसगढ़ के 14 सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार शाम वाघा-अटारी बॉर्डर पर होने वाली विश्व प्रसिद्ध 'बीटिंग रिट्रीट' सेरेमनी का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। रायपुर की शांत गलियों से निकलकर सीमा के इस 'जीरो लाइन' तक पहुँचे पत्रकारों के लिए यह अनुभव केवल एक रिपोर्टिंग का हिस्सा नहीं था, बल्कि राष्ट्रभक्ति के उस ज्वार को महसूस करना था, जो हर हिंदुस्तानी के सीने में धड़कता है। शाम के ठीक 4:30 बजे थे, गैलरी में हजारों की भीड़ 'भारत माता की जय' के नारों से आसमान गुंजा रही थी। छत्तीसगढ़ी पत्रकारों का दल जब वीआईपी दीर्घा में बैठा, तो सामने सीमा सुरक्षा बल) के जांबाज पुरुष और महिला जवान अपनी रौबदार मूंछों, मखमली कलगी वाली टोपियों और अदम्य साहस के साथ तैनात थे। छत्तीसगढ़ के पत्रकारों ने देखा कि कैसे महिला और पुरुष प्रहरियों के बीच अनुशासन और आक्रामकता का एक अनूठा संतुलन सीमा पर बनाए रखा जाता है। सेरेमनी का सबसे भावुक क्षण वह था, जब बिगुल की आवाज के साथ राष्ट्रध्वज को पूरे सम्मान के साथ धीरे-धीरे नीचे उतारा गया। यह 'बीटिंग रिट्रीट' की वह प्राचीन सैन्य परंपरा है, जो सूर्यास्त के समय युद्ध विराम और शांति का प्रतीक मानी जाती है। तिरंगे को पूरी मर्यादा के साथ समेटते हुए जवानों के चेहरों पर जो गंभीरता थी, उसने छत्तीसगढ़ी प्रतिनिधिमंडल को भीतर तक झकझोर दिया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने महसूस किया कि रायपुर में फहराते जिस तिरंगे को हम रोज देखते हैं, उसकी गरिमा को बनाए रखने के लिए यहाँ सरहद पर जवान हर पल किस कदर मुस्तैद रहते हैं।

देश की सरहदें सुरक्षित और सशक्त हाथों में

जैसे ही सेरेमनी की शुरुआत हुई, बीएसएफके जवानों के बूटों की जमीन पर पड़ने वाली धमक ने वातावरण में एक अलग ही ऊर्जा भर दी। इस परेड का सबसे गौरवशाली और संवेदनात्मक पहलू बीएसएफकी महिला प्रहरियों का शामिल होना था। उनके चेहरे पर वही कठोर अनुशासन, वही तीक्ष्ण दृष्टि और वही फौलादी इरादा था, जिसने दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। जवानों का पैर सिर के ऊपर तक ले जाकर जमीन पर पटकना और उनकी आंखों में झलकता आत्मविश्वास यह बता रहा था कि देश की सरहदें सुरक्षित और सशक्त हाथों में हैं।

न्यूज गैलरी

यूनीसेफ के इमेजिन वेंचर के प्रथम भारतीय विजेता ने की राज्यपाल से भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से आज लोकभवन में यूनीसेफ के इमेजिन वेंचर के प्रथम भारतीय पुरस्कार विजेता एवं एलियन इनोवेशन्स हैदराबाद के संस्थापक रवि किरण ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए विकसित नवीनतम सहायक उपकरण का प्रदर्शन किया और इसकी विशेषताओं की जानकारी दी। रवि किरण ने बताया कि यह उपकरण दृष्टिबाधित लोगों को दैनिक जीवन में अधिक स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनने में सहायता करेगा। भेंट के दौरान उन्होंने राज्य में दृष्टिबाधितजनों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आगामी लॉन्च कार्यक्रम के लिए राज्यपाल को आमंत्रित भी किया। राज्यपाल ने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर बनाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर एलियन इनोवेशन्स की प्रमुख सुश्री हर्षिता भी उपस्थित थी।

कोडार परियोजना वितरक नहर के कार्यों के लिए 21.11 करोड़ स्वीकृत

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग के अंतर्गत महासमुंद जिले की कोडार परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर के चिंगरौद वितरक नहर का सी.सी. लाईनिंग कार्य हेतु 21 करोड़ 11 लाख 92 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के प्रस्तावित कार्यों के उपरांत रूपांकित सिंचाई क्षमता के विरूद्ध 767 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति के साथ ही 210 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई सहित कुल 3619 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा होगी। योजना के अंतर्गत कार्यों को पूर्ण कराने के लिए मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

युवा छत्तीसगढ़ में बढ़ रही बुजुर्गों की संख्या, 60 प्लस दस फीसदी से ज्यादा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 साल में पहुंचकर युवा छत्तीसगढ़ बन गया है, लेकिन इस राज्य में अब 60 वर्ष से अधिक आयु वाले उम्रदराज लोगों की संख्या बढ़ रही है। राज्य में 60 वर्ष से अधिक जनसंख्या वर्ष 2011 के मुकाबले 2026 में 10.5 प्रतिशत पहुंच गई है। जनसांख्यिकी संरचना के हिसाब से यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण संकेतक है। यह स्थिति राज्य में वृद्ध जनसंख्या के बढ़ते हुए अनुपात को दर्शाती है, जो सामाजिक विकास के साथ-साथ शासन व्यवस्था के लिए एक उभरती हुई प्राथमिक चुनौती है एवं दायित्व की ओर इंगित करती है। आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय छत्तीसगढ़ ने यह रिपोर्ट सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण में पेश की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि, यह तथ्य जीवन प्रत्याशा में वृद्धि तथा स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार का परिचायक है, लेकिन साथ ही यह संकेत भी देता है कि आगामी वर्षों में राज्य को वृद्धजन देखभाल, दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रबंधन तथा सामाजिक सुरक्षा आवश्यकताओं के क्षेत्र में एक सुदृढ़ योजना एवं संसाधन आवंटन की जरूरत होगी। वृद्धजन समाज की अनुभवी एवं मूल्यवान मानव पूंजी होते हैं, लेकिन इस अवस्था में उन्हें स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता, संरक्षण तथा सम्मानजनक जीवन यापन के लिए विशेष सहयोग अपेक्षित होता है। छत्तीसगढ़ में 60 साल या उससे अधिक आयु वर्ग का निर्भरता अनुपात वर्ष 2021 में 138 से बढ़कर 2026 में 157 हो गया है। यह भी इस बात का संकेत देता है कि राज्य में वृद्ध जनसंख्या लगातार बढ़ रही है।

व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष की बड़ी पहल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने व्यापारिक हितों के संरक्षण और व्यापारियों को तकनीकी व कानूनी अड़चनों से राहत दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। चेम्बर द्वारा प्रदेश भर के विषय विशेषज्ञों को विभिन्न विभागों के लिए सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है। यह विशेषज्ञ टीम व्यापारियों को जीएसटी, आयकर, बैंकिंग और श्रम कानून जैसे जटिल विषयों पर आ रही परेशानियों का निराकरण करने और उन्हें सही मार्गदर्शन देने के लिए सीधे संपर्क में रहेगी। जीएसटी एवं अप्रत्यक्ष कर विभाग में चेतन तारवानी, भावेश मित्तल, जितेन्द्र खनूजा, नितिन गोयल और रश्मि वर्मा सहित 20 अनुभवी विशेषज्ञों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये विशेषज्ञ रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, भिलाई और अन्य शहरों के व्यापारियों को जीएसटी संबंधी कानूनी पेचीदगियों पर सलाह देंगे। आयकर एवं मुकदमेबाजी से संबंधित व्यापारियों को आयकर से संबंधित नोटिस और अन्य विधिक कार्यों में सहयोग के लिए हार्दिक पाटनी, मुकुल चोरड़िया, डिंपल वल्र्यानी और रितेश जायसवाल सहित 9 विशेषज्ञों की टीम गठित की गई है। MSME सब्सिडी, बैंकिंग एवं वित्त जैसे विषय पर छोटे और मध्यम उद्योगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और बैंकिंग संबंधी सहायता के लिए अरिहंत जैन, दाहवाल शाह और विक्रम देवनानी सहित 9 सलाहकार नियुक्त किए गए हैं। साथ ही श्रम कानून और रेरा से संबंधित विषयों के लिए हिमांशु लालवानी और सी.ए. टुटेजा जी को विशेषज्ञ नियुक्त किया गया है। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ का व्यापारी वर्ग हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। अक्सर जीएसटी, आयकर और बैंकिंग जैसे जटिल तकनीकी विषयों के कारण व्यापारियों को अनावश्यक मानसिक और आर्थिक दबाव झेलना पड़ता है।

छत्तीसगढ़ सरकार की नई सेवा, निवेशकों को होगा बड़ा लाभ

वन क्लिक सिंगल विंडो, 16 विभागों की 136 से अधिक सेवाएं एक साथ

■ निवेशकों को छत्तीसगढ़ में व्यवसाय स्थापित करने के लिए जरूरी सभी अनुमतियां प्रदान करता है

रायपुर। छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार की ओर से एक नई सेवा शुरू की गई है। यह है वन क्लिक सिंगल विंडो एक एकीकृत डिजिटल पोर्टल है, जो निवेशकों को छत्तीसगढ़ में व्यवसाय स्थापित करने के लिए आवश्यक सभी अनुमतियां, मंजूरी, भूमि आवंटन और ऑनलाइन भुगतान की सुविधा एक ही जगह प्रदान करता है। यह प्रणाली 16 विभागों की 136 से अधिक सेवाओं को जोड़ती है, जिससे समय की बचत होती है, पारदर्शिता बढ़ती है और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलता है। उद्योग विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन क्लिक सिंगल विंडो के मूल विचार सरल है विभाग के साथ काम करने वाले सभी लोगों के लिए प्रक्रिया को आसान बनाना। चाहे आप एक स्थापित व्यवसाय हों, संभावित निवेशक हों, स्टार्टअप हों या निर्यातक हों, अब आपको सब कुछ एक ही स्थान पर मिलेगा। अनुमोदन के लिए वन क्लिक सिंगल विंडो से लेकर सब्सिडी कैलकुलेटर के साथ प्रोत्साहन का अनुमान लगाने तक, प्रक्रिया अब अधिक पारदर्शी और कुशल है। छत्तीसगढ़ के व्यापार को आसान बनाएं के व्यापक वादे के तहत, वनक्लिक राज्य का नया सिंगल-विंडो पोर्टल है जो व्यापारिक वातावरण में गति, सरलता और पारदर्शिता लाता है। अनुमोदन और मंजूरी से लेकर बिल भुगतान, भूमि आवंटन और अनुपालन तक एक उद्यमी या निवेशक को जो कुछ भी चाहिए, वह अब सिर्फएक क्लिक दूर है।

यह पोर्टल स्थापना से पहले और स्थापना के बाद की सभी स्वीकृतियों को कवर करता है, जैसे कि स्थापना की अनुमति), संचालन की अनुमति, भूमि आवंटन, भवन योजना की स्वीकृति, जल और विद्युत कनेक्शन, कारखाना लाइसेंस, श्रमिक पंजीकरण, वृक्ष पारगमन परमिट और अन्य वैधानिक एनओसी, सभी सेवाएं सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा से जुड़ी हैं।

प्रदेश का एकीकृत डिजिटल प्लेटफार्म

छत्तीसगढ़ सिंगल विंडो पोर्ट -वन क्लिक सीजी एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे राज्य में व्यवसायों द्वारा आवश्यक सभी औद्योगिक स्वीकृतियां और मंजूरी प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह पर्यावरण, श्रम, उद्योग, ऊर्जा, जल संसाधन, शहरी प्रशासन और कानूनी माप विज्ञान सहित 16 प्रमुख विभागों की 136 से अधिक सेवाओं को एक साथ लाता है, जिससे उद्यमियों को कई कार्यालयों से संपर्क करने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।

छत्तीसगढ़ में फिल्म निर्माण को मिलेगी अब नई दिशा

■ स्क्रिप्ट समिति गठन के लिए महत्वपूर्ण बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। संस्कृति एवं राजभाषा संचालनालय में छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन की अध्यक्षता में स्क्रिप्ट समिति के गठन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक प्रदेश में फिल्म निर्माण की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने तथा छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला और सांस्कृतिक विरासत को सिनेमा के माध्यम से व्यापक पहचान दिलाने की दिशा में एक अहम पहल के रूप में देखी जा रही है। संस्कृति विभाग के संचालक श्री विवेक आचार्य ने सिनेमा और संस्कृति के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों और क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों ने सहभागिता करते हुए अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

बैठक में इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के अधिष्ठाता प्रो. डॉ. राजन यादव, ललित कला अकादमी नई दिल्ली के फोटो अधिकारी श्री अभिमन्यु सिन्हा, प्रसार भारती आकाशवाणी रायपुर से पद्मश्री डॉ. राधेश्याम तारक तथा प्रसार भारती दूरदर्शन रायपुर के कार्यक्रम अधिकारी श्री पी.के. पाठक उपस्थित रहे। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मुंबई से फिल्म अभिनेता श्री भगवान तिवारी ने भी अपनी भागीदारी निभाते हुए फिल्म निर्माण के व्यावहारिक पहलुओं और संभावनाओं पर प्रकाश डाला। बैठक में सदस्य सचिव के रूप में उप संचालक श्री उमेश मिश्रा ने समन्वय की भूमिका निभाई।

माता कौशल्या महोत्सव का भव्य शुभारंभ चंद्रखुरी धाम में श्रद्धा और संस्कृति की झलक

■ महिला सशक्तिकरण को समर्पित माता कौशल्या महोत्सव 2026

रायपुर/आरंग/नवप्रदेश। जिले के आरंग विकासखंड अंतर्गत चंदखुरी ग्राम में माता कौशल्या महोत्सव 2026 का शुभारंभ कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब ने दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मानस मंडली एवं सुप्रसिद्ध कलाकार श्रीमती पूनम विराट तिवारी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब ने संबोधित करते हुए कहा कि यह महोत्सव मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में ÷महतारी वंदन योजना÷ की 25वीं किस्त जारी कर महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर चलना चाहिए। उन्होंने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अयोध्या में 500 वर्षों बाद भगवान श्रीराम के जन्मस्थान पर भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है।

पीएम आवास योजना से बदली जिंदगी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर, निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग को पक्का घर प्रदान करती है। यह योजना वित्तीय सहायता, ब्याज सब्सिडी और घर निर्माण/खरीद के लिए सब्सिडी प्रदान करती है, जिसका उद्देश्य सभी के लिए किफायती आवास सुनिश्चित करना है। बेमेतरा जिला के ग्राम पंचायत सरदा, जनपद पंचायत बेरला की निवासी श्रीमती दशोदा धीवर के जीवन में प्रधानमंत्री आवास योजना ने नई उम्मीद, सुरक्षा और सम्मान का संचार किया है। वर्ष 2024-25 में स्वीकृत उनका आवास 20 अगस्त 2025 को पूर्ण हुआ, जिससे उनका वर्षों

जर्जर झोपड़ी से पक्के घर तक पहुँची

पुराना पक्के घर का सपना साकार हो गया। आवास मिलने से पूर्व धीवर का परिवार कच्चे दीवारों और घास-फूस की छत वाली जर्जर झोपड़ी में रहता था। बारिश के मौसम में छत से पानी टपकता था और दीवारें कमजोर पड़ जाती थीं। तूफान के दौरान घर गिरने का भय बना रहता था, जिससे उन्हें पूरी रात जागकर गुजारनी पड़ती थी। हर मौसम उनके लिए कठिनाइयों से भरा हुआ था। दशोदा धीवर दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती थीं। अनिश्चित आय के कारण रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी चुनौतीपूर्ण था। ऐसे में पक्के घर का सपना उनके लिए लगभग असंभव प्रतीत हो रहा था। आवास निर्माण की प्रक्रिया में उन्हें कई औपचारिकताएं पूरी करनी पड़ीं, जैसे बैंक खाता खुलवाना और आवश्यक दस्तावेज तैयार करना। शासन द्वारा सहायता राशि किस्तों में सीधे उनके खाते में भेजी गई, जिससे पारदर्शिता बनी रही। स्थानीय अधिकारियों के मार्गदर्शन और ग्रामीणों के सहयोग से उन्होंने निर्माण कार्य प्रारंभ किया। लागत कम करने के लिए स्वयं श्रमदान कर उन्होंने धीरे-धीरे अपने सपनों का घर तैयार किया।

देशी शराब का रेट नहीं बढ़ेगा, अंग्रेजी पर सस्पेंस

रायपुर। छत्तीसगढ़ में देशी शराब पीने-पिलाने के शौकीनों के लिए ये खबर सुकून देने वाली है कि इस साल पहली अप्रैल से लेकर अगले एक साल तक राज्य में देशी शराब की कीमत नहीं बढ़ने वाली है. लेकिन अंग्रेजी शराब के मामले में फिलहाल सस्पेंस है। अगले तीन-चार दिनों में साफहोगा कि अंग्रेजी के रेट बढ़ेंगे या नहीं। कल 25 तारीख को इसके रेट ऑफर खुलने वाले हैं।

देशी शराब के रेट नहीं बढ़ेंगे यह तथ्य इस जानकारी पर आधारित है कि आबकारी विभाग ने 1 अप्रैल से शुरू हो रहे नए वित्तीय वर्ष के लिए शराब के नए रेट ऑफर बुलाए गए थे। सूत्रों के अनुसार इसमें पांच कंपनियों ने हिस्सा लिया था। इन कंपनियों ने अपने-अपने रेट दिए हैं। बताया गया है कि पिछले साल जो रेट प्रचलित थे, उसी प्रकार के रेट आए हैं। आबकारी विभाग ने प्रस्तावित रेट पर निगोसिएशन (मोल-भाव) भी किया है। इसी आधार पर कहा जा रहा है कि देशी के रेट नहीं बढ़ रहे हैं। आबकारी विभाग ने इस संबंध में शासन को भी जानकारी भेजी है।

देशी-विदेशी के लिए ग्लोबल टेडर आए 90 ब्रांड

इधर राज्य में अंग्रेजी और विदेशी शराब के लिए रेट आफर बुलाए जा चुके हैं। इस सौदे के लिए ग्लोबल टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। बताया गया है कि इस टेंडर में 90 ब्रांड के लिए कई देशों की कंपनियों ने रेट ऑफर दिया है। आबकारी विभाग 25 मार्च को रेट ऑफर पर कंपनियों से बात करेगा। इस दौरान कंपनियां जो रेट आफर करेंगी, उस पर आबकारी विभाग निगोसिएशन करेगा। इसके बाद रेट सामने आएंगे। इस प्रस्तावित रेट में सरकार टैक्स और सेस वगैरह जोड़ेगी। यह जोड़ने के बाद ग्राहकों के लिए फाइनल रेट तय हो जाएंगे।

मंत्रियों के गृह जिलों में अफीम की खेती का पकड़ाना संयोग मात्र नहीं: कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। अफीम की अवैध खेती के लिए भाजपा सरकार और सत्ता में बैठे नेताओं की जिम्मेदारी तय करने की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा सरकार प्रदेश में दीनदयाल अफीम संवर्धन योजना चला रही है। प्रदेश के कद्दावर मंत्रियों के गृह जिलों में विगत 17 दिनों के भीतर 5 बड़े मामलों का खुलासा हुआ है। बेखौफ अफीम की खेती का दुस्साहस बिना सत्ता के संरक्षण के संभव नहीं है। सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि पहले दुर्ग के समोदा फिर बलरामपुर में कुसमी और खजुरी और उसके बाद रायगढ़ जिले के तमनार और लैलूंगा में करोड़ों की अफीम की फसल अचानक नहीं हुई। अफीम कोई मशरूम की फसल तो है नहीं कि बंद कमरे में किया जा सके। खुलेआम एकड़ों में अवैध नशे की खेती और प्रशासन की खामोशी, बिना सत्ता के संरक्षण के संभव नहीं।

रेलवे का नया अध्याय : 16 कोच वाली स्वदेशी सेमी-हाई स्पीड ट्रेन का निर्माण पूरा, इसी माह के अंत तक रेलवे को सौंपी जाएगी

आरसीएफ कपूरथला से पटरी पर उतरने को तैयार पहली 'वंदे भारत'

अनवर कुरैशी

कपूरथला/रायपुर/नवप्रदेश। देश में स्वदेशी रेल निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए रेल कोच फैक्टरी , कपूरथला ने अपनी पहली 'वंदे भारत एक्सप्रेस' का सफल निर्माण कर लिया है। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 16 कोचों वाली यह ट्रेन अब अपने अंतिम चरण में है और चालू मार्च माह के अंत तक परिचालन के लिए भारतीय रेलवे को सौंप दी जाएगी। यह आत्मनिर्भर भारत और 'मेक इन इंडिया' की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। पत्र सूचना कार्यालय द्वारा आयोजित पंजाब मीडिया दौरे के तहत छत्तीसगढ़ के 14 सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को आरसीएफ कपूरथला का विस्तृत दौरा किया। पत्रकारों ने कारखाने की कार्यप्रणाली को करीब से देखा और समझा कि कैसे अत्याधुनिक मशीनों और कुशल इंजीनियरों की मदद से कच्चे स्टील को एक भव्य और आधुनिक यात्री कोच का रूप दिया जाता है।

तकनीक और सुरक्षा का बेजोड़ संगम

मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए उप महाप्रबंधक श्री अमन कुमार ने बताया कि अब तक वंदे भारत का निर्माण केवल आईसीएफ चेन्नई में होता था, लेकिन अब आरसीएफ कपूरथला और मॉडर्न कोच फैक्ट्री रायबरेली को भी इस तकनीक से जोड़ा गया है।

वंदे भारत: रफ्तार और सुविधा के नए मानक

- **रफ्तार:** 160 किमी/घंटा की परिचालन गति (डिजाइन गति 180 किमी/घंटा)।
- **सुरक्षा:** स्वदेशी 'कवच' प्रणाली और क्रैशवर्दी डिजाइन।
- **इंटीरियर:** एर्गोनोमिक सीटिंग, मोबाइल चार्जिंग, और उन्नत पैंट्री।
- **तकनीक:** जीपीएस आधारित यात्री सूचना प्रणाली और सीसीटीवी निगरानी।
- **एसी:** उन्नत हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग सिस्टम।

यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा

कपूरथला में निर्मित इस नई वंदे भारत में यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा गया है। इसमें 'कवच' (कन्फर्म ट्रेन कोलिजन अवॉयडेंस सिस्टम) के साथ-साथ शौचालयों में विशेष स्मोक डिटेक्टर लगाए गए हैं। **– अमन कुमार, उप महाप्रबंधक, आरसीएफ**

एक नजर में

- **स्थापना:** वर्ष 1988।
- **उत्पादन:** प्रति वर्ष 2,200 से 2,300 कोच।
- **कार्यबल:** 5,600 कर्मचारी, 4,000 आवासीय क्वार्टर।
- **खेल:** परिसर में एस्ट्रोटर्फहॉकी ग्राउंड और 18-होल गोल्फकोर्स।

खेल और विकास का केंद्र

आरसीएफ केवल कोच निर्माण ही नहीं, बल्कि खेलों के क्षेत्र में भी देश का नाम रोशन कर रहा है। वर्तमान में यहाँ अखिल भारतीय अंतर-रेलवे महिला हॉकी का आयोजन हो रहा है। श्री कुमार ने बताया कि यहाँ के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय रेल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जगदलपुर शहर में करोड़ों की विकास कार्यों की दी सौगात

जगदलपुर/ नवप्रदेश। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार का दिन विकास की नई इबारत लिखने वाला रहा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने 22 करोड़ 67 लाख से अधिक के विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

इस व्यापक अभियान में शहर में सड़क संपर्क , स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। जो बस्तर के समग्र विकास के प्रति राज्य सरकार की संकल्प व प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत माड़िया चौक से बोधधाट थाना तक सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य लागत 04 करोड़ 99 लाख रुपए, जगदलपुर महारानी अस्पताल में हिमोडायलिसिस, पैलिएटिव व कैंसर क्लिनिक बील्डिग भवन का भूमिपूजन कार्य का लागत 04 करोड़ 62 लाख रुपए, महारानी अस्पताल में स्त्रीरोग बील्डिग भवन का भूमिपूजन कार्य लागत 04 करोड़ 30 लाख रुपए, जगदलपुर में 02 नग वित्त कार्यालय भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन लागत 07 करोड़ 95 लाख रुपए एवं उप संचालक उधान भवन निर्माण कार्य लोकार्पण लागत 80 लाख रुपए कुल 22 करोड़ 67 लाख रुपए के विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन व लोकार्पण भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव के द्वारा विधिवत किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि हमारी सरकार बस्तर को मुख्यधारा से जोड़ने और बुनियादी सुविधाएं अंतिम व्यक्ति तक

पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। बस्तर में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने को लेकर हम सजगता के साथ कार्य कर रहे हैं। बस्तर की जनता के बेहतर स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने महारानी अस्पताल में कैंसर क्लिनिक बील्डिग भवन एवं स्त्रीरोग भवन का भूमिपूजन किया गया। इसके निर्माण से बस्तर के जनता को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। बस्तर में स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने हम लगातार प्रयासरत हैं। स्त्रीरोग भवन एवं हिमोडायलिसिस पैलिएटिव व कैंसर क्लिनिक बील्डिग भवन निर्माण से लोगों को काफी सुविधा होगी। श्री देव ने कहा कि आज जिन सड़कों, भवनों की आधारशिला रखी गई है, वे महज निर्माण कार्य नहीं, बल्कि प्रगति के रास्ते हैं। श्री देव ने कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में हमारे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही हमारी सुशासन की पहचान है। शहर के बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा । शहर के माडिया चौक से बोधधाट थाना तक सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य जनता की मांग रही जिससे मांग के अनुरूप सड़कों के निर्माण कराया जा रहा है जिससे प्राथमिकता के साथ सड़कों का लगातार निमार्ण कार्य किया जा रहा है। सड़क के निर्माण से जनता को आवागमन में सुविधा होगी। हमारा लक्ष्य है कि जगदलपुर शहर का कोई भी क्षेत्र का विकास में अधूरा ना रहे। विकास कार्य में राशि की कमी नहीं होगी। शहर में लगातार चौमुखी विकास कार्य हो रहे है । विकास अनवरत जारी रहेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव का सहृदय धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। वहीं बेवरेज कारपोरेशन अध्यक्ष श्री श्रीनिवास राव ने कहा कि जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य तेज गति के साथ हो रहे हैं। जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य हो रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के नेतृत्व में विकास के पथ पर लगातार विकास की गाथा गढ़ रही है।

संक्षिप्त खबरें

बेवरती एवं बांधापारा नाथिया नवागांव जलाशय मत्स्य पालन के लिए पट्टे पर होगा आबंटित

कांकेर / नवप्रदेश। जनपद पंचायत कांकेर अंतर्गत बेवरती एवं बांधापारा नाथियानवागांव सिंचाई जलाशय को मत्स्य पालन के लिए 10 वर्षीय पट्टे पर आबंटित किया जाएगा। जनपद पंचायत कांकेर से मिली जानकारी के अनुसार पट्टा आबंटन में पंजीकृत मत्स्य सहकारी समिति एवं मछुआ समूह, स्थानीय महिला स्वसहायता समूह, मछुआ व्यक्ति एवं मत्स्य कृषक, ऐसा क्षेत्र जहां वर्ष 1968 या उसके पश्चात मकान, भूमि आदि डूब में आने के कारण परिवार स्थापित हो गए हों, ऐसे व्यक्तियों एवं परिवार व उनके समूह, समिति को संबंधित जल क्षेत्र में पट्टे पर दिए जाने के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। इसी प्रकार गौठान समिति या उनके द्वारा चिन्हित समूह को भी मत्स्य पालन के जलाशय आबंटित किए जा सकेंगे। योजना में चयनित हितग्राही की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना चाहिए। उपरोक्त जलाशयों में मत्स्य पालन के लिए पट्टा आबंटन के लिए 06 अप्रैल तक आवश्यक दस्तावेजों सहित जनपद पंचायत कांकेर में कार्यालयीन समय में आवेदन प्रस्तुत किए जा सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जनपद पंचायत कांकेर से संपर्क किया जा सकता है।

भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत पात्र हितग्रहियों के बैंक खाते में राशि अंतरण

चारामा (नवप्रदेश)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत पात्र हितग्रहियों के बैंक खाते में राशि अंतरण माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम बलौदा बाजार से वर्चुअल बटन दबाकर डी बी टी के माध्यम से किया गया। तहसील स्तरीय कार्यक्रम जनपद पंचायत चारामा के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। विकास खण्ड चारामा में कुल 2496 पात्र हितग्राही है। जिनके बैंक खाते मे 10000 रूपये अंतरण हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय श्रीमती किरण नरेटी जी अध्यक्ष जिला पंचायत कांकेर विशिष्ट अतिथि माननीय श्रीमती जागेश्वरी भास्कर अध्यक्ष जनपद पंचायत चारामा, श्री ओमप्रकाश साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा चारामा, श्रीमती उमा शर्मा जी पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, श्रीमती खुशी जोतवानी जी महामंत्री , श्रीमती संतोषी सिन्हा जनपद सदस्य, श्री संतोष ओझा जी पार्षद, श्री संदीप मेश्राम पार्षद , श्रीमती तुलसी कुंजाम पार्षद , अनुविभागीय अधिकारी श्री मनीष देव, श्री सत्येंद्र शुक्ला तहसीलदार, श्री गोपाल सिंह कंवर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, श्रीमती हेम सलाम नायब तहसीलदार , श्री विनोद नेताम अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, श्री दिलदार मरकाम वरिष्ठ कराओरापन अधिकारी, भंवर सिंह शोरी सहित बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज का जिला स्तरीय चुनाव 26 अप्रैल को

चारामा / नवप्रदेश। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज जिला कांकेर के जिला अध्यक्ष यूथ चंद्र शेखर केसरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की कांकेर जिला के सामाजिक और सामुदायिक संगठनों में इन दिनों चुनावी गतिविधियाँ तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सतनामी समाज के संगठनात्मक चुनाव के तहत संरक्षक, जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव , कोषाध्यक्ष, प्रवक्ता, कार्यकारणी सदस्य के लिए चुनाव किया जाना है जो सर्व सहमति से चुनाव किया जाना है । कांकेर जिले के नरहरपुर ब्लॉक के ग्राम मुड़पार सरोना में सम्पन्न होनी है चुनाव की घोषणा के बाद क्षेत्र में समाज के सदस्यों के बीच चुनाव को लेकर उत्साह बढ़ गया है।प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज संगठन लगातार लंबे समय से समाजिक गतिविधियों में सक्रिय माने जाते हैं। स्थानीय स्तर पर समाज के लोगों को संगठित करने, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता जैसे मुद्दों पर काम करते रहे हैं। समाज के लोगों का प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज जिला कांकेर में कार्य का अनुभव और सक्रियता से समाज को नई दिशा मिल सकती है।इस चुनाव में अन्य प्रत्याशियों के भी मैदान में उतरने की संभावना है, जिससे मुकाबला रोचक हो सकता है। आने वाले दिनों में प्रचार-प्रसार तेज होने की उम्मीद है।समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों से शांति और सौहार्द के साथ चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है, ताकि संगठन की एकता और मजबूती बनी रहे।

पीड़ितों को सहायता और नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाए : कलेक्टर

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में जिला स्तरीय राहत एवं पुनर्वास समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में 16 फरवरी 2026 को दिए गए निर्देशों के पालन की समीक्षा करते हुए नक्सल प्रभावित परिवारों, आत्मसमर्पित नक्सलियों तथा पुनर्वास से जुड़े विभिन्न मामलों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जानकारी दी गई कि आत्मसमर्पित नक्सलियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु कार्यालयीन आदेश जारी कर 5 लाख 31 हजार 234 रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। वहीं नक्सल पीड़ित परिवारों को राहत प्रदान करने के तहत एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए स्वर्गीय आयतु कुंजाम के पुत्र संजीव कुंजाम को शासकीय सेवा में नियुक्ति देने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिसके लिए संबंधित विभाग को पत्र प्रेषित किया गया है। इसके साथ ही पुनर्वास नीति के अंतर्गत भू-खण्ड सुविधा के मामले में भी प्रगति हुई है। इसके अलावा नक्सल हिंसा में मृतक जोगा पोड़ियाम की पत्नी श्रीमती बागी पोड़ियामी को दंतेवाड़ा में आवास हेतु 8 लाख रुपये की राशि, नक्सली हिंसा में मृत स्व. मनार अकाली की पत्नी मोतीबाई तथा स्व. हड़मा हेमला के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत कर राहत प्रदान की गई है।

सतही जल प्रवाह को एकत्र करने और भूजल का होगा पुनर्भरण

कांकेर जिले ने रचा इतिहास, प्रदेश में सर्वाधिक आजीविका डबरियों का निर्माण कर बना अग्रणी

कांकेर / नवप्रदेश। जिले में जल प्रबंधन और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए शासन के दिशा-निर्देश में संचालित 'मोर गांव, मोर पानी' महाभियान अब धरातल पर रंग लाने लगा है। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी नरेगा (मनरेगा) के अभिसरण से जिले में निजी 'आजीविका डबरी' निर्माण की पहल ने हितग्राहियों के लिए आय के नए द्वार खोल दिए हैं।

क्या है आजीविका डबरी

आजीविका डबरी निर्माण का मुख्य उद्देश्य सतही जल प्रवाह को एकत्र करना, भूजल का पुनर्भरण व स्थानीय आजीविका को बढावा देना है। शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, डबरी निर्माण के लिए हितग्राहियों के चयन में विशेष रूप से लखपति दीदी, प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही और नक्सल पीड़ित परिवारों को प्राथमिकता से चयनित किया गया है। इस अभियान की सफलता के पीछे वैज्ञानिक दृष्टिकोण का बड़ा हाथ है। डबरी निर्माण के लिए ग्राम सभाओं से हितग्राहियों के प्रस्ताव के बाद जिला प्रशासन द्वारा वाटरशेड सिद्धांतों का पालन करते हुए जीआईएस (भौगोलिक सूचना प्रणाली) और क्लार्ट एप के माध्यम से उपयुक्त स्थलों का चयन किया गया है। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि डबरियों में जल भराव की क्षमता अधिकतम हो और भूजल स्तर में प्रभावी सुधार आए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने बताया कि कलेक्टर श्री क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिले में अब तक कुल 2 हजार 217 डबरी का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। इसमें अब आजीविका हेतु मछली पालन, फलदार वृक्षारोपण और सब्जी बाड़ी व अन्य विभागों के साथ मिलकर ऐसी कार्ययोजना बनाई गई है जिससे हितग्राहियों को डबरी के अलावा अन्य संसाधनों का भी लाभ मिले।

वर्षा ऋतु के बाद इन डबरियों में जल भराव से न केवल फसलों के लिए सिंचाई की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि भूजल पुनर्भरण से क्षेत्र के कुओं और हैंडपंपों का जलस्तर भी सुधरेगा। उन्होंने बताया कि इसके तहत जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड में 349, भानुप्रतापपुर में 353, चारामा में 143, दुर्गूकोंदल में 342 कांकेर में 355 कोयलीबेड़ा में 227 तथा नरहरपुर में सर्वाधिक 448 इस प्रकार कुल 2 हजार 217 आजीविका डबरी का निर्माण किया गया, जो कि प्रदेश में सबसे अधिक है।

शहर सरकार को विधायक ने दी चार नग वाटर टैंकर की सौगात

■ **शहर में पानी की किल्लत से वाटर टैंकर करेगा पूर्ति : विधायक**

कांकेर / नवप्रदेश। कांकेर जिले में ट्रिपल इंजन की सरकार बनते ही कांकेर शहर में पेयजल की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विभिन्न कार्य कराये जा रहे है। 24 मार्च को विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्य एवं अरुण कौशिक अध्यक्षए नगर पालिका परिषद् कांकेर की अध्यक्षता में घड़ी चैंक फायर स्टेशन में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की स्वीकृत राशि 14.00 लाख से 04 नग पानी टंकी का लोकार्पण किया गया। आगामी ग्रीष्मकालीन समस्या को देखते हुए शहरवासियों के लिए यह वरदान से कम नहीं है। विगत कुछ दिनों पूर्व पानी की समस्या को देखते हुए जनकपुर वार्ड में 01 नग ओव्हरहेड टैंक एवं सम्पवेल निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया है साथ ही साथ विभिन्न वार्डों में 12 नग बोरवेल खनन का कार्य भी किया गया है। कांकेर की आम जनता जो कि लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रही थी बहुत हद तक पेयजल की समस्या से निजात मिल जायेगा। इस गरिमामयी अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री महेश जैन, नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव भरत मटियारा अध्यक्ष मछुवा कल्याण बोर्ड राजीव लोचन एवं गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि सड़क सुरक्षा के संबंध में पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण, सीएमओ, एनएचएआई, संयुक्त टीम मुख्यालय के दुर्घटना जनित क्षेत्रों के साथ-साथ सड़क किनारे या भीतर खुले गढढों के चिन्हांकन और मरम्मत के लिए आवश्यक कार्यवाही करें और इस संबंध में किसी भी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारी को यह भी कहा कि मुख्यालय के समस्त अतिक्रमित क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने के लिए नियमानुसार कार्यवाही करें। और इस संबंध में किसी भी प्रकार का लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। आज संपन्न हुए जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के एजेंडे में पुलिस, परिवहन, सी.एम.ओ., लो.निर्मा.वि., एन.एच.ए.आई. के संयुक्त टीम द्वारा गीदम एवं दन्तेवाड़ा मार्ग का निरीक्षण रिपोर्ट। जिले में संचालित सभी शैक्षणिक संस्थानों में बैनर, पोस्टर, को-करिकुलर एक्टिविटी, एक्सट्रा करिकुलर एक्टिविटी के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता अभियान का आयोजन डी.एम.सी., जिला शिक्षा अधिकारी, जैसे बिन्दु षामिल थे। उनके स्वामित्व में पंजीकृत सभी स्कूल बसों का फिटनेस कराए जाने, डैनेक्स में संचालित सभी बसों का फिटनेस, किशोरों, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाये जाने पर मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 199 (ए) के तहत् कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

बड़े तेवड़ा सरपंच को हटाने के लिए 10 वार्ड के पंचों ने दिया मत, अविश्वास प्रस्ताव पारित

न्यूज अंतागढ़ / नवप्रदेश। आमाबेड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़े तेवड़ा में सरपंच के खिलाफ बढ़ता असंतोष अब खुलकर सामने आ गया है, जहां पंचायत के 10 वार्ड पंचों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एकजुट होकर तत्कालीन सरपंच रजमन सलाम के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित करते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच विगत तीन-चार महीनों से लापता हैं और इस दौरान वे एक बार भी पंचायत कार्यालय नहीं पहुंचे, जिसके कारण पंचायत के शासकीय एवं प्रशासनिक कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं। इसके चलते

आम नागरिकों को प्रमाण पत्र, योजनाओं का लाभ और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं ग्राम विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य भी ठप पड़े हुए हैं।

बताया जा रहा है कि विवाद की शुरुआत बीते 15 दिसंबर 2025 से हुई, जब सरपंच ने ईसाई रीति-रिवाज के अनुसार अपने पिता का अंतिम संस्कार अपने निजी खेत में दफनाकर किया। इसके अगले ही दिन 16 दिसंबर की रातों-रात उस स्थान पर ईंट-कंक्रीट से पक्का निर्माण करा दिया गया। इस घटना के बाद से गांव में लगातार असंतोष का माहौल बना हुआ है और ग्रामीणों द्वारा इस पर आपत्ति भी जताई गई थी। मामले को लेकर पंचायत के वार्ड पंचों ने भी नाराजगी व्यक्त की और कई बार सरपंच से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनकी अनुपस्थिति के चलते स्थिति और गंभीर होती चली गई।

आखिरकार स्थिति से परेशान होकर सभी वार्ड पंचों एवं ग्रामवासियों ने एकजुट होकर सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत के सुचारू संचालन और विकास कार्यों को पुन: गति देने के लिए यह कदम आवश्यक हो गया था।

बड़ेबेड़मा में हुआ जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। जनपद पंचायत कटेकल्याण के ग्राम पंचायत बड़ेबेड़मा में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 192 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 43 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने अपनी संचालित योजनाओं के संबंध में ग्रामीणजनों को जानकारी दी व लाभान्वित होने के लिए आवेदन करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जितेंद्र सोरी, जिला पंचायत सदस्य, हिरमा कवासी, अध्यक्ष जनपद पंचायत कटेकल्याण उपस्थित रहे।

ठेकेदार की लापरवाही के खिलाफ ग्रामीण चक्काजाम को मजबूर: प्रमिला

अंतागढ़ / नवप्रदेश । ग्राम पंचायत कलगाँव की सरपंच प्रमिला नाग ने बताया कि क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य में मनमानी बरती जा रही है, जिससे पूरे गांव में दिनभर धूल के गुबार छाए रहते हैं। धूल इतनी अधिक है कि घरों के अंदर तक पहुंच रही है, जिससे लोगों के बीमार पड़ने की आशंका बढ़ गई है।सरपंच ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा सड़क पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है और ना ही समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम उठाया जा रहा है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

इसके साथ ही अंतागढ़ से नारायणपुर मार्ग पर माइंस की हाईवा ट्रकों का अनियंत्रित संचालन भी बड़ी समस्या बन गया है। नियमों के अनुसार सुबह 6 बजे तक ही माइंस की गाड़ियों को चलने की अनुमति है, लेकिन इसके बावजूद दिनभर तेज रफ्तार में ट्रक चल रहे हैं, जिससे धूल और दुर्घटना का खतरा दोनों बढ़ रहे हैं।सरपंच प्रमिला नाग ने प्रशासन और माइंस प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते ठेकेदार की लापरवाही पर रोक नहीं लगाई गई और नियमों के अनुसार माइंस की गाड़ियों का संचालन सुनिश्चित नहीं किया गया, तो कलगाँव के ग्रामीण चक्काजाम करने के लिए बाध्य होंगे।ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान करने की मांग की है, ताकि लोगों को धूल प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम से राहत मिल सके।

बेलगाम गाड़ियों के लाइसेंस निरस्त की होगी कार्यवाही: एसपी

कांकेर / नवप्रदेश। बेलगाम फर्राटे से दौड़ती बस मोटर साइकिल कार पर लगाम लगाने की कवायद शुरू हो चुकी है। पुलिस अधीक्षक के सभाकक्ष में बुधवार को पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा एवं पुलिस के आला अधिकारी सहित यातायात पुलिस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया। जिसमे बस संचालकों को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।यातायात नियमों के सख्त पालन हेतु बस संचालकों की बैठक आयोजित किया गया था। बैठक में बसों के ओवरस्पीड ओवरलोडिंग व नशे

में वाहन चलाने पर कड़ी कार्यवाही किया जाएगा।शहर में बस स्टॉपेज निर्धारित कर यातायात व्यवस्था को सुगम किया जाएगा नशे में ड्राइविंग पर एक्शनः लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही होने की बात कही गई है।पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार साहू, प्रशिक्षु आईपीएस (थाना प्रभारी) कांकेर प्रतीक दादासाहेब बनसोड़े प्रशिक्षु आईपीएस उप पुलिस अधीक्षक डॉ. मेखलेन्द्र प्रताप सिंह एवं यातायात प्रभारी श्री दीपक साव द्वारा बस संचालकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है।बैठक के प्रमुख बिंदुओ पर सहमति बनी है।सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु ओवरस्पीडिंग एवं ओवरलोडिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना।बसों को केवल निर्धारित स्टॉपेज पर ही रोकना सभी चालकों के लिए वैध ड्रायविंग लाइसेंस रखना अनिवार्य वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध बसों में फर्स्ट एड बॉक्स फायर एक्सटिंग्विशर अनिवार्य रूप से उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में कलेक्ट्रेट से लोकेश सिन्हा डीआरएम सहित विभिन्न बस संचालक सहित यातायात पुलिस बल उपस्थित रहे।

कांकेर पुलिस की अपील- सभी बस संचालकों से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का पालन करें, गति सीमा का ध्यान रखें एवं यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

नशे में वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई होगी

बस संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने चालकों को शराब या अन्य नशीले पदार्थ का सेवन कर वाहन न चलाने हेतु सख्ती से निर्देश दें।नशे की हालत में वाहन चलाते पाए जाने पर संबंधित चालक के विरुद्ध लाइसेंस निलंबन, जुर्माना एवं कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

रायपुर से जगदलपुर के लिए बसों के रूट निर्धारित

रायपुर रूट: माकड़ी चौक, घड़ी चौक, बस स्टैंड जगदलपुर रूट: ज्ञानी चौक बस स्टैड शहर के प्रमुख स्टॉप: पीजी कॉलेज, घड़ी चौक ज्ञानी चौक बसों को इन निर्धारित स्थानों पर ही रोकने एवं अनावश्यक रूप से अधिक समय तक खड़ा न रखने के निर्देश दिए गए।साथ ही मस्जिद चौक पर बस खड़ी पाए जाने पर चालानी कार्यवाही की जाएगी।

विश्व क्षय दिवस पर 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ

बलरामपुर/नवप्रदेश। विश्व क्षय दिवस राष्ट्रव्यापी अभियान के अवसर पर बाजार पारा स्थित ऑडिटोरियम हाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने महात्मा गांधी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर राजेन्द्र कटारा, जनपद अध्यक्ष सुमित्रा चेरवा, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भानु प्रकाश दीक्षित, अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही 10 टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया गया। रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पहले टीबी को एक अत्यंत गंभीर बीमारी के रूप में देखा जाता था, जिसके कारण लोगों में इसके प्रति छुआछूत का भावना भी थी। लेकिन अब समय के साथ परिस्थितियां बदल चुकी हैं और जागरूकता बढ़ने से इस बीमारी के प्रति लोगों की सोच में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन के संकल्पों और स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों के परिणाम स्वरूप टीबी जैसी बीमारी से भी अब निजात संभव हो रही है। इसके लिए आवश्यक है कि लोग इसके लक्षणों को समय रहते पहचानें और तत्काल उपचार शुरू कराएं। जायसवाल ने कहा

कि सभी अपने आसपास के लोगों को भी टीबी के प्रति जागरूक करें, और इसके निर्धारित अवधि तक उपचार करने के लिए प्रेरित करे। कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा ने कहा कि राष्ट्रीय क्षय दिवस के अवसर पर जिले में 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत गांव-गांव जाकर टीबी जांच के लक्ष्य को पूरा किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों की समय पर पहचान हो सके। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास के लोगों को टीबी की जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि बीमारी को छुपाने के बजाय लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच एवं उपचार कराना आवश्यक है। उन्होंने नियमित रूप से दवाइयां लेने की भी समझाइश दी। कलेक्टर कटारा ने बताया कि शासन द्वारा टीबी मरीजों को पोषण के लिए सहायता राशि प्रदान की जाती है। साथ ही रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से मरीजों को फूड बास्केट भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो सके। उन्होंने टीबी से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी देते हुए लोगों से आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की और कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही जिले को टीबी मुक्त बनाया जा सकता है।

न्यूज गैलरी

अवैध शराब पर की गई कार्यवाही, 15 बल्क लीटर अवैध महुआ शराब जब्त

बलरामपुर/नवप्रदेश। राजेन्द्र कटारा के निर्देशन पर जिला आबकारी अधिकारी एस.एन साहू के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के भंडारण एवं परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा जिले के पुलिस थाना कोरंधा में 01 प्रकरण पर कार्यवाही करते हुए अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया है कि ग्राम देवरी निवासी प्रकाश साहू के पास से 15 लीटर अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त किया गया। उक्त आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध प्रकरण कायम कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

महतारी वंदन योजना ने बढ़ाया महिलाओं का आत्मविश्वास

बलरामपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन की जनकल्याणकारी महतारी वंदन योजना ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। इसी कड़ी में विकासखंड वाड्रफनगर के ग्राम बरती की निवासी निशा देवांगन जिन्होंने योजना से लाभ लेकर अपने जीवन को संवारा है। निशा देवांगन साधारण कृषक परिवार से हैं। सीमित आय और संसाधनों के अभाव में उन्हें खेती-किसानी के कार्यों में कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बीज, खाद एवं अन्य आवश्यक सामग्री के लिए अक्सर उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, जिससे खेती का कार्य प्रभावित होता था। वे बताती है कि महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि से उनकी स्थिति में बदलाव आने लगा। इस नियमित प्राप्त राशि से अब वे खेती के लिए आवश्यक संसाधन समय पर जुटा पा रही हैं। निशा बताती हैं कि खेती में छोटे-छोटे खर्चों के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है। योजना के माध्यम से परिवार में सहयोग कर पा रही हूं। वे कहती है कि मिली आर्थिक सहायता ने आमजन के जीवन में वास्तविक बदलाव लाया हैं। महतारी वंदन योजना महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहतर पहल साबित हो रही है।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन की तिथि निर्धारित

बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) की पात्रता रखते हैं, उनके लिए शिक्षा सत्र 2025-26 में छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के आवेदन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट इन पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अन्तर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं को प्रस्ताव स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने हेतु 23 मार्च से 27 मार्च 2026, ड्राफ्ट प्रस्ताव लॉक करने हेतु 23 मार्च से 29 मार्च 2026 तक एवं स्वीकृति आदेश लॉक करने अंतिम तिथि 23 मार्च से 30 मार्च 2026 तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् उक्त पाठ्यक्रमों हेतु शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जायेगा एवं ड्राफ्ट प्रपोजल, सेक्शन ऑर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वयं जिम्मेदार होंगे। साथ ही सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। इसलिये सभी विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय सक्रिय बैंक खाता व आधार सीडेड बैंक खाता नंबर की प्रविष्टि ही करना सुनिश्चित करें।

महापौर और सभापति ने 11 दिव्यांगों को वितरित किए ई-ट्राइसिकल

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग सरगुजा द्वारा आज 11 दिव्यांगजनों को बैटरी संचालित मोटराइज्ड ट्रायसायकल वितरित की गई। समाज कल्याण विभाग के कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महापौर मंजूषा भगत एवं नगर निगम अंबिकापुर के सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने हितग्राहियों को ट्रायसायकल प्रदान की। मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्राप्त कर दिव्यांगजनों में विशेष उत्साह और खुशी देखने को मिली। हितग्राहियों ने बताया कि इस सुविधा से उन्हें आवागमन में आसानी होगी तथा वे अपने दैनिक कार्यों के साथ-साथ आजीविका के साधनों में भी आत्मनिर्भर बन सकेंगे। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण व्ही. के. उके सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सशक्त बनाना एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।

एसपी और जिला पंचायत सीईओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

***सक्ती जिले के ग्राम परसदा में 'चलित थाना' का आयोजन**

सक्ती/नवप्रदेश। जिले के पुलिस प्रशासन द्वारा जनता के बीच पहुँच बढ़ाने और सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने के उद्देश्य से ग्राम परसदा में 'चलित थाना' एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया।

वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी इस विशेष शिविर में सक्ती जिले के पुलिस अधीक्षक (स्क्र) प्रफुल ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ वाशु जैन और हसौद थाना प्रभारी राजेश पटेल एवं ग्राम सरपंच उर्वसी खेम साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों की मौजूदगी ने ग्रामीणों में उत्साह और विश्वास का संचार किया।

साइबर सुरक्षा और नशा मुक्ति पर जोर

कार्यक्रम में हसौद थाना प्रभारी राजेश पटेल ने ग्रामीणों को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी और नशाखोरी के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे किसी भी अज्ञात फोन कॉल या लिंक पर अपनी निजी जानकारी साझा न करें।

मौके पर शिकायतों का निराकरण

चलित थाने के दौरान ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को अधिकारियों के समक्ष रखा। एसपी प्रफुल ठाकुर ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए थाना प्रभारी को उनके त्वरित और निष्पक्ष निराकरण के निर्देश दिए। वहीं, जिला पंचायत सीईओ वाशु जैन ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी दी और पंचायत स्तर की समस्याओं पर चर्चा की।

पुलिस-जनता के बीच बढ़ता विश्वास

इस पहल की ग्रामीणों ने सराहना करते हुए कहा कि अधिकारियों के सीधे गांव पहुँचने से उन्हें शहर के चक्कर काटने से मुक्ति मिली है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुलिस की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना और आम जनता के मन से पुलिस का भय दूर करना रहा।

28 से 31 मार्च तक 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' का आयोजन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की धरा पर खेल और संस्कृति का अनूठा संगम प्रदेश पहली बार देश के पहले 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026' की मेजबानी कर रहा है। जहाँ देश भर के जनजातीय खिलाड़ी अपनी ताकत और कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

सरगुजा में कुश्ती और मलखंभ का रोमांच

सरगुजा संभाग के खेल प्रेमियों के लिए यह आयोजन किसी उत्सव से कम नहीं है। स्थानीय गांधी स्टेडियम में तैयारियां की जा रही हैं।

सरगुजा के हिस्से में दो प्रमुख आकर्षण आए हैं, जिससे कुश्ती 28 से 31 मार्च तक पुरुष एवं महिला वर्ग के रोमांचक मुकाबले होंगे। साथ ही मलखंभ (ष्ठद्गद्वश्र स्श्रशह्ल): 31 मार्च से 1 अप्रैल तक पारंपरिक खेल मलखंभ का प्रदर्शन होगा, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस आयोजन के लिए अम्बिकापुर में खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन और परिवहन के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। खेल मंत्री श्री अरूण साव के नेतृत्व में विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि बाहर से आने वाले लगभग 2500 खिलाड़ियों और अधिकारियों को छत्तीसगढ़ की 'अतिथि देवो भव' की परंपरा का अनुभव हो। देशभर की भागीदारी: इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 30 राज्यों से लगभग 2500 जनजातीय खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। तीन प्रमुख केंद्र: खिलाड़ियों की सुविधा और व्यापक प्रसार के लिए मुकाबलों का आयोजन प्रदेश के तीन प्रमुख शहरोंकृ रायपुर, जगदलपुर (बस्तर) और अम्बिकापुर (सरगुजा) में किया जाएगा।

विविध खेल विधाएं: प्रतियोगिता के दौरान एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, तीरंदाजी, तैराकी और कुश्ती जैसे 7 मुख्य खेलों में कड़े मुकाबले होंगे, जबकि कबड्डी और मलखंभ विशेष प्रदर्शन (डेमो गेम्स) के रूप में आकर्षण का केंद्र रहेंगे। जनजातीय प्रतिभाओं को मिलेगा वैश्विक मंच इस ऐतिहासिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य सरगुजा सहित प्रदेश के सुदूर वनांचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को तराशना है।

घायल युवक को पत्रकार ने पहुंचाया अस्पताल

***बेहतर इलाज के बाद बची जान**

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। मंगलवार देर शाम विक्रम भाट पिता हिरा लाल भाट. उम्र 34 सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। जिसे बिर्रा क्षेत्र के पत्रकार साहिल राज लहरे में घायल युवक को अस्पताल पहुंचा कर उसका इलाज करा कर उसकी जान बचाई है युवक के चोट- सिर. पैर. चेहरा.घायल युवक ने बताया की वह बिर्रा से अपने घर तालदेवरी मोटरसाइकिल से आ रहा था इसी दौरान उसके गाड़ी के

सामने गाय आ गया और वह गाय से टकरा के घायल हो गया था वहां से गुजर रहे पत्रकार

साहिल राज लहरे और उनके दोस्त सूर्या आगरे एवं शुभम मनहर के द्वारा अपने निजी वाहन से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह अस्पलात पहुचाया गया और प्राथमिक उपचार कराया।

साहिल राज लहरे ने कहा मानवता सबसे बड़ी है जब भी रास्ते मे कभी कोई एक्सीडेंट होती है तो हमे अनदेखा नही करना चाहिए बल्कि यथा शीघ उनकी मदद करनी चाहिए लोग जानकारी के अभाव में पुलिस कोर्ट कचहरी से बचने के लिए छोड़ कर चले जाते है लेकिन हमारा छोटा सा मदद और प्रयास किसी को जिंदगी दे सकता है।

रात्रिकालीन क्रिकेट : भाजयुमो अध्यक्ष अमित ने की प्रकाश व्यवस्था की मांग

लखनपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने साक्षरता मिनी स्टेडियम लखनपुर में होने वाली रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन के मद्देनजर मैदान में प्रकाश व्यवस्था कराये जाने मुख्य नगरपालिका अधिकारी विद्यासागर चौधरी के सम्मुख मंगलवार को बाकायदा आवेदन पत्र पेश कर किया है।

कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदन का त्वरित निराकरण

बलरामपुर/नवप्रदेश। जनपद पंचायत राजपुर के ग्राम कुन्दीकला निवासी 85 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग सोमार सिंह टेकाम के जीवन में अब एक नई उम्मीद की किरण जगी है। जो कभी रोजमर्रा की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी दूसरों पर निर्भर रहते थे, आज आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सोमार सिंह अपनी समस्या लेकर कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे, जहां उन्होंने मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। उनकी स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। प्रशासन की सक्रिय पहल से उसी दिन ही सोमार को मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल प्रदान की गई। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने सोमार को ट्रायसायकल प्रदान करते हुए आगे जीवन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चेतन बोरघरिया मौजूद रहे। सोमार के जीवन में ट्रायसाइकिल उनके लिए केवल एक परिवहन का साधन नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता की नई पहचान बन गई है।

विश्व टीबी दिवस पर व्यापक जागरुकता अभियान आयोजित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत एवं जिला पंचायत सीईओ विनय अग्रवाल के मार्गदर्शन में 'सम्पूर्णता अभियान 2.0' के अंतर्गत आज विश्व टीबी दिवस के अवसर पर आकांक्षी विकासखंड लखनपुर में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह अभियान विकासखंड की सभी 74 ग्राम पंचायतों एवं 35 स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित किया

गया। कार्यक्रम के दौरान टीबी (क्षय रोग) के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु लोगों को इसके लक्षण, बचाव एवं उपचार संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ पूजा मनाया गया

लखनपुर/नवप्रदेश। नगर लखनपुर में आस्था, श्रद्धा और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब महिलाओं ने सूर्य उपासना के महापर्व चैती सूर्य षष्ठी (छठ) व्रत को पूरे विधि-विधान के साथ मनाया। चार दिनों तक चलने वाले इस कठिन और पवित्र पर्व की शुरुआत रविवार को 'नहाय-खाय' के साथ हुई, जिसमें व्रती महिलाओं ने शुद्धता और नियम का पालन करते हुए व्रत आरंभ किया।

सोमवार को 'खरना' की रस्म निभाई गई, जिसमें व्रतियों ने दिनभर उपवास रखने के बाद शाम को पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हुआ। मंगलवार को व्रती

महिलाओं ने नगर के वार्ड क्रमांक 02 के पास बहने वाली चुल्हट नदी के सतीघाट में एकत्र होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति गीतों, मंत्रोच्चार और दीपों की रोशनी से आलोकित हो उठा।

बुधवार को प्रात:काल व्रती महिलाएं पुन: घाट पहुंचेंगी और उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण करेंगी। इस अवसर पर महिलाएं अपने संतान की लंबी आयु, परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए सूर्य देव और छठी मैया से आशीर्वाद मांगती हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, द्वापर युग में महारानी द्रौपदी ने अज्ञातवास के दौरान पांडवों के कष्टों को दूर करने के लिए इस कठिन व्रत का पालन किया था। तभी से छठ पूजा की परंपरा का आरंभ माना जाता है। सूर्य देव को ऊर्जा और स्वास्थ्य का प्रतीक माना जाता है, जबकि छठी मैया को सृष्टि की जननी और सूर्य देव की बहन के रूप में पूजा जाता है। चैत्र नवरात्र के दौरान पड़ने वाले इस पर्व का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह व्रत न केवल आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि शारीरिक और मानसिक शुद्धता, अनुशासन और संयम का भी संदेश देता है। 48 घंटे तक चलने वाले इस कठोर निर्जला व्रत में व्रती महिलाएं पूरी निष्ठा और श्रद्धा के साथ नियमों का पालन करती हैं, जिससे परिवार में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे तथा सभी प्रकार के कष्ट दूर हों।

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर
(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक /दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	187331 प्रथम आमंत्रण 18.03.2026	जिला जशपुर के पण्डरीपानी से डुमरिया गंझियाडीह पहुंच मार्ग लं. 10.60 कि. मी. का निर्माण कार्य।	1340.46
2	187336 द्वितीय आमंत्रण 18.03.2026	जिला बीजापुर के बेदरे लंका नुगूर मार्ग के कि.मी. 2/2 से 2/10 इन्द्रावती नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य का शेष कार्य।	2841.86
3	187345 प्रथम आमंत्रण 18.03.2026	जिला बलरामपुर - रामानुजगंज के राजपुर प्रतापपुर मार्ग के कि.मी. 11 से कुंदी- करवां पहुंच मार्ग व्हाया पहाड़पारा तक मार्ग लंबाई 3.10 कि.मी. निर्माण कार्य।	470.32
4	187347 प्रथम आमंत्रण 18.03.2026	जिला रायपुर के समोदा बनरसी तुलसी मार्ग लंबाई 8.20 कि.मी. पुल पुलिया सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य।	1440.32
5	187368 प्रथम आमंत्रण 18.03.2026	जिला जशपुर के कुनकुरी में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य।	662.95
6	187370 प्रथम आमंत्रण 18.03.2026	जिला जशपुर के ग्राम पंचायत लुडेग के पूनापारा से लबनीपारा मुख्य बस्ती मार्ग लं. 5.00 कि.मी. का निर्माण कार्य।	507.44
7	187400 प्रथम आमंत्रण 18.03.2026	जिला गरियाबंद के राजीम से छुरा (मुख्य जिला मार्ग) लंबाई 43.50 कि. मी. (कि.मी. 1/2 से 20/10 कुल 20 कि.मी.) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य, पुल पुलिया सहित। (भाग-1)	6708.90
8	187413 प्रथम आमंत्रण 18.03.2026	सराईपतेरा रविदास पुल से बोधापारा मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. का निर्माण कार्य।	300.09
9	187416 प्रथम आमंत्रण 18.03.2026	जिला जशपुर के वि.ख. कांसाबेल के गडैरटोली से जामुण्डा- कटंगखार पहुंच मार्ग लं. 5.00 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य।	427.88
10	187421 प्रथम आमंत्रण 18.03.2026	जिला जशपुर के जरूडाड से टटकेला पहुंच मार्ग लं. 1.75 कि.मी. निर्माण कार्य।	234.20
11	187423 प्रथम आमंत्रण 18.03.2026	जिला जशपुर के भट्ठा से सरगुज़ा सीमा तक मार्ग लं. 4.00 कि.मी. निर्माण कार्य।	387.79
12	187458 प्रथम आमंत्रण 18.03.2026	जिला सूरजपुर के वि.खं. रामानुजनगर के पवनपुर से परमेश्वरपुर - अर्जुनपुर - मकरबंधा- तिवरागुड़ी मार्ग तक पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य, लंबाई 20.50 कि.मी.	2308.18
13	187425 प्रथम आमंत्रण 18.03.2026	जिला मोहला मानपुर अ.चौकी के कौड़ीकसा अरजकुण्ड पाटन मार्ग के लंबाई कि. मी. 8 से 25/8 = 17.80 कि.मी. क़ा पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	2973.23
14	187433 प्रथम आमंत्रण 19.03.2026	जिला कबीरधाम के नेवारीगुड़ा से कान्हाभैरा मार्ग लंबाई 6.60 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	727.70

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 02 दिनांक 06.04.2026, सं.क्र. 01, सं.क्र. 03 से सं.क्र. 05 दिनांक 08.04.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 10.04.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी- 252607352/4

विश्व टीबी दिवस पर मुंगेली में कार्यक्रम, टीबी मुक्त पंचायतों को किया सम्मानित

मुंगेली/नवप्रदेश। विश्व क्षय दिवस 2026 के अवसर पर जिले में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान (100 दिवसीय अभियान ''द्वितीय चरण) के तहत जनदर्शन सभाकक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री मोहले ने कहा कि वर्ष 2026 तक देश को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य तय किया गया है और इस दिशा में मुंगेली जिले द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी और जागरूकता से ही इस अभियान को सफलता मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लाखों रुपये की लागत से जिला अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन स्थापित की गई है, जिसका उद्देश्य आम जनता को बेहतर सुविधा देना था। लेकिन यह मशीन लोकार्पण के इंतजार में धूल खा रही है और अब तक इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पाया है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस के अवसर पर जिले को टी.बी मुक्त बनाने एवं संकल्प लेने की बात कहीं। सीएमएचओ श्रीमती शीला साहा ने बताया कि वर्ष 2025 में जिले में 11 हजार 807 संदिग्ध मरीजों की जांच की गई, जिसमें 824 टीबी मरीजों की पहचान हुई। इनमें से 97 प्रतिशत मरीजों को सफलतापूर्वक उपचार देकर रोग मुक्त किया गया। 804 मरीजों को निक्षय मित्र योजना के माध्यम से

पोषण आहार भी उपलब्ध कराया गया, जिससे उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो सके।

टी.बी मुक्त अभियान के अंतर्गत जिले में 01 लाख 48 हजार से अधिक उच्च जोखिम समूह के व्यक्तियों का पंजीयन किया गया है, जिनकी लगातार निगरानी और स्क्रीनिंग की जा रही है। टीबी उन्मूलन के लिए किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के चलते वर्ष 2025 में जिले को 100 दिवसीय अभियान के प्रथम चरण में राज्य स्तर पर पुरस्कृत भी किया गया, वहीं वर्ष 2023 में भी निक्षय मित्र अभियान के तहत जिले को सम्मान मिल चुका है। टी.बी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत जिले में बड़े स्तर पर कार्य किए गए हैं। वर्ष 2025 में 118 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है, इससे पहले 74 ग्राम पंचायतों को टी.बी मुक्त घोषित किया जा चुका है। इन पंचायतों का चयन विभिन्न स्वास्थ्य मानको जैसे संदिग्ध मरीजों की जांच, टीबी नोटिफिकेशन, सफलता दर और पोषण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयनकृके आधार पर किया गया है। कार्यक्रम में टीबी मुक्त रहने वाले 74 ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहित करते हुए गांधी जी प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, उपाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा, जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार अपर कलेक्टर जी.एल. यादव, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा, एवं एनएचएम के डीपीएम गिरीश कुर्रे सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

सागौन नर्सरी में लकड़ी चोरी करने घुसा था, करंट लगने से हुई मौत

अंबिकापुर/नवप्रदेश। मैनपाट के मूसाखोल नर्सरी में मंगलवार रात जंगली जानवरों के शिकार के लिए बिछाए गए करंट तार की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। युवक को बचाने के दौरान उसका साला भी झुलस गया। पुलिस ने बुधवार सुबह शव बरामद किया। मौके से जीआई तार भी जब्त किए गए हैं। मामला कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार मुर्ताडांड निवासी मिश्रा यादव (37) अपने साले और दो ग्रामीणों के साथ लकड़ी लेने मूसाखोल के सागौन नर्सरी में गया था। रात करीब 10 बजे मिश्रा यादव जंगल में बिछाए गए तरंगित तार की चपेट में आ गया। घटना के बाद मिश्रा यादव के साथ गए तीनों युवक वापस आ गए और जानकारी कमलेश्वरपुर थाने को दी गई। बुधवार सुबह थाना प्रभारी मनोज प्रजापति की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मेन लाइन की सप्लाई कटवाकर शव को बरामद किया।पुलिस ने जंगल में हाई वोल्टेज तार से जोड़कर शिकार के लिए फैलाए गए जीआई तार को भी जब्त किया है। तार में फंसकर एक सियार की भी मौत हो गई थी। सियार के शव को वनकर्मियों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने बताया कि जंगली जानवरों के शिकार के लिए जीआई तार फैलाकर तार को 11 हजार केवी की सप्लाई लाइन से जोड़ा गया था। इससे तार की संपर्क में आते ही मिश्रा यादव को बिजली का झटका लगा और उसकी तत्काल मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों के अनुसार मिश्रा यादव पेशे से ड्राइवर था। वह अपना नया घर बनवा रहा था। घर के लिए लकड़ी लेने के इरादे से ही वे सागौन नर्सरी में घुसा था और हादसा हो गया। पुलिस ने मामले में गैर इरादतन हत्या का अपराध दर्ज किया है। पुलिस करंट फैलाने वालों की तलाश कर रही है। जहां हादसा हुआ, वहां से पहले से जंगली सूअर और अन्य जानवरों का आना-जाना होता है। माना जा रहा है कि जंगली सूअर के शिकार के लिए ही करंट फैलाया गया था।

संजय पार्क के बाद खैरबार में फिर मौत, वन्य जीव नहीं सुरक्षित

अंबिकापुर/नवप्रदेश। शनिवार को शहर के संजय पार्क में हिरण, चीतल और कोटरी की मौत की घटना अभी ठंडी भी नहीं पड़ी थी कि एक बार फिर खैरबार के बांकी डैम क्षेत्र से वन्य जीव की मौत की खबर सामने आ गई है। शहर से लगे ग्राम खैरबार के पनिका पारा में आवारा कुत्तों के हमले से चीतल प्रजाति के वन्य जीव कोटरी की मौत हो गई, जिससे वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार कोटरी जंगल से भटककर गांव के समीप पहुंच गई थी। इसी दौरान क्षेत्र में घूम रहे आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों ने उसे चारों ओर से घेरकर बुरी तरह घायल कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने किसी तरह कुत्तों को भगाया और वन विभाग को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घायल कोटरी को अपने कब्जे में लेकर उपचार शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। गौरतलब है कि पखवाड़े भर पहले भी इसी स्थान पर आवारा कुत्तों ने एक हिरण पर हमला कर दिया था।

सप्तमी पर कन्या भोज का आयोजन, आठवें वर्ष भी निभाई गई परंपरा

मुंगेली/नवप्रदेश। नवरात्र का पावन पर्व न केवल शक्ति स्वरूपा माँ दुर्गा की आराधना का प्रतीक है, बल्कि यह नारी शक्ति के सम्मान और उनके उत्थान का भी संदेश देता है। इसी कड़ी में, नगर के ह्रदय स्थल कहे जाने वाले ऐतिहासिक माँ महामाया मंदिर में आज चैत्र नवरात्र की सप्तमी तिथि के अवसर पर भव्य कन्या भोज का आयोजन किया गया। यह लगातार आठवाँ वर्ष है जब मंदिर प्रांगण में इस पुनीत कार्य को संपन्न किया गया। हमारी भारतीय संस्कृति तार्किक और पारदर्शी है। नवरात्र हमें सिखाते हैं कि नारी शक्ति ही सृजन का आधार है। यदि हम कन्या भोज का आयोजन कर रहे हैं, तो हमें अपने दैनिक जीवन में भी बेटियों को समान अधिकार और सुरक्षा प्रदान करने का संकल्प लेना चाहिए। कन्याओं में देखा माँ का स्वरूप-मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में नगर की कन्याओं को आमंत्रित किया गया। उन्हें माँ दुर्गा का साक्षात स्वरूप मानकर उनका चरण पूजन किया गया, उपहार भेंट किए गए और आदरपूर्वक भोजन कराया गया। इस दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा। परम्परा और आधुनिकता का संगम-सप्तमी के दिन कन्या भोज आयोजित करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, नगरवासियों ने मंदिर समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं, बल्कि समाज को एक सकारात्मक दिशा भी प्रदान करते हैं।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं, कई मामले निराकृत

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर ने आज जनदर्शन सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिलेभर से पहुंचे आम नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में विकासखंड लोरमी के ग्राम बेड़ापारा निवासी गजेन्द्र पाल द्वारा शौचालय निर्माण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल संबंधित अधिकारी को शौचालय निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिए। आवेदन की स्वीकृति मिलते ही आवेदक गजेन्द्र पाल ने खुशी जाहिर करते हुए कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में विकासखंड मुंगेली के ग्राम नवलपुर (हड़गांव) निवासी कु. रोशनी ने सहायिका भर्ती प्रक्रिया, लोरमी में अनियमितता, नियमों के उल्लंघन एवं अपात्र अभ्यर्थियों की नियुक्ति को लेकर आवेदन सौपा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए 04 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। जनदर्शन में ग्राम सिपाही (खैरा सेतगंगा) के हजारी लाल साहू ने अपने खेत तक शासकीय रास्ता उपलब्ध कराने, ग्राम जमहा की प्रेमलता सोनवानी ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण कराने, ग्राम चकरभाठा की जनपद सदस्य मंदाकिनी हुपेश साहू ने नवागढ़ रोड स्थित लिलवाकापा बायपास चौक में आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्पीड ब्रेकर या स्टॉपर लगाए जाने की मांग की। इसके अलावा ग्राम पंचायत छटन के सरपंच लुमेश कुमार सप्रे ने नल-जल योजना के तहत पानी टंकी निर्माण एवं पाइपलाइन विस्तार कार्य कराने, विकासखंड पथरिया के ग्राम भटगांव निवासी भरत लाल ने नया आधार कार्ड बनवाने, विकासखंड लोरमी के ग्राम अमलडीही के देवानंद ने विकलांगता पेंशन स्वीकृत कराने की मांग रखी। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रत्येक मामले की जांच कर नियमानुसार शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनदर्शन का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जी.एल. यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने दिए जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। जनगणना 2027 के प्रथम चरण को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जिले में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। यह प्रशिक्षण 25 मार्च तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का आयोजन पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय, दाउपारा में किया गया है, जिसमें जिले के सभी फील्ड ट्रेनरों की उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है। जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में संपन्न किया जाएगा। पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा, जो कि छत्तीसगढ़ राज्य में 01 मई से 30 मई 2026 के बीच पूरा किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्य को प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों द्वारा घर-घर जाकर संपादित किया जाएगा, जिन्हें पूर्व में फील्ड ट्रेनरों द्वारा विधिवत प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला स्तर पर आयोजित इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा फील्ड ट्रेनरों को जनगणना की विस्तृत प्रक्रिया, डेटा संग्रहण के तरीके, तकनीकी उपयोग तथा सर्वेक्षण से संबंधित सभी आवश्यक बिंदुओं की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया जा रहा है कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जिसमें टैबलेट, मोबाइल एप और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जानकारी दर्ज की जाएगी। जनगणना के प्रथम चरण में कुल 33 प्रश्नों के माध्यम से मकानों से संबंधित विभिन्न जानकारियां एकत्रित की जाएंगी। इसमें मकान की स्थिति, निर्माण सामग्री, उपलब्ध सुविधाएं जैसे टीवी, इंटरनेट, मोबाइल, वाहन आदि के साथ-साथ अन्य आधारभूत जानकारी शामिल रहेगी। एकत्रित जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और इसका उपयोग केवल शासकीय योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में किया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत फील्ड ट्रेनर अपने-अपने क्षेत्र के प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे, जिसके बाद वे निर्धारित अवधि में घर-घर जाकर जानकारी संकलित करेंगे। आगामी वर्ष फरवरी 2027 में जनगणना का दूसरा चरण आयोजित किया जाएगा।

एडवांस्ड एमएस-एक्सेल पर कार्यशाला का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। बीआरएसएम कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च स्टेशन मुंगेली में 24 मार्च को एडवांस्ड एमएस-एक्सेल फॉर बिग डेटा एनालिसिस एंड विजुअलाइजेशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. देबाशीष पाधी द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जितेन्द्र सिन्हा ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतिभागियों को प्रेरणादायक संदेश दिया तथा इस प्रकार के कौशल-आधारित प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। इसके पश्चात कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ. सुरेन्द्र कुमार चांदनिहा ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों को एडवांस्ड एमएस-एक्सेल के विभिन्न टूल्स एवं तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने व्यावहारिक सत्र (हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग) के माध्यम से प्रतिभागियों को डेटा विश्लेषण एवं विजुअलाइजेशन के आधुनिक तरीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला में शासकीय एसएनजी कॉलेज, डॉ. ज्वाला प्रसाद मिश्रा शासकीय विज्ञान महाविद्यालय तथा सुखनंदन कॉलेज के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के साथ-साथ मेजबान संस्थान के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापकगण भी इस कार्यशाला में सम्मिलित हुए।

मुंगेली में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष गिरिजा देवी मेरावी के मार्गदर्शन में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुंगेली में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में महिलाओं को उनके संरक्षण एवं सशक्तिकरण संबंधी कानूनी अधिकार की जानकारी साझा करते हुए घरेलु हिंसा से महिलाओं को संरक्षण कानून, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन, महिला हेल्प लाईन नंबर व अनियमित जीवनशैली और

स्वास्थ्य के मुद्दो के बारे में जानकारी देते हुए नियमित मेडिटेशन और व्यायाम करने हेतु जागरूक किया गया तथा शिकायत की प्रक्रिया, संविधान के मूल अधिकार व मूल कर्त्तव्य, नालसा हेल्पलाईन नं. 15100, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध एवं नये कानून की जानकारी दी गई। साथ ही साथ चेक बाउंस, उपभोक्ता फोरम, मोबाईल फोन के लाभ व हानि की जानकारी दी। उक्त शिविर में संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

पेज 1 का शेष...

लाल आतंक पर भारी पड़ी...

और सलवा जुडूम के दौर में जिले के 123 स्कूल बंद हो गए थे, जिनमें 101 प्राथमिक और 21 माध्यमिक शालाएं शामिल थीं। लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं।प्रशासन की सतत पहल और योजनाबद्ध प्रयासों के चलते सभी बंद स्कूल दोबारा शुरू हो चुके हैं। आज स्थिति यह है कि नक्सल प्रभाव के कारण बंद एक भी स्कूल शेष नहीं है।

बदलाव की बयार, विश्वास की नई नींव

सुकमा के अंदरूनी इलाकों में यह परिवर्तन केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भरोसे और विकास की नई इबारत भी लिख रहा है। जहां कभी बंदूक की आवाज गूंजती थी, वहां अब बच्चों के ककहरे और किताबों की सरसराहट सुनाई दे रही है जो एक नए, सुरक्षित और शिक्षित भविष्य की स्पष्ट तस्वीर पेश करती है।

बुनियादी सुविधाओं से मजबूत हो रही शिक्षा व्यवस्था

शिक्षा को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों का विस्तार किया गया है। जिले में वर्तमान में 16 पोटा केबिन संचालित हैं, जहां 6,722 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। वहीं छात्रावासों में 1,389 छात्र रहकर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। टाइप-3 के 3 विद्यालयों में 600 छात्राएं तथा टाइप-4 के 2 छात्रावासों में 200 बालिकाएं शिक्षा से जुड़कर अपना भविष्य संवार रही हैं।

नियद नेल्लानार' से शिक्षा को नई रफ्तार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वर्ष 2024-25 में 'नियद नेल्लानार योजना' के तहत दूरस्थ और संवेदनशील गांवों में 7 नए प्राथमिक विद्यालय शुरू किए गए हैं। इन स्कूलों में अब तक 210 बच्चों ने प्रवेश लेकर शिक्षा की ओर कदम बढ़ाया है। आगे की योजना के तहत 19 और नए स्कूल खोलने का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिससे और अधिक बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जा सके।

आस्था, प्रकृति और रोमांच का...

की दिशा में बड़ा कदम साबित होगी। यहां हर पर्यटक प्रकृति से जुड़कर एक नया अनुभव लेकर लौटेगा। यहां आस्था, प्रकृति और रोमांच का अद्भुत संगम पर्यटकों को मिलेगा।

भोरमदेव अभ्यारण्य में वन विभाग द्वारा जंगल सफारी शुरू करने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अप्रैल के पहले सप्ताह में इसके शुभारंभ की पूरी योजना तैयार कर ली गई है। नवप्रदेश की टीम ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जहां स्पष्ट दिखा कि यह पहल पर्यटन, संरक्षण और स्थानीय रोजगार को एक साथ मजबूती देने वाली साबित होगी। जंगल सफारी का मुख्य प्रवेश द्वार करियाआमा को बनाया गया है, जहां से पर्यटकों को सफारी वाहनों की सुविधा मिलेगी। यहीं से लगभग 34 किलोमीटर लंबा वृत्ताकार मार्ग शुरू होगा, जो पूरे अभ्यारण्य का भ्रमण कराते हुए पर्यटकों को वापस उसी स्थान पर लाएगा। घने साल, सागौन और बांस के जंगलों के बीच यह सफर प्रकृति से सीधा जुड़ाव कराएगा।

नवप्रदेश टीम ने देखा जंगल का बदलता मिजाज

जब नवप्रदेश की टीम अभ्यारण्य के भीतर पहुंची तो मैकल पर्वतमाला की ऊंची पहाड़ियों से गुजरते हुए पतझड़ का मनमोहक दृश्य देखने को मिला, जहां सूखे पत्तों से ढकी धरती एक अलग ही सौंदर्य बिखेर रही थी। वहीं बकौदा से होते हुए दूर-दूरी झरने की ओर बढ़ते ही वातावरण पूरी तरह बदल गया और चारों ओर घनी हरियाली, ठंडक और नमी का एहसास मन को सुकून देने लगा।

अमेरिका ने ईरान को युद्ध...

जिसमें अमेरिकी मांगों और संभावित रियायतों दोनों की रूपरेखा दी गई है, हालांकि किसी भी सरकार ने आधिकारिक रूप से पूरा दस्तावेज़ जारी नहीं किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वाशिंगटन ईरान में सही लोगों से बातचीत कर रहा है और दावा किया कि तेहरान समझौते पर पहुंचने के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष 15 बिंदुओं पर सहमत हुए हैं जिनमें ईरान द्वारा परमाणु हथियार हासिल न करने की प्रतिबद्धता भी शामिल है।

श्री ट्रम्प ने यह भी सुझाव दिया कि अगर कोई समझौता हो जाता है तो होर्मुज जलडमरूमध्य जल्द ही फिर से खुल सकता है और संकेत दिया कि इस तरह की व्यवस्था के तहत ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार को अमेरिका द्वारा अपने कब्जे में लिया जा सकता है। ईरानी अधिकारियों ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि वाशिंगटन के साथ कोई बातचीत नहीं हो रही है, जबकि संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर ग़ालिबाफ़ ने इन रिपोर्टों को वैश्विक वित्तीय और तेल बाजारों को प्रभावित करने के उद्देश्य से फैलाई गई फर्जी खबर करार दिया। उन्होंने आगे कहा कि ईरान में जनता की भावना आक्रमणकारियों के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया देने की है। दोनों पक्षों द्वारा बिल्कुल अलग-अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत किए जाने के बाद, संघर्ष को कम करने के लिए बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद बातचीत के माध्यम से समाधान की संभावना अनिश्चित बनी हुई है।

एलक्स्ट सिलेक्टेड कैंडिडेट्स...

हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने कहा कि उनका चयन मेरिट पर हुआ है। न तो उनके खिलाफ कोई जांच चल रही है और न ही कोई केस दर्ज है। इसके बाद भी उन्हें जॉइनिंग से रोक दिया गया है।

हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति रोकने का कारण पूछा था। जवाब में राज्य सरकार ने सीबीआई जांच का हवाला दिया था, जिससे असंतुष्ट हाईकोर्ट ने चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति देने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल पिटिशन लीव (एसएलपी) दायर कर चुनौती दी।

बस्तर में लाल आतंक...

किया। पापा राव अपनी ही मौत का अफवाह उड़ाकर पुलिस को 20 सालों तक चकमा देता रहा और अब जिंदा साथियों के साथ आत्मसमर्पण कर चुका है। कुल 18 नक्सली 10 पुरुष और 8 महिलाएं ने जगदलपुर के शौर्य भवन पुलिस कोऑर्डिनेशन सेंटर में गृह मंत्री विजय शर्मा, मंत्री केदार कश्यप, जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव, एडीजीपी विवेकानंद सिन्हा और बस्तर आईजी के समक्ष आत्मसमर्पण किया। उनके कब्जे से 4 एके-47 राइफलें, 1 एसएलआर 1 इंसास राइफल सहित अन्य हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। पापा राव पर 25 लाख रुपये का इनाम घोषित था और वह पिछले 25-30 वर्षों से बस्तर के जंगलों में सक्रिय था। उसके ऊपर ताडमेटला हमला (2010) समेत 45 से अधिक गंभीर मामले दर्ज थे।

आंकड़ों में सुरक्षा बलों की सफलता
- 535 नक्सली मारे गए
- 2037 नक्सली गिरफ्तार
- 2871 नक्सलियों का सरेंडर
- 266 पुलसि-नक्सली मुठभेड़
- 1321 हथियार जब्त किए गए
- 1500 लैंड माइंस और आईईडी बरामद।

भूमिहीन कृषि श्रमिकों की...

है। मुख्यमंत्री साय ने बलौदाबाजार की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का स्मरण करते हुए बाबा गुरु घासीदास, संत कबीर और शहीद वीर नारायण सिंह को नमन किया। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत प्रति वर्ष 10 हजार रुपये की सहायता राशि भूमिहीन कृषि मजदूरों को दी जा रही है, जिससे वे अपने परिवार की आवश्यकताओं, बच्चों की शिक्षा और छोटे व्यवसायों को आगे बढ़ाने में सक्षम हो रहे हैं। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरू खुशवंत साहेब, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जग्गी हत्याकांड : केस री-...

गवाह बन गए थे। 2007 में निचली अदालत ने 28 लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाई थी और अमित जोगी को बरी कर दिया गया था। अमित जोगी को बरी किए जाने के खिलाफ रामावतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी।

इन्हें दिया गया था दोषी करार : जग्गी हत्याकांड में अभय गोयल, याहया ढेबर, वीके पांडे, फिरोज सिद्दीकी, राकेश चंद्र त्रिवेदी, अवनीश सिंह लल्लन, सूर्यकांत तिवारी, अमरीक सिंह गिल, चिमन सिंह, सुनील गुप्ता, राजू भदौरिया, अनिल पचौरी, रविंद्र सिंह, रवि सिंह, लल्ला भदौरिया, धर्मेंद्र, सत्येंद्र सिंह, शिवेंद्र सिंह परिहार, विनोद सिंह राठौर, संजय सिंह कुशवाहा, राकेश कुमार शर्मा, (मृत) विक्रम शर्मा, जबवंत और विश्वनाथ राजभर दोषी हैं।

पानी फैक्ट्रियों में गंदगी, 180 बोरी पानी पाऊच जब्त

■ गर्मी के सीजन में खाद्य विभाग अलर्ट, पानी और जूस के नमूनों की जांच, कर्मचारियों के लिए हेड कैप और ग्लव्स अनिवार्य

भिलाई/नवप्रदेश। भीषण गर्मी के सीजन में जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले की पानी फैक्ट्रियों में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर खाद्य नियंत्रक एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में विभाग ने विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया।

कार्यवाही के दौरान आरएस इंटरप्राइसेस जामुल और पाल एक्वा छावनी भिलाई से पानी की बोतलों के नमूने लिए गए।

कुम्हारी स्थित आईबी सॉल्यूशन में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 180 बोरी पानी पाऊच जप्त किया गया।

अमर बेवरेजेस कैलाश नगर भिलाई से पानी की बोतल और ज्योति इंडस्ट्रीज जेवरा सिरसा से लीची जूस के नमूने संकलित कर जांच के लिये राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है।

जांच के दौरान वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी रिचा शर्मा और खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारद राम कोमरे ने फर्मों के संचालकों को कर्मचारियों के मेडिकल प्रमाणपत्र और पानी की शुद्धता की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

स्वच्छता बनाए रखने और कार्य के दौरान कर्मचारियों को हैंड ग्लव्स व हेड कैप अनिवार्य रूप से पहनने की हिदायत दी गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 (विनियम 2011) के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

गर्मी के सीजन को देखते हुए नमूनों के संकलन और निरीक्षण का यह कार्य आने वाले दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा।

कृषि विस्तार अधिकारियों की हड़ताल जारी

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के समोदा में अफीम की खेती के केस में कृषि विस्तार अधिकारी एकता साहू का निलंबन निरस्त न करने पर छ ग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ जिला इकाई दुर्ग ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि जब तक जिला प्रशासन निलंबन रद्द कर एकता साहू की बहाली नहीं करेगा, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल के कारण कृषि विभाग से सम्बंधित सभी योजनाएं प्रभावित होंगी, जिसके लिए जिला प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा। निलंबन के विरोध में प्रदर्शन आज भी जारी रहा। प्रदर्शन स्थल पर सभी विकासखंड के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी उपस्थित रहे। आज छ. ग. कृषि स्नातक संघ शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष लिखेश वर्मा, दुर्ग जिला अध्यक्ष अमित वर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ममता बंजारे, उपाध्यक्ष व प्रभारी सचिव दुर्ग संजीव साहू सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। हड़ताल के समर्थन में छत्तीसगढ़ कैशलेस चिकित्सा सेवा कर्मचारी कल्याण संघ के संरक्षक राकेश सिंह हड़ताल में उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

40 सामुदायिक शौचालयों का संधारण शुरू

■ स्व-सहायता समूह करेंगे रखरखाव

दुर्ग। नागरिकों को स्वच्छ और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सामुदायिक शौचालयों का संधारण कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन की स्वच्छता श्रृंगार योजना के तहत कुल 40 सामुदायिक शौचालयों को स्व-सहायता समूहों को संचालन व रखरखाव के लिए सौंपा गया है। निगम प्रशासन द्वारा पुराने और जर्जर शौचालयों की स्थिति सुधारने के लिए मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। कई शौचालयों में दरवाजे बदले जा रहे हैं। टूटी सीटों की मरम्मत और पुराने सीवरेज टैंकों का संधारण किया जा रहा है। शौचालयों की हालत अत्यधिक खराब होने के कारण जनहानि की आशंका होने पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए डिस्मेंटल किया जा रहा है। जल आपूर्ति की समस्या को गंभीरता से लेते हुए निगम प्रशासन ने सहायक अभियंता को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। बोर की सफाई और खराब पंपों को बदला जा रहा है, ताकि शौचालयों में पानी की उपलब्धता बनी रहे और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वार्ड 53 और 54 में नए सेप्टिक टैंक, दरवाजे, लाइट और अन्य आवश्यक फिटिंग कार्य किए जा रहे हैं। वार्ड 34, 19 और 22 में भी संधारण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना तहसील स्तरीय कार्यक्रम आज

दुर्ग। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत 25 मार्च को दोपहर 12 बजे पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिले के विभिन्न तहसीलों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दुर्ग, धमधा, पाटन, भिलाई-3, बोरी और अहिवारा तहसीलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुबह 11 बजे कार्यक्रम का आयोजन है। कार्यक्रम के दौरान चयनित हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और नगर पंचायतों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

नील आढ़तिया को कराते में ब्लैक बेल्ट

दुर्ग। शहर के व्यवसायी तरुण आढ़तिया और कोमल आढ़तिया के पुत्र और राज आढ़तिया के भतीजे नील आढ़तिया ने फुल कॉन्टैक्ट कराते में ब्लैक बेल्ट हासिल किया है। सेक्टर 7 बीएसपी इस्पात क्लब, भिलाई में आयोजित बेल्ट व प्रमाणपत्र वितरण समारोह संस्था कारा कु जू बो काई कान के डायरेक्टर सेंसाई गिरी राव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम में उन्हें ब्लैक बेल्ट दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेक्टर-7 युवा सांस्कृतिक मंडल के अध्यक्ष व भाजपा जिला उपाध्यक्ष चिन्ना केशवलु उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुल 13 छात्र-छात्राओं को ब्लैक बेल्ट, प्रमाणपत्र व आईडी कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिनमें नील आढ़तिया सहित अन्य प्रतिभागी शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों को सम्मानित किया।

उल्लास महापरीक्षा में 30 परीक्षार्थी शामिल

दुर्ग। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बोरसीभाठा में उल्लास नवभारत साक्षरता महापरीक्षा में 30 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षार्थियों का स्वागत ब्लॉक उल्लास नोडल रश्मि ठाकुर एबीओ की उपस्थिति में पुष्प गुच्छ व तिलक लगाकर माला पहनाकर किया गया। उल्लास महापरीक्षा के प्रचार-प्रसार व जागरूकता के लिए रंगोली, दीवार लेखन, सेल्फी जोन, मटका सजावट आदि तैयारी की गई। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण उल्लास जिला नोडल पुष्पा पुरुषोत्तमन, डाइट दुर्ग डॉ. वंदना सिंह ने किया और परीक्षार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक परमानंद देवांगन, केन्द्राध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, प्रधान पाठक शिव शंकर गेण्डे, पूर्व वार्ड पार्षद ज्ञान दास बंजारे, रेखा बंजारे पार्षद, गंगा बंजारे, रेखा टण्डन उपाध्यक्ष, पदमनी गायकवाड़, रीता खरे व समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। सहायक शिक्षक टोमन लाल साहू ने बताया कि 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से समय-समय पर मेला का आयोजन किया जा रहा है। बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान कौशल विकसित करना ही उल्लास मेले का उद्देश्य होता है।

स्वच्छता दीदियों के लिए स्वास्थ्य शिविर

दुर्ग। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 14 मार्च से प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता दीदियों और अमृत मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु विशेष शिविर आयोजित करने की की घोषणा की गई है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर नगर निगम दुर्ग द्वारा मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 31 मार्च तक विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों का आयोजन स्वच्छता दीदियों के कार्यस्थल के समीप ही किया जाएगा, ताकि उन्हें सुविधाजनक तरीके से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श, उपचार और निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया जाएगा। 26 मार्च को धमधा नाका एसएलआरएम सेंटर ,27 मार्च को बटालियन एसएलआरएम सेंटर, 30 मार्च को बोरसी हाट बाजार एसएलआरएम सेंटर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में आवश्यकतानुसार विभिन्न स्वास्थ्य जांच भी की जाएगी।

बीएसपी में ऑनलाइन व्हीकल एरिया पास प्रणाली का शुभारंभ

डिजिटल पहल से सुदृढ़ होगी सड़क सुरक्षा

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी ने डिजिटल परिवर्तन की दिशा में ऑनलाइन व्हीकल एरिया पास प्रणाली का शुभारंभ किया। इस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सेफ्टी इंजीनियरिंग विभाग (एसईडी) और कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (सी एंड आईटी) द्वारा मानव संसाधन विकास केंद्र में प्रशिक्षण व प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 140 ठेका पर्यवेक्षकों और उनके प्रतिनिधियों की सहभागिता रही।

पहले व्हीकल एरिया पास प्रणाली पारंपरिक कागज आधारित प्रक्रिया थी, जिसे सीआईएसएफ द्वारा किया जाता था। अब नई ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। रीयल-टाइम डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पारदर्शिता, सुरक्षा अनुपालन और कार्यकुशलता को बढ़ावा दिया जाएगा। सीआईएसएफ कर्मियों और ठेका एजेंसियों के प्रशासनिक भार में भी कमी आएगी। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) देबदत्त सतपथी, मुख्य महाप्रबंधक (सी एंड आईटी) समीर गुप्ता, महाप्रबंधक प्रभारी (सी एंड आईटी) नीना जायसवाल, निरीक्षक (सीआईएसएफ) मनोरमा और महाप्रबंधक (सी एंड आईटी) सरबानी दास उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समन्वयन महाप्रबंधक (एसईडी) जे. तुलसीदासन ने किया। उप महाप्रबंधक (सी एंड आईटी) रंजीता सोनपिप्रे द्वारा प्रणाली का विस्तृत तकनीकी प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसमें इसके संचालन तंत्र व उपयोगकर्ता इंटरफेस की जानकारी साझा की गई।

मुख्य महाप्रबंधक (सी एंड आईटी) समीर गुप्ता ने कहा कि इंटरनेट आधारित तकनीकों को अपनाने से जटिल प्रशासनिक प्रक्रियाएँ सरल होंगी और सभी हितधारकों की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) देबदत्त सतपथी ने बताया कि पूर्व की मैनुअल प्रणाली में मानवीय त्रुटियों, कागजी कार्यवाही की जटिलताओं और वाहनों की सीमित ट्रैकिंग जैसी समस्याएँ थीं, जिन्हें यह नई डिजिटल प्रणाली दूर करेगी। इस अवसर पर निरीक्षक (सीआईएसएफ) मनोरमा ने इस पहल की सराहना करते हुए परिवर्तन के इस चरण में सीआईएसएफ की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। महाप्रबंधक प्रभारी (सी एंड आईटी) नीना जायसवाल ने प्रारंभिक चुनौतियों की संभावना को स्वीकार करते हुए त्वरित समाधान एवं सतत सहयोग का भरोसा दिलाया।

शराब के लिए पैसे नहीं मिले, युवक ने अपने ही घर में लगाई आग

भिलाई/नवप्रदेश। जामुल थाना क्षेत्र में शराब के लिए पैसे न मिलने पर एक युवक ने अपने ही घर में आग लगा दी। इस घटना में घर में रखा करीब ढाई लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। 22 मार्च की रात करीब 10 बजे ग्राम खेरधा में मीना धृतलहरे ने थाना जामुल में शिकायत दर्ज कराई कि उसका बेटा पुनीत धृतलहरे शराब पीने के लिए पैसे मांग रहा था। मां ने पैसे देने से मना कर दिया। इससे वह गुस्से में आ गया और घर में आग लगाने की धमकी देने लगा। गुस्से में आकर आरोपी ने सिगड़ी में कपड़ा जलाया और उसे घर के अंदर फेंक दिया। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई। आग तेजी से फैलने लगी और घर में रखा सामान पूरी तरह जल गया। इस घटना में करीब 2 लाख 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही जामुल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को बुलाया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी पुनीत धृतलहरे को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने शराब के लिए पैसे नहीं मिलने पर गुस्से में आग लगाना स्वीकारा।

तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक पेड़ से टकराई, दो घायल

भिलाई/नवप्रदेश। मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार बाइक हादसे का शिकार हो गई। हादसे में दो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। टाउनशिप के सेक्टर-4 स्थित सेंट्रल एवेन्यू रोड पर सुबह करीब 7 बजे हादसा हुआ। तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराई। हादसे के बाद दोनों किशोर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सेक्टर-9 अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बाइक चला रहा दिव्य कुमार 10 वीं कक्षा का छात्र है। उसके पिता केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में जवान हैं। बाइक पर पीछे अक्षत चंद्राकर के रूप में हुई है।

आयुक्त ने दिए शक्ति तालाब और नहर की सफाई के निर्देश

भिलाई नगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय ने जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्र में पेवर ब्लॉक, प्रस्तावित रोड स्थल, तालाब और नहर सफाई कार्य का निरीक्षण किया। तालाब और नहर की साफ -सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने निर्देशित किया गया।

निगम आयुक्त ने वैशाली नगर कालेज के सामने लगे पेवर ब्लाक का निरीक्षण किया। सौंदर्यीकरण को दृष्टिगत करते हुए पूर्व में पेवर ब्लाक लगाया गया था। पेवर ब्लाक पुराना होने के कारण बीच-बीच से उखड़ गया है। इसका शीघ्र संधारण कराने के निर्देश दिये गए। नागरिकों की सुविधा और आवागमन को सुचारू रूप से संचालित करने बाबादीप सिंह नगर में प्रस्तावित रोड निर्माण के लिये स्थल अवलोकन किया गया।

वार्ड 22 घासीदास नगर में शिव शक्ति तालाब व नहर की सफाई कार्य को बेहतर तरीके से करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी प्रशन्न तिवारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर सहानी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, जोनल सुपरवाइजर व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

रामनवमी व महावीर जयंती पर मांस दुकानें बंद रहेंगी

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर 26 मार्च गुरुवार को रामनवमी और 31 मार्च मंगलवार को महावीर जयंती के समस्त पशु वध गृह और मांस बिक्री की दुकानें बंद रखने के आदेश दिये गए हैं। भिलाई निगम आयुक्त राजीव पांडेय और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्थान पर दुकान खुली मिलने पर सामग्री जब्त करने के साथ जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी। दुकान संचालक के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विश्व टीबी दिवस पर एक्स-रे मशीन का उद्घाटन

दुर्ग/नवप्रदेश। विश्व टीबी दिवस के अवसर पर आज ग्राम अंडा में टीबी मुक्त भारत अभियान 2.0 के अंतर्गत 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का ब्लॉक स्तर पर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि के रूप में मीनाक्षी चंद्राकर सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर आधुनिक एक्स-रे मशीन का विधिवत पूजा-अर्चना कर उद्घाटन किया गया और टीबी मुक्त भारत अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मरीजों को निराक्षय सुपोषण टोकरी प्रदान की गई। नई मशीन से समय पर त्वरित जांच की सुविधा मिलेगी। लोगों को अब टीबी की जांच के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त होगी और उपचार तत्काल प्रारंभ किया जा सकेगा। विधायक प्रतिनिधि मीनाक्षी चंद्राकर ने कहा कि टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए सबसे ज़रूरी है कि लक्षण दिखते ही समय पर जांच और पूरा इलाज किया जाए। एक्स-रे जैसी सुविधा अब हमारे ब्लॉक में उपलब्ध है, जिससे शीघ्र पहचान और तत्काल उपचार संभव होगा। जिला क्षय अधिकारी डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव व डॉ. देवेंद्र बेलचंदन ने बताया कि घर-घर सक्रिय स्क्रीनिंग, संपर्क ट्रेसिंग, निक्षय पोर्टल पर पंजीकरण, निक्षय मित्रों के सहयोग से पोषण सहायता और नियमित फॉलो-अप पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

समारोह में जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, सरपंच दिग्विजय सिंह, गिरेश साहू, मंडल अध्यक्ष लीकेश्वर देशमुख, डिलेश साहू, नोमेश्वर पिपरिया, हेमलाल निषाद, मुकेश बेलचंदन, सरपंच योगेंद्र दिल्लीवार, राजेंद्र वर्मा, विमल वर्मा, राकेश सिंह मौजूद थे।

जिला अस्पताल में नवजात को मिली नई जिंदगी

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला अस्पताल दुर्ग में चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ ने नवजात शिशु को नया जीवन दिया है। अंजोरा निवासी ममता जांगड़े पति शेखर के यहां 4 फरवरी 2026 को समय पूर्व नवजात शिशु का जन्म हुआ, जिसका वजन जन्म के समय मात्र 900 ग्राम था। शिशु की हालत बेहद गंभीर थी और उसे सांस लेने में गंभीर परेशानी हो रही थी। चिकित्सकीय जांच में नवजात को रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम से पीड़ित पाया गया।

स्थिति को देखते हुए उसे तत्काल विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई में भर्ती कर वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। नवजात शिशु देखभाल इकाई इंचार्ज पीडियाट्रिशियन डॉ. वाई किरण कुमार के नेतृत्व में शिशु के फेफड़ों में सर्फैक्टेंट थेरेपी दी गई, जिसमें डीएनबी रेजिडेंट डॉ. हेमंत सिंह ने सहयोग किया। उपचार के दौरान शिशु को आवश्यकतानुसार पीआरबीसीएस (ब्लड) चढ़ाया गया।

नवकार महामंत्र से होगा महावीर जन्म कल्याणक का आगाज

दुर्ग/नवप्रदेश। जन्म कल्याणक महोत्सव का आगाज 25 मार्च को नवकार महामंत्र जाप और सामयिक साधना के साथ जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में सुबह 7 बजे से प्रारंभ होगा। श्रमण संघ स्वध्याय मंडल को इस आयोजन की ज़िम्मेदारी दी गई है। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अध्यक्ष योगेश बरडिया, विजय कोठारी, संदीप निमाणी, मनीष बडज़ात्या, प्रभात सांखला, आकाश पारख, प्रवीण बोदरा, अक्षय जैन, राहुल बरमेचा, नितेश पारख, संभव जैन कार्यक्रम की संयोजन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग,
सेतु निर्माण मण्डल, रायगढ़ (छ0ग0)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 23.03.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रथम ऑनलाइन निविदा 'डी' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 12.04.2026 तक है।

क्र.	एन.आई.टी. क्र. / निविदा क्र .	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
01.	NIT No. 32 Tender No. 187600	जिला-जांजगीर चांपा के शिवरीनारायण गिधौरी मार्ग पर महानदी पर निर्मित पुल निर्माण कार्य के विशेष मरम्मत कार्य। **(प्रथम आमंत्रण)**	**रू. 47.47 लाख**
02.	NIT No. 33 Tender No. 187601	जिला-जांजगीर-चांपा अंतर्गत आर.ओ.बी. खोखसा के विशेष मरम्मत कार्य। **(प्रथम आमंत्रण)**	**रू. 35.34 लाख**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। **(राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेशिटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एन.आई.टी. के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें)**

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल नं. एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. सेतु मण्डल, रायगढ़

जी- 252607389/4

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी,
रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़ (छ.ग.)
07762-224426 (O), 07762-222178 (R), 07762-226047 (F)
E-mail: dfo-raigarh.cg@gov.in

संक्षिप्त निविदा सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़ के परिक्षेत्र रायगढ़ में गजमार पहाड़ कक्ष क्रमांक 1010 आर.एफ. में ईको पार्क निर्माण कार्य के लिए **Supply of SS Steel** क्रय हेतु निविदा दिनांक 17.04.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक मुहरबंद लिफाफा पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट / वनमंडल कार्यालय रायगढ़ में रखे बॉक्स में डालने हेतु वनमंडल कार्यालय रायगढ़ में आमंत्रित की जाती है।

निविदा का प्रकार	प्रथम निविदा दिनांक	द्वितीय निविदा दिनांक	तृतीय निविदा दिनांक
ईको पार्क निर्माण कार्य के लिए **Supply of SS Steel** क्रय	17.04.2026	04.05.2026	11.05.2026

निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन समय में सूचना प्रकाशन दिनांक से दिनांक 17.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक रूपये 1000/- का डिमांड ड्राफ्ट जो वनमंडलाधिकारी, रायगढ़ वनमंडल रायगढ़ के पक्ष में देय हो, जमा कर पूर्ण आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है। **प्राप्त निविदा दिनांक 17.04.2026 को सायं 4.00 बजे** उपस्थित निविदाकारो / अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

अधिक जानकारी के लिये www.cgforest.com बेव साईट का अवलोकन करें ।

वनमण्डलाधिकारी
रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़

जी- 252607407/4

चारामा ब्लॉक में 10 माह से पेंशन बंद, सरपंच संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

चारामा / नवप्रदेश।। ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में पिछले 9-10 महीनों से पेंशन योजना बंद होने के कारण हितग्राहियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर सरपंच संघ की मासिक बैठक जनपद पंचायत सभागार में आयोजित की गई, जिसमें कई अहम समस्याओं पर चर्चा हुई।

बैठक में बताया गया कि विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन सहित अन्य पेंशन योजनाओं का भुगतान लंबे समय से नहीं हो रहा है, जिससे बुजुर्ग और दिव्यांग लोगों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है। सरपंचों ने मांग की कि जल्द से जल्द सभी लंबित पेंशन राशि का भुगतान किया जाए। इसके अलावा बैठक में महतारी वंदन योजना का पोर्टल बंद होने का मुद्दा भी उठाया गया। सरपंचों ने कहा कि पोर्टल बंद होने से कई महिलाएं योजना का लाभ लेने से वंचित हैं, इसलिए इसे जल्द शुरू किया जाए।सरपंच संघ ने यह भी आरोप लगाया कि चारामा ब्लॉक के साथ निर्माण कार्यों में भेदभाव किया जा रहा है, जबकि अन्य ब्लॉकों को पर्याप्त काम मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य योजनाओं जैसे मुर्गी शेड, बकरी शेड, सुअर शेड आदि को फिर से शुरू करने की मांग की। सरपंच संघ के उपाध्यक्ष जय प्रकाश गावड़े ने कहा कि यदि अप्रैल महीने तक पेंशन का भुगतान शुरू नहीं हुआ, तो सभी सरपंच और हितग्राही ब्लॉक कार्यालय के सामने उग्र आंदोलन करेंगे। उन्होंने 9 अप्रैल को बड़े विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी। वहीं मचान्दुर की सरपंच नूतन भोयार ने कहा कि गांवों में कोई विकास कार्य नहीं हो रहा है, जिससे ग्रामीण लगातार सवाल कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है। सरपंच संघ ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत चारामा से मांग की है कि इस समस्या को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाकर जल्द से जल्द समाधान किया जाए।

न्यूज गैलरी

एकता महिला संकुल संगठन चितालंका को मिला नवीन महतारी सदन

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। आज जनपद पंचायत दंतेवाड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रदीप पटेल एवं ग्राम पंचायत चितालंका की सरपंच श्रीमती मुन्नी भास्कर की उपस्थिति में आरईएस विभाग द्वारा निर्मित महतारी सदन चितालंका का विधिवत हस्तांतरण किया गया। यह भवन आरईएस विभाग के एसडीओ श्री एम. घोड़मोड़े एवं इंजीनियर श्री विजय देवांगन द्वारा एकता महिला संकुल संगठन चितालंका को सौंपा गया। इस दौरान संकुल संगठन की अध्यक्ष श्रीमती राधा, सचिव श्रीमती सरिता ठाकुर सहित सभी महिला सदस्य (दीदियाँ) उपस्थित रहीं। महतारी सदन का उपयोग संकुल संगठन के कार्यालय के रूप में किया जाएगा, साथ ही यहां विभिन्न आजीविका गतिविधियों के संचालन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। यह पहल महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम में बीपीएम एनआरएलएम श्री धर्मेंद्र ठाकुर, एसी श्री वैभव शेष, ग्राम पंचायत सचिव श्री राजू बघेल, पीआरपी श्रीमती वंदना ठाकुर, लेखापाल श्रीमती योगिता कौशल, संकुल संगठन के पदाधिकारी एवं अन्य दीदियाँ भी उपस्थित रही ।

केन्द्रीय विद्यालय बीजापुर में कक्षा पहिली से पांचवीं तक प्रवेश प्रारंभ

बीजापुर / नवप्रदेश। केन्द्रीय विद्यालय बीजापुर में नए सत्र 2026-27 के लिए कक्षा पहली से पांचवीं तक प्रवेश प्रारंभ हो गया है। कक्षा प्रथम में 80 सीटो पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन करना होगा। एवं कक्षा दूसरी से पांचवीं तक प्रवेश (प्रत्येक कक्षा में 40 सीट) हेतु विद्यालय में आकर ऑफलाइन पंजीयन करना होगा।पंजीयन हेतु 20 मार्च 2026 प्रातः 10 बजे से अंतिम तिथि 02 अप्रैल 2026 दोपहर 1:00 बजे तक निर्धारित है। सभी अभिभावकों के पास अपने पाल्य/पाल्या को एक अच्छे विद्यालय में पढ़ाने का सुनहरा अवसर। इच्छुक अभिभावक समय पर प्रवेश हेतु पंजीयन करवा सकते है।

जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद बैठक 27 मार्च को

कोरिया / नवप्रदेश। जिला खनिज संस्थान न्यास कोरिया की शासी परिषद की बैठक 27 मार्च 2026, शुक्रवार को प्रातः 11 बजे कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, बैकुण्ठपुर में आयोजित की जाएगी। बैठक में लोकसभा क्षेत्र कोरबा की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, भरतपुर.सोनहत की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह सरूता, बैकुण्ठपुर विधायक श्री भईयालाल राजवाड़े तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मोहित राम पैकरा सहित शासी परिषद के सदस्य उपस्थित रहेंगे।बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार.विमर्श एवं अनुमोदन किया जाएगा। इनमें वर्ष 2024.25 के कार्यों की ऑडिट रिपोर्ट का अनुमोदन, वर्ष 2025.26 में निरस्त किए गए कार्यों की स्वीकृति, वर्ष 2025. 26 के स्वीकृत कार्यों के कार्योत्तर अनुमोदन,जिले के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रों का निर्धारण तथा वित्तीय वर्ष 2026.27 की वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन प्रमुख रूप से शामिल हैं।इसके अतिरिक्त अध्यक्ष की अनुमति से अन्य समसामयिक विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। जिला खनिज संस्थान न्यास के पदेन सदस्य सचिव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

घर बैठे मिल रही परिवहन सेवा: 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' से आसान हुई राह

कोरबा / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की ÷तुंहर सरकार तुंहर द्वार÷ योजना के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा दी जा रही घर पहुँच सेवाओं ने नागरिकों के जीवन को सुगम और सरल बना दिया है। प्रदेश सरकार की इस मंशा को आगे बढ़ाते हुए परिवहन विभाग द्वारा कुशल और समयबद्ध तरीके से स्मार्ट कार्ड आधारित ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) सीधे आवेदकों के घर के पते पर पहुँचाए जा रहे हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से मुक्ति दिलाना और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करना है।इस योजना के क्रियान्वयन से परिवहन प्रणाली में न केवल सुधार हुआ है, बल्कि नियमों के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। वाहन स्वामियों को अब आवश्यक दस्तावेजों के परीक्षण के उपरांत बिना किसी परेशानी के घर बैठे ही उनके महत्वपूर्ण दस्तावेज प्राप्त हो रहे हैं। शासन का यह कदम सुरक्षित और सीमित गति से वाहन चलाने के साथ-साथ पर्यावरण नियमों के अनुपालन के प्रति भी नागरिकों को प्रोत्साहित कर रहा है। सड़क सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाने और यातायात संकेतों के पालन को अनिवार्य बनाने की दिशा में यह सेवा एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुई है।परिवहन अधिकारी श्री विवेक सिन्हा ने बताया कि कोरबा जिले में इस योजना के सफल संचालन के परिणाम आंकड़ों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 52,076 दस्तावेजों का वितरण किया गया था, जिसमें 27,253 पंजीकरण प्रमाणपत्र और 24,823 ड्राइविंग लाइसेंस शामिल थे।

सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने कलेक्टर से की हस्तक्षेप की मांग

60 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान समितियों में खुले आसमान के नीचे



बीजापुर / नवप्रदेश। जिले में धान उठाव की धीमी रफ्तार अब चिंता का विषय बन गई है। धान उपार्जन केन्द्रों में खुले आसमान के नीचे पड़ा है, जिसकी सुरक्षा बड़ी चुनौती बन गई है। सहकारी समिति कर्मचारी संघ, जिला बीजापुर (छत्तीसगढ़) ने इस गंभीर स्थिति को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है और तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

संघ के अनुसार जिले के 30 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 1,10,617.76 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। उठाव के लिए 37,166.00 मीट्रिक टन का डी.ओ. और 39,038.00 मीट्रिक टन का परिवहन आदेश जारी किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद अब तक केवल लगभग 45 प्रतिशत धान का ही उठाव हो पाया है।

वर्तमान में 60,395.22 मीट्रिक टन धान उपार्जन केन्द्रों में शेष है, जिसकी सुरक्षा बड़ी चुनौती बन गई है। असामयिक बारिश, दीमक और चूहों के कारण धान को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है, वहीं गुणवत्ता में भी गिरावट देखी जा रही है।

सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने बताया कि डी.ओ./टी.ओ. जारी होने के बावजूद महीनों से उठाव लंबित है। केन्द्रों में अंतरजिला से हमालों की व्यवस्था की गई है, लेकिन वाहनों की कमी के कारण उठाव प्रभावित हो रहा है। इसके चलते हमालों द्वारा दैनिक मजदूरी की मांग की जा रही है, जिससे अतिरिक्त आर्थिक दबाव बन रहा है। ।

उन्होंने बताया कि उपार्जन नीति 2025-26 के अनुसार डी.ओ./टी.ओ. जारी होने के 10 दिनों के भीतर धान का उठाव अनिवार्य है, जबकि कंडिका 15.8 के तहत 31 मार्च तक सम्पूर्ण उठाव किया जाना है। वर्तमान हालात को देखते हुए यह लक्ष्य अधूरा रह सकता है।

संघ ने मांग की है कि कलेक्टर तत्काल हस्तक्षेप करते हुए जिला विपणन अधिकारी को निर्देशित करें, ताकि टी.ओ./डी.ओ. के माध्यम से धान का त्वरित उठाव सुनिश्चित हो सके और नुकसान से बचाव किया जा सके।इस दौरान संघ के अध्यक्ष अलमरान ख़ान, उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, सचिव संदीप साहू, भास्कर वेमूला,टी. हरीश, जी. प्रसाद, हिडमा राम, विक्रम गड़पा, कौशल कश्यप सहित संघ के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

21 गर्भवतीयों को कुटरू स्वास्थ्य केंद्र से मिली बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

बीजापुर / नवप्रदेश। जिले में ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुटरू में स्त्री रोग विशेषज्ञ की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं जिससे कुल 21 गर्भवती माताएं लाभान्वित हुईं। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी के मार्गदर्शन में जिले के सभी ब्लॉकों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर माह में दो बार विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की पहल की जा रही है। इस व्यवस्था का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है ताकि उन्हें जिला अस्पताल तक आने की आवश्यकता न पड़े।इसी क्रम में 24 मार्च को कुटरू स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच एवं आवश्यक उपचार किया गया। इस दौरान 21 गर्भवती माताओं का सफलतापूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श और उपचार प्रदान किया गया।

इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार की दिशा में सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

जिला प्रशासन का यह प्रयास स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ, प्रभावी और ग्रामीणों के करीब लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

बीजापुर में उद्योग बैंकर्स संवाद कार्यशाला का आयोजन किया

बीजापुर / नवप्रदेश। जिले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों MSME को प्रोत्साहित करने और उद्यमियों व बैंकों के बीच समन्वय मजबूत करने के उद्देश्य से उद्योग बैंकर्स संवाद कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम RAMP योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन बीजापुर एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से आयोजित हुआ।कार्यक्रम में जिले के अनेक MSME उद्यमियों, महिला उद्यमियों, पीएमएफएमई एवं अन्य योजनाओं के हितग्राहियों ने भाग लिया। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफइंडिया, यूनियन बैंक ऑफइंडिया एवं एक्सिस बैंक सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारियों ने भाग लेकर उद्यमियों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओ, मुद्रा योजना एवं ष्टत्रञ्जरूस्श्व के लाभों की विस्तृत जानकारी दी।

लू से बचने स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी जारी, दोपहर में घर से बाहर निकलने से बचें

बीजापुर / नवप्रदेश। ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत के साथ बढ़ती गर्मी को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी, जिला बीजापुर द्वारा लू (हीट वेव) से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आमजन से अपील की गई है कि लू के प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए सतर्क रहें और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

लू के प्रमुख लक्षण- गर्मी बढ़ने के साथ लू लगने की संभावना भी बढ़ जाती है। लू लगने पर सिर भारी होना, तेज सिरदर्द, बुखार, मुंह सूखना, चक्कर आना, उल्टी, कमजोरी, अत्यधिक प्यास लगना, शरीर का तापमान बढ़ना लेकिन पसीना न आना तथा बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं।

लू से बचाव के उपाय- स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी है कि अत्यावश्यक कार्य न हो तो दोपहर के समय घर से बाहर न निकलें। बाहर जाते समय सिर और कान को कपड़े से ढंकें, हल्के और सूती कपड़े पहनें तथा नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। लंबे समय तक धूप में रहने से बचें। अधिक पसीना आने पर ओआरएस घोल का सेवन लाभकारी बताया गया है। चक्कर या उल्टी की स्थिति में तुरंत छायादार स्थान पर आराम करें और ठंडे पेय जैसे लस्सी, मठ्ठा, नींबू पानी या फलों का रस लें। प्राथमिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केंद्र से निःशुल्क परामर्श लिया जा सकता है।

लू लगने पर क्या करें- यदि किसी व्यक्ति को लू लग जाए तो उसे तुरंत ठंडी और छायादार जगह पर लिटाएं। सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखें और शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करें। पेज, कच्चे आम का रस, जलजीरा या अन्य तरल पदार्थ दें। ओआरएस के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन या एएनएम से संपर्क किया जा सकता है। गंभीर लक्षण होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल जाएं।

क्या करें- पर्याप्त पानी पिएं, भले ही प्यास न लगे। ओआरएस, छाछ, लस्सी और नींबू पानी जैसे घरेलू पेय पदार्थों का सेवन शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाता है। हालांकि, जिन लोगों को हृदय, गुर्दे, लीवर या मिर्गी संबंधी समस्या है वे तरल मात्रा बढ़ाने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

क्या न करें- धूप में नंगे पांव न निकलें। दोपहर के समय खाना पकाने से बचें। शराब, चाय, कॉफी और कोल्ड ड्रिंक का सेवन कम करें, क्योंकि ये शरीर को निर्जलित करते हैं। अधिक प्रोटीन युक्त भोजन से भी परहेज करने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि सावधानी बरतें, जागरूक रहें।

दिव्यांग सूरज के जीवन में फैली नई रोशनी

कोरबा / नवप्रदेश। नगर पालिका निगम क्षेत्र के सेमीपाली-जमनीपाली, कोरबा के निवासी 32 वर्षीय श्री सूरज कुमार जन्म से ही 100 प्रतिशत अस्थि-बाधित दिव्यांगता के बावजूद हिम्मत नहीं हारे। दो पैरों से पूर्णतः दिव्यांग होने के कारण उनका हर दिन संघर्ष और तकलीफों से भरा था। चलना-फिरना, दैनिक कार्यों को करना, बाहर जाना-हर कदम पर मुश्किलें उनका जीवन बोझिल बना देती थीं। फिर भी जीवन को आगे बढ़ाने की उनकी इच्छाशक्ति कभी कमजोर नहीं हुई। बेहतर सहारे की तलाश में 14 मार्च 2026 को वे लोक अदालत में उपस्थित हुए और मोट्राईज़्ड ट्राईसाइकिल की मांग रखी।छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग ने उनकी आवश्यकता को गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए सहायक उपकरण प्रदाय योजना के अंतर्गत उसी दिन मोट्राईज़्ड ट्राईसाइकिल स्वीकृत कर प्रदान की।

बाल विवाह पर सख्ती, विकास पर एकजुटता

बीजापुर / नवप्रदेश। जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने और शिक्षा, स्वास्थ्य सहित समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने सर्व समाज के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों, विशेषकर बाल विवाह जैसी गंभीर समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी समाज प्रमुखों ने एकमत होकर बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने का संकल्प लिया। साथ ही सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराने पर जोर दिया गया।कलेक्टर ने जिले में कुपोषण और एनीमिया की गंभीर स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि कम उम्र में विवाह, गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच की कमी और जागरूकता के अभाव के कारण माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

मुख्य कार्यक्रम 4 और 5 मई को आवासीय शहीद महेंद्र कर्मा बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर में होगा

इनोवेटर्स और उभरते उद्यमियों को मिला एक बेहतर मंच

चारामा / नवप्रदेश। दिनांक 24 मार्च 2026 को शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय चारामा में बस्तर इनोवेशन महाकुंभ 1.0÷ का सफल आयोजन हुआ। बस्तर इनोवेशन महाकुंभ 1.0 का मुख्य कार्यक्रम दो दिवसीय 4 और 5 मई 2026 को आवासीय शहीद महेंद्र कर्मा बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर में होगा, इस कार्यक्रम का आयोजन बस्तर विश्वविद्यालय और छत्तीसगढ़ सरकार, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार, भारत स्वाभिमान मंच, आईआईटी , आईआईएम इत्यादि के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध उद्योगपति, विशेषज्ञ, इनवेस्टर और नवप्रवर्तन शामिल होंगे।

बस्तर इनोवेशन महाकुंभ 1.0 का उद्देश्य छात्रों, युवा नवप्रवर्तकों, स्थानीय इनोवेटर्स और उभरते उद्यमियों को एक मंच पर लाकर विचारों के आदान प्रदान, सहयोग और नवाचार आधारित समाधान विकसित करने के अवसर प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को नवाचार एवं प्री इंक्यूबेशन कार्यशालाएं, स्टार्टअप मास्टरक्लास, पिचिंग सत्र, विशेषज्ञों के साथ पैनल चर्चाएं तथा उद्योग जगत के अग्रणी व्यक्तियों द्वारा लाइव मेंटरिंग जैसी विविध गतिविधियों का लाभ मिलेगा इन गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को अपने विचारों को विकसित करने, उन्हें व्यावहारिक रूप देने तथा सफल उद्यमी और आत्मनिर्भर पेशेवर बनने की दिशा में मार्गदर्शन प्राप्त होगा संस्थागत सहयोग और मार्गदर्शन के साथ, इनोवेशन महाकुंभ 1.0 का उद्देश्य विश्वविद्यालय में एक सशक्त नवाचार एवं स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना तथा पूरे बस्तर क्षेत्र में उद्यमशीलता और नवाचार की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवाचार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहन, युवा प्रतिभाओं को विशेष नेटवर्क से जोड़ना, स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्यमिता को बढ़ावा, स्थानीय उत्पादों का मूल्य संवर्धन और बाजार विस्तार और युवा नेतृत्व वाले नवाचारों को संस्थागत सहयोग प्रदान करना है। इनोवेशन महाकुंभ 1.0 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और विकसित भारत अभियान 2047 के लक्ष्यों को भी पूरा करना है जो मुख्यतः नवाचार, उद्यमिता, कौशल विकास और प्रौद्योगिकी पर है। जिससे उद्योग भागीदारों को दीर्घकालिक और अकादमिक सहयोग स्थापित करने का अवसर मिलेगा और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, कुलपति शहीद महेंद्र कर्मा बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर और विशेष अतिथि भारत स्वाभिमान मंच से डॉ शंकर त्रिपाठी, विश्वविद्यालयीन कार्यक्रम समन्वयक डॉ विनोद कुमार सोनी और विश्वविद्यालय मीडिया व तकनीकी अधिकारी मौजूद रहे।

रैम्प योजना के अंतर्गत स्टार्टअप कार्यशाला का सफल आयोजन

कोरबा / नवप्रदेश। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, द्वारा जिप्सा कॉलेज, टी.पी. नगर, कोरबा में आरएएमपी योजना के अंतर्गत ÷स्टार्टअप छत्तीसगढ़÷ विषय पर जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा स्टार्टअप की अवधारणा, नवीन व्यावसायिक विचारों के विकास, इन्क्यूबेशन, फंडिंग तथा मार्केटिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ सरल एवं व्यवहारिक तरीके से प्रस्तुत की गईं। प्रतिभागियों को यह बताया गया कि किस प्रकार वे अपने नवाचार को व्यवसाय में परिवर्तित कर सकते हैं और शासन द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

इजरायल का ईरान के कैस्पियन सागर पोर्ट पर हमला

जेरूसलम/नई दिल्ली/.ए.। हमला पिछले हफ्ते हुआ और कैस्पियन सागर में इजरायल का यह पहला बड़ा एक्शन माना जा रहा है. कैस्पियन सागर दुनिया की सबसे बड़ी झील है जो रूस और ईरान के बंदरगाहों को जोड़ती है. इनके बीच की दूरी करीब 600 मील है. यह रास्ता युद्ध के समय में हथियारों के साथ-साथ गेहूं और तेल भेजने का भी बड़ा जरिया बन गया है। इजरायली सेना ने बताया कि इस हमले में बंदर अंजलि पोर्ट पर मौजूद कई चीजों को निशाना बनाया गया है. इसमें जंगी जहाज, पोर्ट का ढांचा, कमांड सेंटर और जहाजों को ठीक करने वाला शिपयार्ड शामिल है. रिपोर्ट और 'स्टोरीफुल' द्वारा चेक की गई तस्वीरों में पोर्ट पर ईरान के नेवल हेडक्वार्टर और तबाह हुए जहाजों को देखा जा सकता है. हालांकि, पोर्ट को कुल कितना नुकसान हुआ है, यह अभी पूरी तरह साफ नहीं है. इजरायल की नौसेना के पूर्व कमांडर एलीएजर मारुम ने कहा कि इस हमले का सबसे बड़ा मकसद रूस की स्मगलिंग को रोकना और ईरान को यह दिखाना है कि कैस्पियन सागर में उनका डिफेंस सिस्टम काम नहीं कर रहा। इस हमले का असर ईरान की आम जरूरतों पर भी पड़ सकता है क्योंकि इसी रास्ते से गेहूं जैसा जरूरी सामान भी आता है. इसी दौरान इजरायल ने ईरान के 'साउथ पार्स' नेचुरल गैस फील्ड पर भी हमला किया था। यह गैस फील्ड बिजली बनाने और खाद उत्पादन के लिए बहुत जरूरी है. पूर्व अमेरिकी अधिकारी एरिक रुडेनशियोल्ड का कहना है कि ड्रोन और अनाज की सप्लाई रुकने से ईरान की हालत पर बुरा असर पड़ सकता है।

ड्रोन और गोला-बारूद का बड़ा रास्ता

रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद से रूस के लिए कैस्पियन सागर का यह रास्ता बहुत जरूरी हो गया है. 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, इस रास्ते से ईरान ने रूस को 3 लाख से ज्यादा आर्टिलरी शेल्स और लगभग 10 लाख राउंड गोला-बारूद भेजा है. एक्सपर्ट्स का कहना है कि पकड़ में आने से बचने के लिए जहाज अक्सर अपना ट्रैकिंग सिस्टम बंद कर देते हैं. सीएसआईएस की एनालिस्ट मारिया स्नेगोवाया ने बताया कि पिछले साल बंदर अंजलि से होने वाली सप्लाई काफी बढ़ गई है. वहीं, एक्सपर्ट निकोल ग्रेजेवस्की ने बताया कि यह पोर्ट ईरानी ड्रोन के लिए एक मुख्य हब बन चुका है।

न्यूज गैलरी

दिल्ली में यात्री बस पलटने से दो लोगों की मौत, 23 घायल

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रीय राजधानी के करोल बाग स्थित हनुमान मंदिर के पास मंगलवार देर रात एक स्लीपर पर्यटक बस के पलट जाने से दो यात्रियों की मौत हो गयी एवं 23 घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रात एक बजकर पांच मिनट पर हुए इस हादसे में जयपुर-दिल्ली मार्ग की इस बस में करीब 30 यात्री सवार थे। बस पलटने से कई यात्री अंदर ही फंस गए।

ईरान की शर्तः बातचीत तभी संभव जब शत्रुता त्यागे अमेरिका

तेहरान/वार्ता। ईरान ने अमेरिका के साथ तत्काल किसी भी वार्ता को सिरे से खारिज कर दिया है। खातम अल-अनबिया मुख्यालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जोल्फगरी ने बुधवार को स्पष्ट किया कि बातचीत तभी संभव है जब अमेरिका अपनी आक्रामक सोच और शत्रुतापूर्ण इरादों को पूरी तरह त्याग दे। उन्होंने कहा कि ईरान की इच्छा के अनुरूप स्थितियां होने पर ही सामान्य स्थिति बहाल हो पाएगी।

अमेरिका-ईरान विवादः पाकिस्तान ने दी मध्यस्थता की पेशकश

नई दिल्ली/इस्लामाबाद/वार्ता। पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आधिकारिक रूप से वार्ता की मेजबानी का प्रस्ताव रखा है। इस बीच, ट्रंप प्रशासन ने युद्ध विराम के लिए ईरान को एक 15 सूत्री शांति योजना भेजी है। शरीफ ने कहा कि यदि दोनों देश सहमत हों, तो पाकिस्तान एक सार्थक और निर्णायक समाधान के लिए मंच प्रदान करने को तैयार है।

खाड़ी देशों में ब्रिटिश हवाई रक्षा प्रणाली की तैनाती

लंदन/वार्ता। ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों के बढ़ते खतरे को देखते हुए ब्रिटेन ने खाड़ी क्षेत्र में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने संसद में जानकारी दी कि बहरीन, कुवैत और सऊदी अरब में कम दूरी वाली हवाई रक्षा प्रणालियाँ तेजी से तैनात की जा रही हैं। इसका उद्देश्य क्षेत्र में मित्र देशों की सुरक्षा को मजबूत करना है।

महिला आरक्षण, परिसीमन का मुद्दा सरकार का विफलता छिपाने का प्रयास

नईदिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि सरकार अचानक करीब ढाई साल बाद महिला आरक्षण लागू कर परिसीमन की बात करने लगी है जिससे साफ है कि उसका यह कदम अपनी विफलताओं और पश्चिम एशिया की स्थिति के कारण उपजे ईंधन संकट से ध्यान भटकाने का एक प्रयास है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में महिला आरक्षण विधेयक को लेकर कहा कि सितंबर 2023 में नए संसद भवन का उद्घाटन 'नारी वंदन अधिनियम, 2023' यानी महिला आरक्षण विधेयक पारित करके किया गया था जिसके तहत लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों में भी महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान किया गया।

लाल सागर से 5 गुना बड़ा खतरा, वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहराया संकट

होर्मुज में ईरान को रोकना अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए बड़ी चुनौती

हूतियों के मुकाबले ईरानी सेना अधिक पेशेवर और खतरनाक

वाशिंगटन/दुबई/वार्ता। पश्चिमी सहयोगियों के सामने होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित करने की चुनौती लाल सागर के संकट से कहीं अधिक जटिल और महंगी साबित हो रही है। सैन्य विशेषज्ञों का मानना है कि यमन के हूतियों के खिलाफ अरबों डॉलर खर्च करने के बाद भी लाल सागर में मिली विफलता के बाद, अब ईरान जैसी पेशेवर सैन्य शक्ति से निपटना अमेरिका के लिए 'अग्निपरीक्षा' जैसा है।

ईरान की नई चालः 'ट्रांजिट फीस'

रिपोर्टों के अनुसार, ईरान अब इस जलमार्ग का उपयोग करने वाले जहाजों पर 'लेवी' (फीस) वसूलने पर विचार कर रहा है। 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान ने इस समुद्री 'चोकपॉइंट' को प्रभावी ढंग से ब्लॉक कर रखा है।

मुख्य विश्लेषणः क्यों मुश्किल है होर्मुज की सुरक्षा?

विशाल क्षेत्रः होर्मुज के आसपास का 'डेंजर जोन' लाल सागर के बाब-अल-मंडेब की तुलना में 5 गुना बड़ा है। इतने बड़े क्षेत्र में हर जहाज को सुरक्षा देना सैन्य रूप से लगभग असंभव है।

पेशेवर बनाम विद्रोहीः हूतियों के विपरीत, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स एक पेशेवर सेना है। उनके पास आधुनिक ड्रोन, समुद्री बारूदी सुरंगें और सटीक मिसाइलों का भंडार है।

भौगोलिक लाभः ईरान का पहाड़ी तट जलमार्ग के बिल्कुल करीब है, जिससे वह आसानी से जहाजों पर नजर रख सकता है और हमला कर सकता है।

कोई विकल्प नहींः कुवैत पेट्रोलियम के सीईओ शेख नवाफ सऊद अल-सबाह के अनुसार, होर्मुज का कोई विकल्प नहीं है। दुनिया का 20त्न तेल और गैस यहीं से गुजरता है।

अमेरिकी राजनीति और महंगाई का दबाव

ट्रंप की दुविधाः अमेरिका में नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनाव से पहले राष्ट्रपति ट्रंप दबाव में हैं। अमेरिका में पेट्रोल की कीमतें 4 प्रति गैलन तक पहुंच गई हैं, जिससे मतदाता नाराज हैं।

सैन्य हस्तक्षेपः बहरीन जैसे देश सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक साधनों (बल प्रयोग) के इस्तेमाल की वकालत कर रहे हैं, जबकि ट्रंप इस पर अब तक स्पष्ट रुख नहीं अपना पाए हैं।

लाल सागर का अनुभव

हूतियों के खिलाफ अभियान में पश्चिमी देशों ने 1 अरब डॉलर से अधिक के हथियार खर्च किए और 4 जहाज डूब गए, फिर भी शिपिंग कंपनियां उस रास्ते से जाने से डरती हैं। अब होर्मुज में इससे भी बड़े नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

1978 से कांग्रेस का आधिकारिक मुख्यालय रहा

कांग्रेस को अकबर रोड मुख्यालय खाली करने का अंतिम नोटिस

28 मार्च तक का दिया अल्टीमेटम

48 साल पुरानी विरासत पर संकट

नई दिल्ली/ए.। भारतीय राजनीति के सबसे चर्चित पतों में से एक '24 अकबर रोड' से कांग्रेस की विदाई का समय आ गया है। संपदा विभाग ने कांग्रेस पार्टी को लुटियंस दिल्ली स्थित अपने मुख्य मुख्यालय और '5 रायसीना रोड' को खाली करने का 'अंतिम बेदखली नोटिस' जारी कर दिया है। नोटिस के मुताबिक पार्टी को आगामी 28 मार्च तक दोनों परिसर पूरी तरह खाली करने होंगे।

1978 से कांग्रेस का आधिकारिक मुख्यालय रहा अकबर रोड का यह बंगला अब पार्टी के हाथ से निकलता दिख रहा है। सूत्रों के मुताबिक, यह संपदा विभाग की अंतिम चेतावनी है। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि नोटिस मात्र कुछ दिन पहले मिला है और इसमें शिफ्टिंग के लिए एक हफ्ते का समय भी नहीं दिया गया है। पार्टी इस अचानक आए नोटिस के खिलाफ कोर्ट जाने पर विचार कर रही है।

नई मंजिल 'इंदिरा भवन'

हालांकि कांग्रेस ने दिल्ली में ही अपने नए और आधुनिक कार्यालय 'इन्दिरा भवन' का निर्माण पूरा कर लिया है, लेकिन दशकों की फाइलें और व्यवस्थाएं पुराने दफ्तर से ही चल रही थीं। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार को अपने नियम सभी दलों पर समान रूप से लागू करने चाहिए और केवल कांग्रेस को निशाना बनाना राजनीति से प्रेरित है।

कोविड की वापसी? ऊर्जा संकट से बचने को एशिया का 'पुराना नुस्खा'

दक्षिण कोरिया में छोटे शावर और पाकिस्तान में स्कूल बंद

नई दिल्ली/रायटर्स। दुनिया भर में गहराते तेल संकट ने एशियाई देशों को एक बार फिर से उन नीतियों की ओर लौटने पर मजबूर कर दिया है, जो कोविड-19 महामारी के दौरान अपनाई गई थीं। मध्य-पूर्व में जारी युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी के कारण तेल की किल्लत इतनी बढ़ गई है कि कई देश अब 'वर्क फ्रॉम होम' और ऊर्जा बचत के कड़े नियमों को लागू कर रहे हैं। गौरतलब है कि एशिया अपनी जरूरत का 80त्न कच्चा तेल इसी मार्ग से मंगवाता है, जो 28 फरवरी से लगभग बंद है।

संकट से निपटने के लिए विभिन्न देशों के अनोखे कदम

दक्षिण कोरियाः सरकार ने जनता से अपील की है कि वे नहाने के समय में कटौती करें, फोन केवल दिन में चार्ज करें और वैक्यूम क्लीनर जैसे भारी उपकरणों का उपयोग केवल वीकेंड पर करें।

पाकिस्तानः ऊर्जा बचाने के उद्देश्य से स्कूलों को दो सप्ताह के लिए बंद कर दिया गया है और दफ्तरों को घर से काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

थाईलैंडः प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को सूट और टाई पहनने से बचने को कहा है ताकि एयर कंडीशनर का तापमान 25 डिग्री से ऊपर रखा जा सके। साथ ही लिफ्ट की जगह सीढ़ियों के इस्तेमाल की सलाह दी गई है।

महंगाई से राहत के लिए सरकारी खजाना खुला

ईंधन की आसमान छूती कीमतों से जनता को बचाने के लिए सरकारों ने भारी सब्सिडी का एलान किया हैः

जापानः पेट्रोल की कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए 800 अरब येन का फंड जारी किया गया है।

भारत की स्थितिः 'चिंताजनक पर नियंत्रण में'

भारत में घरेलू रसोई गैस के लिए वेटिंग पीरियड बढ़कर 35 दिन तक पहुंच गया है। केंद्र सरकार का कहना है कि स्थिति चिंताजनक जरूर है, लेकिन फिलहाल नियंत्रण में है। भारत की नजरें भी होर्मुज जलमार्ग के खुलने पर टिकी हैं।

नौ राज्यों को एफएमडी मुक्त घोषित कर डेयरी निर्यात बढ़ाने की योजनाः सरकार

नई दिल्ली (वार्ता)। देश के नौ राज्य खुरपका-मुंहपका रोग (एफएमडी) से मुक्त हो चुके हैं और उन्हें इसका प्रमाणन दिलाकर देश का डेयरी निर्यात बढ़ाने की सरकार की योजना है। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने बुधवार को राज्यसभा में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश दूध के उत्पादन में पहले स्थान पर है। इसके बावजूद डेयरी उत्पादों के निर्यात में हम पीछे हैं क्योंकि कई देशों में डेयरी निर्यात के लिए एफएमडी मुक्त प्रमाणन जरूरी है। श्री सिंह ने कहा कि साल 2014-15 में हमारा दुग्ध उत्पादन 14.63 करोड़ टन से बढ़कर 24.8 करोड़ टन हो गया है। हमारी उत्पादकता भी प्रति पशु प्रति वर्ष 1,648 किग्रा से 2,251 किग्रा हो गयी है। उन्होंने कहा, ÷खुर एवं मुख रोग (एफएमडी) के कारण अमेरिका, जापान और यूरोप जैसे बाजारों में निर्यात नहीं कर सकते हैं। ये देश एफएमडी मुक्त प्रमाणन के बिना अपने यहां किसी भी तरह के डेयरी उत्पाद के आयात अनुमति नहीं देते हैं। मंत्री ने सदन को बताया कि देश में नौ राज्य एफएमडी मुक्त हो गये हैं। इन राज्यों को विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूओएएच) से प्रमाणन दिलाने की दिशा में काम चल रहा है। इन राज्यों को एफएमडी मुक्त घोषित कर डेयरी निर्यात को बढ़ावा दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि एफएमडी की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है और अगले तीन साल में पूरे देश को एफएमडी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके टीके का पूरा खर्च केंद्र सरकार उठाती है और टीका लगाने वालों को पारिश्रमिक भी देती है। इस बीमारी को फैलने से रोकने के लिए उपाय किये गये हैं। इसके परिणाम स्वरूप साल 2019 में जहां एफएमडी रोग फैलने की 132 घटनाएं सामने आयी थीं, साल 2025 में यह मात्र 40 रह गयी।

रेस्तरां की ओर से गलत चार्ज वसूलने पर सरकार सख्त, सीसीपीए की चेतावनी

नई दिल्ली। अगर आप भी अक्सर होटल या रेस्तरां में खाना खाने जाते हैं, तो यह खबर आपके काम की हो सकती है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने बुधवार को होटल और रेस्तरां चलाने वालों को सख्त चेतावनी दी है कि वे ग्राहकों से एलपीजी चार्ज और ईंधन के खर्च की वसूली न करें। सीसीपीए ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत इन शुल्कों को अनुचित व्यापार व्यवहार करार देते हुए साफ किया मेन्यू में दर्ज कीमत के ऊपर केवल लागू कर ही जोड़े जा सकते हैं।

सरकार का यह कदम नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन पर मिली लगातार शिकायतों और मीडिया रिपोर्ट्स के बाद उठाया गया है। शिकायतों में यह बात सामने आई थी कि कई रेस्तरां मेन्यू में लिखी कीमत और लागू टैक्स के अलावा भी ग्राहकों के बिल में ईंधन के नाम पर वसूली कर रहे हैं।

सीसीपीए ने इस बात पर गंभीरता से ध्यान दिया है और पाया है कि रेस्टोरेंट्स ऐसा करके असल में सर्विस चार्ज से जुड़े मौजूदा नियमों से बचने की कोशिश कर रहे हैं। प्राधिकरण का मानना है कि इस तरह की प्रथाओं से न केवल पारदर्शिता खत्म होती है, बल्कि ग्राहकों पर बिना वजह का आर्थिक बोझ भी पड़ता है।

लागत को मेन्यू में करें शामिल, अलग से वसूली गैरकानूनी

सीसीपीए ने कहा है कि ईंधन, एलपीजी, बिजली और अन्य परिचालन खर्चे किसी भी व्यवसाय को चलाने का बुनियादी हिस्सा होते हैं। इसलिए, इन खर्चों को मेन्यू आइटम की कीमत तय करते समय ही उसमें शामिल किया जाना चाहिए। इन परिचालन लागतों को अलग से एक अनिवार्य शुल्क के रूप में वसूलना उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की धारा 2(47) के तहत अनुचित व्यापार व्यवहार माना जाएगा।

सुपरमैन बना 32 साल का फील्डर हवा में उड़कर लपका कैच

नई दिल्ली/ए.। साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेली गई 5 मैच की टी20 सीरीज को प्रोटियाज ने 3-2 से अपने नाम कर लिया. निर्णायक मुकाबले में हार के बावजूद न्यूजीलैंड के 32 साल के खिलाड़ी निक केली ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा. अपने डेब्यू में निक के बल्ले से सिर्फ 14 रन ही आए, लेकिन उनका एक शानदार कैच चर्चा का विषय बन गया है। क्राइस्टचर्च के हैग्ली ओवल मैदान पर पांचवां मैच खेला गया. इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 33 रन से करारी मात दी. इसी के साथ टीम ने ट्राफी भी अपने नाम कर ली. यह मैच दोनों ही टीमों के लिए बेहद अहम था क्योंकि यह सीरीज का फैसला करने वाला मुकाबला था. इसी के साथ इस मैच को जीतकर साउथ अफ्रीका ने सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली.

न्यूजीलैंड के निक केली ने इसी टी20 सीरीज में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था. उन्होंने पांच मैचों में केवल 57 रन बनाए. लेकिन इस पांचवें मैच में उन्होंने ऐसा कैच लपका जिसने देखने वालों को हैरान कर दिया. साउथ अफ्रीका की पारी का 16वां ओवर चल रहा था. कीवी गेंदबाज बेन सियर्स की पहली गेंद पर बल्लेबाज ने हवा में शाट खेला. गेंद काफी दूर थी और निक केली ने दौड़ना शुरू किया. उन्होंने हवा में छलांग लगाकर बाएं हाथ से एक बेहतरीन कैच पकड़ लिया। निक केली ने जिस बल्लेबाज का कैच पकड़ा, वह साउथ अफ्रीका के रूबीन हरमन थे।

'धुरंधर-2' के खिलाफ शिकायत दर्ज सिख समुदाय की भावनाएं हुई आहत

मुंबई। फिल्म 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस सफलता के बीच मुश्किलों में भी घिर गई है। इस फिल्म के मेकर्स और अभिनेता रणवीर सिंह के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत दर्ज कराने वाले संगठन का आरोप है कि फिल्म के जरिए सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत किया गया है। शिकायतकर्ता संगठन सिख्स इन महाराष्ट्र के मुताबिक फिल्म 'धुरंधर 2' के एक पोस्टर में रणवीर सिंह को पगड़ी, लंबी दाढ़ी और 'कड़ा' (कलाई पर पहना जाने वाला कंगन) पहने हुए दिखाया गया है। ये तीनों ही सिख समुदाय के पवित्र प्रतीक माने जाते हैं। इसी पोस्टर में अभिनेता को हाथ में सिगरेट पकड़े हुए भी दिखाया गया है। इस संगठन ने 17 मार्च को मुलुंड पुलिस स्टेशन में इसी मामले को लेकर शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि इस तरह के चित्रण से सिख समुदाय की धार्मिक भावनाएं गहरी आहत हुई हैं।

सिख संगठन ने फिल्म 'धुरंधर 2' के निर्देशक, निर्माता और रणवीर सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है और मामले की जांच जारी है। 'धुरंधर 2' ने छठे दिन 56.55 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है, जबकि पांचवें दिन इसने 65 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म के कुल कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 576.32 करोड़ रुपये अपने खाते में बटोर लिए हैं। वहीं 'धुरंधर 2' ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन में भी बाजी मार ली है।

न्यूज गैलरी

विधानसभा-लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगे वाहनों का होगा भुगतान

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन-2023, लोकसभा निर्वाचन-2024 और उप विधानसभा निर्वाचन-2024 के दौरान जिले के कई विधानसभा क्षेत्रों तिल्दा, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर नगर उत्तर, रायपुर नगर दक्षिण, आरंग और अभनपुर में चुनाव कार्य के लिए अधिग्रहित किए गए वाहनों के भुगतान को लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय ने महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। जिला निर्वाचन कार्यालय रायपुर के अनुसार अब तक कई वाहन मालिक अपने वाहनों का भुगतान लेने के लिए कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए हैं। इनमें स्कूल बस, विश्वविद्यालय बस के साथ-साथ छोटे वाहन जैसे स्कॉर्पियो और इनोवा आदि के मालिक शामिल हैं। ऐसे सभी वाहन मालिकों से अपील की गई है कि वे 30 मार्च 2026 को दोपहर 2 बजे तक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन कार्यालय, रायपुर के कक्ष क्रमांक 9 में उपस्थित होकर निर्वाचन पर्यवेक्षक से संपर्क करें और जरूरी दस्तावेज जमा करें। भुगतान प्राप्त करने के लिए वाहन मालिकों को आरसी बुक, वाहन अधिग्रहण आदेश, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जीएसटी नंबर और बैंक विवरण के लिए कैंसल चेक साथ लाना अनिवार्य है। निर्धारित समय सीमा में उपस्थित नहीं होने पर संबंधित राशि शासन को जमा कर दी जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी जिला निर्वाचन कार्यालय की नहीं होगी।

31 मार्च से पहले प्रॉपर्टी टैक्स भरें, वरना सीलिंग-कुर्की तय

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम ने बकायेदारों को साफ चेतावनी दी है कि, 31 मार्च 2026 से पहले अपना पूरा प्रॉपर्टी टैक्स जमा कर दें, वरना कुर्की और सीलबंदी जैसी सख्त कार्रवाई की जाएगी। तय समय सीमा के बाद बकाया राशि पर 17% अधिभार के साथ वसूली की जाएगी। निगम के राजस्व विभाग ने अपील की है कि, सभी बड़े बकायेदार तत्काल बकाया जमा कर कार्रवाई से बचें। साथ ही आम नागरिकों से भी समय पर टैक्स जमा करने की अपील की गई है, ताकि अतिरिक्त शुल्क और कार्रवाई से बचा जा सके। खास बात यह है कि लोगों की सुविधा के लिए नगर निगम के सभी 10 जोन कार्यालयों के राजस्व विभाग 31 मार्च तक छुट्टियों में भी खुले रहेंगे। 26 मार्च (रामनवमी), 28-29 मार्च (शनिवार-रविवार) और 31 मार्च (महावीर जयंती) को भी टैक्स जमा किया जा सकेगा। इसके अलावा ऑनलाइन भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है। नागरिक 'मोर रायपुर' ऐप या नगर निगम की वेबसाइट के जरिए घर बैठे आसानी से संपत्ति कर जमा कर सकते हैं। निगम ने ज्यादा से ज्यादा लोगों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है।

रायपुर में पैकेज्ड ड्रिंकिंग के दुकानों पर रेड

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में गर्मी के मौसम में गुणवत्ताहीन पेय पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिले में विशेष जांच अभियान चला रहा है। नियंत्रक दीपक कुमार अग्रवाल (आईएएस) के निर्देश पर अधिकारियों की टीम लगातार दुकानों और उत्पादन इकाइयों का निरीक्षण कर रही है। संदिग्ध उत्पादों के नमूने एकत्र किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत भाठागांव स्थित मेसर्स टीएससी सन्स एक्वाईन से एक्वा इन पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के दो नमूने लिए गए। वहीं, अग्रसेन चौक की मेसर्स सिद्धार्थ मिनरल्स से होमीप्योर और अवंती विहार कॉलोनी की मेसर्स सन प्रोडक्ट्स से सन एक्वा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। इसके अलावा बोरियाकला क्षेत्र में भी कार्रवाई करते हुए मेसर्स महेश गृह उद्योग से पार्थ लीची ड्रिंक और मेसर्स मीनाक्षी बेवरेजेस से मंगल्या पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के नमूने लिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बिलासपुर में बर्ड फ्लू, रायगढ़ में हाई अलर्ट, पोल्ट्री सेक्टर पर सख्त निगरानी

रायगढ़ /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद रायगढ़ जिले में भी प्रशासन ने सतर्कता बढ़ाते हुए हाई अलर्ट जारी कर दिया है। संभावित संक्रमण को ध्यान में रखते हुए पशु चिकित्सा विभाग और जिला प्रशासन ने पूरे जिले में पोल्ट्री फार्म और मुर्गी दुकानों की निगरानी तेज कर दी है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार बिलासपुर के कोनी स्थित सरकारी पोल्ट्री फार्म में बीते पांच दिनों के भीतर करीब पांच हजार से अधिक मुर्गे-मुर्गियों की मौत हुई थी। इसके बाद जांच के लिए भेजे गए नमूनों में मंगलवार को बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई, जिससे आसपास के जिलों में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। रायगढ़ प्रशासन ने विशेष रूप से इस तथ्य को ध्यान में रखा है कि बिलासपुर से जिले में चूजों की नियमित आपूर्ति होती है। इसी के मद्देनज़र एहतियातन अलर्ट जारी करते हुए अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि कहीं भी मुर्गियों की असामान्य मौत की स्थिति में तत्काल सूचना दी जाए। पशु चिकित्सा विभाग के फील्ड अमले द्वारा जिलेभर में पोल्ट्री फार्म और मुर्गी विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही संचालकों को साफ-सफाई, सतर्कता और किसी भी संदिग्ध स्थिति की जानकारी तुरंत प्रशासन को देने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि फरवरी 2025 में भी रायगढ़ जिले में बर्ड फ्लू के मामले सामने आ चुके हैं। उस दौरान सरकारी पोल्ट्री फार्म में लगातार पक्षियों की मौत के बाद जांच में संक्रमण की पुष्टि हुई थी, जिसके बाद नियमानुसार संक्रमित पक्षियों को नष्ट कर नियंत्रण उपाय किए गए थे। इस संबंध में सरकारी पोल्ट्री फार्म के प्रभारी डॉ. डीआर प्रधान ने बताया कि फिलहाल रायगढ़ जिले में स्थिति सामान्य है।

नक्सली पापा राव के समर्पण पर डिप्टी सीएम बोले-आगे भी बरतनी होगी सावधानी

■ 31 मार्च के बाद हैप्पी न्यू ईयर नहीं होगा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री और डिप्टी सीएम विजय शर्मा सोमवार को जगदलपुर रवाना हुए। रवाना होने से पहले उन्होंने नक्सल मोर्चे पर राज्य की बड़ी उपलब्धियों और आने वाले दिनों की रणनीति पर स्पष्ट बयान दिया। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ अब नक्सलवाद की समाप्ति के बिल्कुल अंतिम चरण में है और 31 मार्च तक इसका पूर्ण सफाया हो जाएगा। लेकिन 31 मार्च की रात कोई हैप्पी न्यू ईयर नहीं है और सुरक्षा में बिल्कुल ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

पापाराव का आज पुनर्वास

विजय शर्मा ने बताया कि कुख्यात नक्सली पापाराव आज समाज के सामने आत्मसमर्पण करने वाला है। उसके साथ 8 एके-47 और अन्य हथियार भी जमा कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की पुनर्वास नीति के सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं और नक्सली संगठन लगातार कमजोर हो रहे हैं।

30-35 नक्सली बाकी, उनका भी होगा पुनर्वास

गृहमंत्री ने कहा कि, राज्य में नक्सलवाद लगभग समाप्ति की स्थिति में पहुँच चुका है। अब मात्र 30-35 सक्रिय नक्सली बचे हैं, जिनका भी जल्द पुनर्वास सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई का नतीजा है।

वरिष्ठ नक्सल लीडरों पर भी बयान

गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि शीर्ष नक्सली नेता गणपति की लोकेशन की जानकारी वर्तमान में उपलब्ध नहीं है, जबकि मिशीर अब भी सक्रिय है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियां इन दोनों पर कड़ी निगरानी बनाए हुए हैं।

31 मार्च की रात कोई हैप्पी न्यू ईयर नहीं

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, 31 मार्च से राज्य नक्सल मुक्त होने की ओर बढ़ेगा, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि सावधानी कम हो जाएगी। 31 मार्च की रात कोई हैप्पी न्यू ईयर नहीं है, सुरक्षा में ढिलाई बिल्कुल नहीं बरती जाएगी।

लघु उद्योगों के साथ ही मिनी स्टील प्लांट, रोलिंग मिल और स्पंज आयरन का काम प्रभावित

गैस संकट से संकट में लघु उद्योग उत्पादन प्रभावित, वेल्डिंग काम बंद

■ उद्योगों में कटिंग-वेल्डिंग का काम लगभग बंद

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेशभर के एमएसएमई यानी लघु उद्योगों के साथ ही मिनी स्टील प्लांट, रोलिंग मिल और स्पंज आयरन का काम भी गैस सिलेंडर न मिलने से प्रभावित हो गया है। कटिंग के साथ वेल्डिंग का काम लगभग बंद कर दिया गया है। उत्पादन भी 30 फीसदी तक प्रभावित हो गया है। यदि आने वाले समय में सिलेंडर नहीं मिले, तो आधे से ज्यादा उत्पादन प्रभावित होगा और फिर उद्योग बंद भी करने पड़ सकते हैं। उद्योग बंद होने से जहां प्रदेश सरकार को भी राजस्व का नुकसान होगा, वहीं रोजगार पर भी असर पड़ेगा।

एलपीजी गैस सिलेंडरों को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। जहां एक तरफ घरेलू गैस सिलेंडरों को लेकर मारा मारी है, वहीं सबसे बड़ी परेशानी कमर्शियल गैस सिलेंडरों को लेकर हो रही है। हालांकि केंद्र सरकार ने राज्यों को अब 40 फीसदी तक सप्लाई करने का फैसला किया है, लेकिन इसके बाद भी कम से कम उद्योगों को सिलेंडर मिल ही नहीं रहे हैं।

एक भी नहीं मिल रहा: मिनी स्टील प्लांट के महासचिव मनीष धुप्पड़ ने कहा कि, मिनी स्टील प्लांट, रोलिंग मिलों को आज की तारीख में एक भी गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है। ऐसे में कटिंग और वेल्डिंग का काम रोक दिया गया है। जो जरूरी है, वही काम कर रहे हैं। उत्पादन 25 फीसदी तक प्रभावित हो गया है।

उत्पादन प्रभावित: उरला एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग ने बताया कि, अध्यक्ष एमएसएमई के उद्योगों को भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। उद्योग विभाग के साथ बैठक करके समस्या का समाधान करने की मांग रखी गई है। उत्पादन प्रभावित हो रहा है। आने वाले समय में सरकार के राजस्व का भी नुकसान संभव है। अश्विन गर्ग, अध्यक्ष, उरला एसोसिएशन

इन उद्योगों के लिए जरूरी: एलपीजी गैस सिलेंडर की जरूरत लघु उद्योगों में इंजीनियरिंग का काम करने वालों को ज्यादा पड़ती है। इन उद्योगों से जुड़े लोगों का कहना है कि सही संख्या का बता पाना संभव नहीं है, उद्योगों के हिसाब से किसी को एक दिन में एक सिलेंडर लगता है तो किसी को उसके काम के हिसाब से पांच से दस सिलेंडर भी लग जाते हैं। इसी के साथ मिनी स्टील प्लांट और रोलिंग मिलों में सरिया बनाने के काम आने वाले बिलेट की कटिंग करने के लिए गैस सिलेंडर की जरूरत पड़ती है।

मिनी स्टील प्लांट और रोलिंग मिल का कारोबार करने वालों के मुताबिक एक छोटे उद्योग को हर माह 15 से 25 सिलेंडरों की जरूरत पड़ती है। स्पंज आयरन उद्योग को भी गैस सिलेंडर लगते हैं। प्रदेश में 150 रोलिंग मिल, 120 मिनी स्टील प्लांट और 70 स्पंज आयरन उद्योगों के साथ भारी संख्या में एमएसएमई के उद्योग हैं। इनको सिलेंडर मिल ही नहीं पा रहे हैं।

ब्लैक में कीमत डबल से ज्यादा: कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत प्रदेश में करीब 21 सौ रुपए है, सामान्य समय में उद्योगों को इसी कीमत पर जब भी जरूरत रहती है सिलेंडर मिल जाते थे। लेकिन अब सिलेंडर मिल ही नहीं रहे हैं। ब्लैक में जरूर आज भी सिलेंडर आसानी से मिल जा रहे हैं। इसके दाम चार से पांच हजार लिए जा रहे हैं। जिन उद्योगों को ज्यादा जरूरत है, उनको ब्लैक में लेना पड़ रहा है ताकि काम न रूके।

शिकार के लिए बिछाए करंट की चपेट में आने से युवक और सियार की मौत

सरगुजा/नवप्रदेश। मैनपाट के बड़ेरा मड़वासराई जंगल से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां जंगली जानवर का शिकार करने के लिए 11 हजार केवी से अवैध हुकिंग कर बिछाए गए जे ई तार की चपेट से मूर्तांडांड निवासी युवक और एक सियार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, मैनपाट के बड़ेरा मड़वासरई के जंगल बिट क्रमांक 2355 में रवई लकड़ी लेंने जाना महंगा पड़ गया। जहां जंगली जानवर का शिकार करने 11 हजार केवी से अवैध हुकिंग कर बिछाए गए जे ई तार के चपेट में आने से बतौली के मूर्तांडांड निवासी मिश्रा यादव पिता काशी यादव उम्र लगभग 35 वर्ष को अपनी जान गंवानी पड़ गई। जबकि साथ में गए रिश्तेदार जयप्रकाश यादव, सूरज, रमेश बाल बाल बच गए। अपने रिश्तेदारों के आंखों के सामने ही युवक की तड़पकर मौत हो गई। इस घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणजन वन विभाग के कार्यप्रणाली से आक्रोशित है।

मैनपाट के घने जंगलों में बिछाया मौत का जाल:

पहले भी हो चुकी है चार भैंसों की मौत

इससे साफहै कि, जंगल में अवैध शिकार के लिए खतरनाक जाल अक्सर बिछाया जाता है। इसी करेंट के जाल में जंगल रवई लकड़ी लेने आए मिश्रा यादव भी फंस गया, जो तार में फंसकर मौके पर ही तड़पते हुए जान गंवा बैठा। जबकि उसके साथी भी तार के चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। नहीं तो उनको भी अपनी जान गंवानी पड़ती। पूर्व में भी 4 भैंसों की मौत इसी करेंट के जाल में फंसने से हो चुकी है।

कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और दोषियों के खिलाफकड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग उठ रही है। घने जंगलों में जानवरों की अवैध शिकार की बात हो या जंगलों के बीच जमीन हथियाने की बात हो। जहां ग्रामीण बिट प्रभारी और उच्च अधिकारियों की मिली भगत का आरोप लगाकर दोषियों पर करवाई की बात कर रहे हैं।

दो दिन बाद फिर बदलेगा मौसम अंधड़ और बारिश की चेतावनी

■ 30-40 किलो मिटर की रफ्तार से हवा चलेगी

■ 4 दिन राहत के बाद तापमान 2-3 डिग्री बढ़ने के आसार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में फिर बदलने वाला है मौसम। तूफान का असर कम होते ही अब गर्मी बढ़ेगी। फिलहाल प्रदेश के कई हिस्सों में पारा सामान्य से 2 से 4 डिग्री नीचे बना हुआ है। दो दिन बाद एक-दो जगहों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और 30-40 किमी की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। इसके बाद अगले 4 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है।

अब ड्राई मौसम के कारण सूरज के तेवर तीखे होने शुरू हो जाएंगे। पिछले 24 घंटों की बात करें तो मंगलवार को शुष्क मौसम बना रहा। अधिकतम तापमान राजनांदगांव में 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 17 डिग्री रहा। पूरे प्रदेश में कहीं भी बारिश नहीं हुई। मौसम विभाग के अनुसार, आज और 26 मार्च को भी मौसम शुष्क रहने की संभावना है। फिलहाल कोई विशेष चेतावनी जारी नहीं की गई है।

आज मुख्य रूप से साफ आसमान रहेगा, दोपहर या शाम तक बादल छा सकते हैं। अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, प्रदेश में फिलहाल कोई मजबूत सिस्टम सक्रिय नहीं है।

प्रेमिका से शादी की जिद में 40 फीट मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर शहर में एक युवक ने अपनी मनपसंद लड़की से शादी की जिद को लेकर ऐसा हंगामा खड़ा कर दिया। जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। करीब 40 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़कर युवक ने आत्मघाती कदम उठाने की धमकी दी, जिसके बाद पुलिस और परिजनों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। मिली जानकारी के अनुसार, मामला लुंड्रा थाना क्षेत्र के छीरोपारा का है, जहां 27 वर्षीय योगेश यादव अचानक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक ने साफ तौर पर कहा कि अगर उसकी शादी मनपसंद लड़की से नहीं कराई गई, तो वह टावर से कूदकर अपनी जान दे देगा। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस और स्थानीय लोग जुट गए। करीब 4 घंटे तक चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे के

मुनगा गांव में 25 साल से पेड़ के नीचे चल रही आंगनबाड़ी, एक छोटी दरी में बैठते हैं 40 बच्चे

■ सलवा जुडूम काल के बाद झोपड़ी हो गई नष्ट, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर मुनगा गांव में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति बेहद चिंताजनक है। पिछले कई वर्षों से यहां उचित भवन न होने के कारण खुले आसमान के नीचे, आम के एक पेड़ के तले बच्चों की शिक्षा और पोषण गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। यह तस्वीर महिला एवं बाल विकास विभाग की गंभीरता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है।

आंगनबाड़ी संचालिका के अनुसार, 1999 में यहां झोपड़ी में आंगनबाड़ी की शुरुआत हुई थी, लेकिन सलवा जुडूम काल के बाद झोपड़ी भी नष्ट हो गई, जिसके बाद से लगभग 7-8 वर्षों से आम के पेड़ के नीचे ही आंगनबाड़ी चल रही है। यहां न तो पठन-पाठन सामग्री उपलब्ध है, न बच्चों के लिए पर्याप्त जगह, न बैठने की उचित सुविधा। करीब 40 बच्चों के लिए सिर्फ एक छोटी सी दरी का इंतजाम है।

मुनगा आंगनबाड़ी में न शेड है, न सुरक्षा, न पीने के पानी की व्यवस्था, और न ही बच्चों के लिए पढ़ाई का कोई बुनियादी साधन। जिसके कारण बारिश हो, तेज धूप हो या ठंड- बच्चों की कक्षाएं इसी पेड़ के नीचे चलती हैं। यह व्यवस्था नौनिहालों की सुरक्षा और स्वास्थ्य दोनों के लिए जोखिमपूर्ण है। एक ओर सरकार बस्तर में उन्नति, सड़क, बिजली और नक्सल-मुक्त क्षेत्र का दावा करती है, लेकिन दूसरी ओर मुनगा गांव में बच्चों को पेड़ के नीचे पढ़ने की मजबूरी इन दावों पर बड़ा सवाल है। अगर विभाग और प्रशासन ने समय रहते ध्यान दिया होता, तो शायद 25 साल बाद भी बच्चे ऐसी परिस्थितियों में न पढ़ रहे होते।

हाथियों का आतंक: हाथियों का दल रिहायशी इलाके में पहुंच गया, गांव में दहशत

पत्थलगांव में 11 हाथियों के दल ने 3 घर तोड़े, फसलें रौंदी

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पत्थलगांव वन परिक्षेत्र में इन दिनों हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। तिलडेगा ग्राम पंचायत के भद्रापारा में बीती रात 11 हाथियों का दल रिहायशी इलाके में पहुंच गया, जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

दरअसल, पिछले एक माह से 11 हाथियों का दल इलाके में डेरा जमाए हुए है। बीती रात ये दल भद्रापारा पहुंचा और तीन घरों को तोड़ दिया। घर में रखा अनाज को भी हाथियों ने चट कर लिया।

इतना ही नहीं, हाथियों ने खेतों में लगी टमाटर, केला और प्याज की फसलों को भी बर्बाद कर दिया, जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

नुकसान का आकलन शुरू: घटना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। वन विभाग का अमला पूरी रात हाथियों की निगरानी करता रहा। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को लगातार समझाइश दी जा रही है कि वे हाथियों से दूर रहें और जंगल की ओर न जाएं। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

वन विभाग ने ग्रामीणों से की सतर्क रहने की अपील

वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि हाथी देखने के लिए जंगल या उनके नजदीक जाने की कोशिश न करें। क्योंकि जरा सी लापरवाही बड़ी घटना को न्योता दे सकती है। फिलहाल, गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है और वन विभाग की टीम लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है।

कोरिया जिले में दो बछड़ों का सिर काटा, तीन हिरासत में

कोरिया/नवप्रदेश। कोरिया जिले के ग्राम खाड़ा में बुधवार को दो बछड़ों का सिर कटा शव खेत में पड़ा मिला। इस घटना को लेकर हिंदू संगठनों ने थाने पहुंचकर शिकायत की और तुरंत कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने जांच के बाद बछड़ों के मालिक और उसके परिवार के तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। मामला पटना थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, पटना थाना क्षेत्र के खाड़ा गांव के हरिजनपारा के पास खेतों में दो बछड़े मृत हालत में मिले, जिससे इलाके में तनाव की स्थिति बन गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com